

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज



लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 112 | गुरुवार, 04 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्थी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया


## पाताल से भी ढूंढ निकालेंगे अपराधी, सुरक्षा से ही विकास संभव: योगी

### अपराधियों को चेतावनी, किसानों और उद्योगों के लिए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

■ गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोरखपुर से अपराधियों और माफिया तत्वों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि कोई अपराधी पाताल में भी छिपने की कोशिश करेगा तो सरकार उसे वहां से भी खोजकर निकाल लेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा और सुशासन ही विकास की बुनियाद हैं और इसी सिद्धांत पर उनकी सरकार लगातार कार्य कर रही है। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स, ईडब्ल्यूएस और एलआईजी आवासीय परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के साथ संयुक्त मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2026 का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था, औद्योगिक विकास और कृषि क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन जो लोग गरीबों के अधिकारों का हनन करेंगे, व्यापारियों को धमकाएंगे या महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करेंगे, उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने बेहद कड़े शब्दों में अपराधियों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कानून के हाथ लंबे होते हैं और सरकार अपराधियों को किसी भी स्थिति में बचने का अवसर नहीं देगी। उन्होंने कहा, "यदि कोई व्यक्ति गरीब का हक छीनने, व्यापारियों को भयभीत करने या किसी बेटी की अस्मिता पर हमला करने का दुस्साहस करता है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। वह चाहे जहां भी छिप जाए, सरकार उसे ढूंढकर कानून के कठघरे तक पहुंचाएगी।" मुख्यमंत्री के इस बयान को आगामी समय में कानून व्यवस्था को लेकर सरकार के स्पष्ट और सख्त रुख के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ये सभी युवा बिना किसी भय और असुरक्षा के माहौल में काम कर रहे हैं। यह परिवर्तन प्रदेश में स्थापित बेहतर कानून व्यवस्था और प्रशासनिक सुधारों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल निवेश आकर्षित करना नहीं बल्कि युवाओं को उनके घर के पास रोजगार उपलब्ध कराना भी है, ताकि उन्हें रोजगार की तलाश में बड़े शहरों की ओर पलायन न करना पड़े।



### अपराध और अराजकता के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 में सरकार बनने के साथ ही अपराध और अपराधियों के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" की नीति लागू की गई थी। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश में भयमुक्त वातावरण तैयार करना था ताकि आम नागरिक, व्यापारी, निवेशक और उद्योगपति बिना किसी डर के अपना कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश का सुरक्षा मॉडल पूरे देश में एक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है और अपराधियों के मन में भय पैदा हुआ है। यही कारण है कि राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है और उद्योगों का विस्तार हो रहा है।

### किसानों के लिए पहली कैबिनेट में लिया गया ऐतिहासिक निर्णय

संयुक्त मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में किसानों की कर्जमाफी का ऐतिहासिक फैसला लिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि उस समय बड़ी संख्या में किसान आर्थिक संकट और कर्ज के बोझ से जूझ रहे थे। सरकार ने उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए उन्हें राहत देने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समृद्धि के बिना राज्य का विकास संभव नहीं है। इसी सोच के तहत किसानों के हितों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।

### सुरक्षा के कारण बढ़ा निवेश और रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी प्रदेश की समृद्धि और औद्योगिक प्रगति का आधार मजबूत कानून व्यवस्था होती है। जब निवेशकों को सुरक्षा का भरोसा मिलता है, तभी उद्योग स्थापित होते हैं और रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। उन्होंने बताया कि गीडा क्षेत्र में स्थापित उद्योगों के माध्यम से लगभग 50 हजार युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है। इनमें पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ बिहार, नेपाल और देश के विभिन्न हिस्सों से आए युवा भी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खैबर पख्तूनख्वा में जवान की गोली मारकर हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने ईद की छुट्टी पर आए अर्धसैनिक बल के एक जवान की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हमला डेरा इस्माइल खान जिले के कुलाची मोड़ इलाके में हुआ और पिछले पांच दिनों में इस तरह की यह तीसरी घटना है।

### कार नदी में गिरी, एम्स के डॉक्टर समेत 3 की मौत

**जैसलमेर।** जैसलमेर से उत्तराखंड गए पर्यटकों की इनोवा कार बेकाबू होकर टिहरी में 200 मीटर नीचे अलकनंदा नदी में गिर गई। हादसे में डॉक्टर समेत 3 लोगों की मौत हो गई। एक बच्चे की हालत गंभीर है। उसे श्रीनगर बेस हॉस्पिटल लेकर गए। हादसा मंगलवार सुबह देवप्रयाग के साकनीधार स्थित 'गंगा दर्शन होटल' के पास हुआ। हादसे में जैसलमेर के दरिया नाथ बावडी निवासी डॉ. दिनेश कुमार माली, उनकी मां कमला और ड्राइवर अखिलेश की मौत हो गई। आयुष्मान उसकी गंभीर घायल है। गुड्डी देवी, बेटी नर्मदा, जाह्नवी और अश्लेषा लापता हैं। उन्हें ढूंढने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### द. अफ्रीका के उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से मिले

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति शिपोकोसा पॉलस माशातिले ने भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान मंगलवार को यहां उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, कौशल विकास, रक्षा सहयोग और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति के साथ वरिष्ठ मंत्रियों और सरकारी अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी मौजद था।

### सूरत के पास दो बसों में भिड़ंत सात लोगों की मौत

**सूरत।** गुजरात के सूरत जिले में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बारडोली शहर के पास महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की दो बसें आपस में टकरा गई। इस हादसे में सात लोगों की जान चली गई और 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना बारडोली तालुका के उवा गांव के पास नेशनल हाईवे 53 पर हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक बस सड़क पर ही पलट गई और उसमें भीषण आग लग गई। आग लगने की वजह से कई यात्री बस के अंदर ही फंस गए। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और तुरंत राहत कार्य शुरू किया गया।

## दिल्ली होटल अग्निकांड में 21 की मौत, गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज







» कई विदेशी नागरिकों की मौत
» एलजी ने दिए व्यापक जांच और सुरक्षा ऑडिट के आदेश
» धुएं और लपटों के बीच चला रेस्क्यू ऑपरेशन

■ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में बुधवार सुबह लगी भीषण आग में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 से अधिक लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। मृतकों में बड़ी संख्या विदेशी नागरिकों की बताई जा रही है, जिनमें मुख्य रूप से मध्य एशिया और अफ्रीकी देशों के लोग शामिल हैं। हादसे के बाद दिल्ली पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या (कपेबल होमिसाइड) का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। दिल्ली अग्निशमन सेवा, पुलिस और अन्य राहत एजेंसियों ने संयुक्त रूप से बचाव अभियान चलाकर होटल में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। होटल में आग लगने के बाद कुछ ही मिनटों में पूरा भवन घने धुएं और तेज लपटों से घिर गया। बचाव अभियान के दौरान मालवीय नगर थाने के पुलिसकर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

### पीएम मोदी ने जताया शोक



प्रधानमंत्री ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए प्रशासन को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## पूर्वांचल में खुशहाली-हरियाली लाएगा कृषि विश्वविद्यालय

■ योगी ने किया निर्माणाधीन कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि का निरीक्षण

■ कुशीनगर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुशीनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 450 करोड़ से बनने वाला यह विश्वविद्यालय पूर्वांचल के किसानों के जीवन में खुशहाली लाने और उनकी आय बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। सरकार की मंशा है कि विश्वविद्यालय समय पर बने और चले। इस प्रोजेक्ट को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाएगा। उम्मीद है कि सितंबर-अक्टूबर में इसके उद्घाटन के लिए आएंगे। उससे पहले कृषि मंत्री सत्र प्रारंभ करने के लिए सभी औपचारिकताओं को पूरा करने यहां आएंगे, जिससे कुशीनगर में भी कृषि विश्वविद्यालय प्रारंभ हो सके। पत्रकारवार्ता के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कुशीनगर के सांसद विजय दुबे, गोरखपुर के सांसद रवि किशन, विधायक मोहन वर्मा, विवेकानंद पांडेय आदि मौजूद रहे।

### कुशीनगर अब विकास के नए प्रतिमान को स्थापित कर रहा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशीनगर अब पिछड़ा जनपद नहीं है, बल्कि यह बीमारी, उपद्रव, अराजकता से मुक्त है। यहां आपराधिक गतिविधियां व माफियागिरी बंद हुई है। यहां इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह समाप्त किया जा चुका है। कुशीनगर अब उत्सवपूर्ण माहौल में विकास के नित नए प्रतिमान को स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां मेडिकल कॉलेज, प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना, नए हाईवे, फोरलेन-टूलेन सड़कों का निर्माण हो रहा है। गोरखपुर-सिलीगुड़ी मार्ग भी कुशीनगर होते हुए निकल रहा है। कुशीनगर विकास की अनंत संभावनाओं को लेकर चल रहा है।

### लोखंडे प्रसाद सीताराम सीबीएसई के नए चेयरमैन

## सीबीएसई के चेयरमैन और सचिव का तबादला, जांच समिति गठित

■ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का नया प्रमुख नियुक्त किया है। इस संबंध में सरकार की ओर से आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है। लोखंडे प्रशांत सीताराम 2001 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें शिक्षा प्रशासन और नीति निर्माण के क्षेत्र में लंबे अनुभव के आधार पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं वरुण भारद्वाज को सीबीएसई का सचिव नियुक्त किया गया है। सरकार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, वह तत्काल प्रभाव से सीबीएसई प्रमुख का पद संभालेंगे। उनके नेतृत्व में बोर्ड की परीक्षा व्यवस्था, डिजिटल शिक्षा और नई शिक्षा नीति से जुड़े अहम सुधारों को आगे बढ़ाए जाने की उम्मीद है। सीबीएसई देश का सबसे बड़ा स्कूली शिक्षा बोर्ड है, जिसके तहत देश और विदेश के हजारों स्कूल संबद्ध हैं। बोर्ड हर साल 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं आयोजित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश के बाद सीबीएसई के अध्यक्ष राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है जबकि ओएसएम से जुडे टेंडर मामले की जांच के लिए भी एक सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। जिसका जिम्मा कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की अध्यक्ष एस. राधा चौहान को सौंपा गया है।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो जगह बादल फटे

■ नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के गहन सरथल और माछीपाल इलाके में मंगलवार को बादल फटे है। सांसद और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के मुताबिक, रेड क्रॉस, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें मौके पर भेजी गई हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। इधर, मौसम विभाग ने बताया कि मानसून 4 जून को केरलम् के तट पर पहुंच सकता है। पहले 26 मई को केरलम् पहुंचने का अनुमान था। मानसून आमतौर पर 1 जून के आसपास केरलम पहुंचता है और अगले डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर करता है। 23 राज्यों में जून की शुरुआत के साथ गर्मी से राहत मिली है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश, हरियाणा और बिहार के कई इलाकों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हुई। कई जगह बादल छाने से तापमान सामान्य से नीचे दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के नीमच में सोमवार रात मकान की छत ढहने से मां-बेटे की मौत हो गई। वहीं, राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर में दीवार ढहने से दो बच्चों सहित 3 लोगों की मौत हो गई।

## लखनऊ में मामा ने भांजे की हत्या की: शराब पार्टी के बहाने बुलाकर गला घोंटा, केले के खेत में फेंका शव


■ लखनऊ

लखनऊ में आइसक्रीम पॉर्लर संचालक की रिश्ते के मामा ने हत्या कर दी। उसका शव केले के खेत में फेंक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आरोपी मामा को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना इटौंजा थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव की है। मृतक सचिन सिंह (22) साल इंद्रपुरी कॉलोनी, मड़ियांव का रहने वाला था। सोमवार रात करीब 9 बजे अपने रिश्ते के मामा ब्रजेश सिंह के साथ उसके गांव अकबरपुर आया था। मंगलवार सुबह सचिन सिंह का शव ब्रजेश के केले के खेत में मिला। मौके से शराब की बोतल भी बरामद हुई। पुलिस की पूछताछ में आया है कि दोनों ने साथ में शराब पार्टी की। इस दौरान किसी बात पर हुए विवाद के बाद मामा ने भांजे का गला घोंटकर हत्या कर दी। हालांकि, हत्या की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हुई।

### सूर्या चौहान हत्याकांड के बाद कार्रवाई तेज

## सरकारी जमीन पर बने मदरसे पर चला बुलडोजर

■ गाजियाबाद



सूर्या चौहान हत्याकांड के बाद गाजियाबाद में अवैध निर्माणों और अवैध मदरसों के खिलाफ प्रशासन का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को डासना क्षेत्र के कल्लूगढ़ी गांव में सरकारी भूमि पर बने एक मदरसे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। भारी पुलिस बल, पीएसी और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मदरसे के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया को अंजाम दिया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, संबंधित मदरसा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से निर्मित पाया गया था। नोटिस और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। कार्रवाई की निगरानी स्वयं गाजियाबाद के जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड़ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने की। अधिकारियों ने बताया कि जिले में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों और बिना अनुमति संचालित संस्थानों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि कानून के दायरे में रहते हुए अवैध निर्माणों को हटाने का कार्य आगे भी जारी रहेगा। गौरतलब है कि इससे पहले खोड़ा क्षेत्र में प्रशासन ने दो मदरसों को सील करने की कार्रवाई की थी। जांच के दौरान इन संस्थानों से जुड़े दस्तावेजों और संचालन संबंधी नियमों की समीक्षा की गई थी। इसके बाद प्रशासन ने नियमों के उल्लंघन और आवश्यक अनुमति के अभाव में कार्रवाई की थी। सूर्या चौहान हत्याकांड के बाद जिले में सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है।

## करोड़पति परिवार के चार लोगों की हत्या, घर से मिला रहस्यमयी संदेश

» गत्ते पर लिखा मिला- 'बंटी, बबली और बहू ने मारा', पुलिस जांच में जुटी

■ प्रयागराज



प्रयागराज के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित साउथ मलाका इलाके में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या से सनसनी फैल गई। मृतकों में दंपती, उनका बेटा और बेटी शामिल हैं। घटना का खुलासा तब हुआ जब मकान से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और अंदर प्रवेश किया, जहां चार शव बरामद हुए।

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान वीरेंद्र कुमार वैश्य (70), उनकी पत्नी अनीता वैश्य (65), बेटी मीनाक्षी वैश्य (40) और बेटे अभिषेक वैश्य (38) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सभी की हत्या किसी भारी वस्तु से सिर पर वार कर किए जाने की आशंका जताई जा रही है। घटनास्थल पर खून के निशान सूख चुके थे, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्या कई घंटे पहले की गई थी। जांच के दौरान पुलिस को एक कमरे से गत्ते का टुकड़ा मिला, जिस पर लिखा था, 'बंटी, बबली और बहू ने मारा।' इस संदेश ने पूरे मामले को और रहस्यमय बना दिया है। पुलिस इस लिखावट और इसमें दर्ज नामों की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि यह संदेश हत्यारों की ओर इशारा हो सकता है या फिर जांच को भ्रमित करने का प्रयास भी हो सकता है।

### करोड़ों की संपत्ति का मालिक था परिवार

वीरेंद्र कुमार वैश्य इलाके के प्रतिष्ठित और संपन्न कारोबारी माने जाते थे। उनका हीवेट रोड चौराहे पर दो मंजिला मकान है, जिसके निचले हिस्से में 14 दुकानें बनी हुई हैं। इनमें से 13 दुकानें किराए पर दी गई थीं, जबकि एक दुकान में उनकी बेटी मीनाक्षी गिफ्ट आइटम्स का कारोबार करती थी। वीरेंद्र भी अक्सर उसी दुकान पर बैठते थे।

## नेपाल से सीमा विवाद में तीसरे पक्ष का दखल बर्दाश्त नहीं

■ नई दिल्ली

**भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत-नेपाल सीमा से जुड़े नेपाली प्रधानमंत्री बालेन शाह के हालिया बयान पर दो टूक कहा कि सीमा का मामला दोनों देशों के बीच का विषय है। इसमें किसी तीसरे पक्ष का दखल बर्दास्त नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच करीब 98 प्रतिशत सीमा का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है, लेकिन कुछ हिस्सों पर अभी भी सहमति बननी बाकी है। उन्होंने बताया कि गंडक नदी का रास्ता बदलने की वजह से कुछ इलाकों में सीमा से जुड़े सवाल पैदा हुए हैं। इसके अलावा, कुछ जगहों पर सीमा पार कब्जे और नो-मैन्स लैंड पर अतिक्रमण के मामले भी हैं, जिनकी दोनों देश मिलकर मैपिंग कर रहे हैं।**



विदेश मंत्रालय के अनुसार, सीमा से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा और समाधान के लिए भारत और नेपाल के बीच पहले से द्विपक्षीय तंत्र मौजूद हैं। भारत-नेपाल सीमा का मामला दोनों देशों के बीच का विषय है और इसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है।

दरअसल नेपाली प्रधानमंत्री बालेन शाह ने हाल ही में नेपाल की संसद में कहा था कि सीमा विवाद से जुड़े मुद्दे बातचीत से सुलझाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि इस मामले में ब्रिटेन की भूमिका हो सकती है क्योंकि 1816 की सुगौली की संधि ब्रिटिश भारत और नेपाल के बीच हुई थी।

### 'जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग'

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को पाकिस्तान और यूरोपीय संघ के संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर को लेकर की गई टिप्पणी पर भारत ने सख्त प्रतिक्रिया दी। मंत्रालय ने कहा कि ऐसे बयान भारत के आंतरिक मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप हैं। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। जिनका इस मुद्दे पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है, उन्हें इस पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। जायसवाल ने बताया कि वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज का भारत दौरा अब 3 से 7 जून के बीच होगा। उनका पहले 1 जून को अंतरराष्ट्रीय बिग कैट्स गठबंधन सम्मलेन में आने का कार्यक्रम था। लेकिन इसे टाल दिया गया था। प्रवक्ता ने बताया, इस दौरे में उनके साथ कई मंत्री भी आएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर ऊर्जा, व्यापार, निवेश, दवा, स्वास्थ्य, परिवहन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा करेंगे। यह उनका भारत का छठा दौरा होगा और भारत-वेनेजुएला संबंधों को और मजबूत करने पर भी बात होगी।

### बांग्लादेश के साथ नदी विवाद

बांग्लादेश के साथ नदी विवादों पर मंत्रालय ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच 54 नदियां साझा हैं। इन मुद्दों को सुलझाने के लिए एक संयुक्त नदी आयोग काम कर रहा है। सभी मामलों को इसी ढांचे के तहत बातचीत से हल किया जा रहा है। वहीं अमेरिका से 30 भारतीय ट्रक ड्राइवरों के निर्वासन की खबरों पर मंत्रालय ने कहा कि भारत अवैध प्रवासन का समर्थन नहीं करता। जब भी ऐसे मामले आते हैं, भारत अमेरिका के साथ सहयोग करता है, नागरिकता की जांच करता है और पुष्टि होने पर अपने नागरिकों को वापस लेता है।

# साध्वी प्राची ने सूर्या हत्याकांड को लेकर दी तीखी प्रतिक्रिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** विश्व हिंदू परिषद की नेता और हिंदुत्ववादी वक्ता साध्वी प्राची ने बुधवार को बरेली के सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान गाजियाबाद के सूर्या चैहान हत्याकांड को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने हिंदू समाज से सतर्क रहने की अपील करते हुए कई विवादित बयान दिए। साथ ही अपराध, मदरसे, एनकाउंटर, विपक्ष और महंगाई जैसे मुद्दों पर भी खुलकर अपनी राय रखी।

साध्वी प्राची ने कहा कि गाजियाबाद में सूर्या चैहान की हत्या से वह बेहद आहत हैं। उन्होंने हिंदू समाज से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों और परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता दें तथा अनजान लोगों पर आंख बंद कर भरोसा न करें। खोड़ा क्षेत्र का जिक्र करते हुए साध्वी प्राची ने दावा किया कि वहां संदिग्ध गतिविधियां संचालित होती हैं और अवैध मदरसे व मस्जिदें चल रही हैं।

उन्होंने कहा कि सूर्या हत्याकांड के बाद कई लोग क्षेत्र छोड़कर चले गए, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सूर्या हत्याकांड के सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। साध्वी प्राची ने कहा कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए और पूरे नेटवर्क की जांच



सर्किट हाउस में मौजूद साध्वी प्राची। -जागरण मोर्चा

होनी चाहिए।

**आईआईटीयन बाबा की गिरफ्तारी का किया समर्थन :** मथुरा में युवतियों के कथित शोषण के आरोप में गिरफ्तार किए गए आईआईटीयन बाबा अभिषेक मिश्रा के मामले में साध्वी प्राची ने कहा कि ऐसे लोगों की जगह जेल में है। उन्होंने कहा कि धर्म और अध्यात्म की आड़ में गलत काम करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं पेट्रोल-डीजल और खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के सवाल पर साध्वी प्राची ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों का असर हर देश पर पड़ रहा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और विपक्ष केवल राजनीतिक लाभ के लिए मुद्दों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है।

**हिंदुओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह :** साध्वी प्राची ने कहा कि लोगों को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आत्मरक्षा को महत्व देने की अपील की और कहा कि सुरक्षा के प्रति जागरूकता समय की आवश्यकता है। वहीं उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में हुए एनकाउंटरों पर विपक्ष की ओर से उठाए जा रहे सवालों के जवाब में साध्वी प्राची ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई का विरोध नहीं होना चाहिए। उन्होंने समाजवादी पार्टी और विपक्षी नेताओं पर अपराधियों के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया।

**अपराध बढ़ने पर सिस्टम में घुसपैठ का लगाया आरोप :** प्रदेश में बढ़ते अपराध के सवाल पर साध्वी प्राची ने कहा कि व्यवस्था के भीतर मौजूद कुछ तत्व अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से ऐसे लोगों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की। साध्वी प्राची ने विपक्ष पर लगातार साजिशें रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब जागरूक है और राष्ट्रहित के मुद्दों पर सही निर्णय ले रही है।

# बरेली में पकड़ा सॉल्वर, डेढ़ लाख में सौदा कर दूसरे की जगह देने आया था परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर (टीजीटी) परीक्षा के पहले ही दिन बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर एक युवक दूसरे अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देता हुआ पकड़ा गया। आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि परीक्षा देने का सौदा डेढ़ लाख रुपये में तय हुआ था।

बुधवार को पहली पाली के दौरान सुरक्षा एजेंसी की बायोमेट्रिक जांच में युवक की पहचान संदिग्ध पाई गई। जांच में पता चला कि पकड़ा गया युवक आजमगढ़ निवासी प्रमोद है, जो विमल सिंह नामक अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचा था। आरोपी ने दूसरे के आधार कार्ड पर अपना फोटो लगाकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने का प्रयास किया था, लेकिन बायोमेट्रिक मिलान में उसकी पोल खुल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को



कोतवाली में पुलिस की हिरासत में आरोपी सॉल्वर। -जागरण मोर्चा

हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। पूछताछ में प्रमोद ने स्वीकार किया कि परीक्षा देने के बदले उसे डेढ़ लाख रुपये मिलने थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस सौदे के पीछे कौन लोग शामिल हैं और कहीं कोई बड़ा सॉल्वर गिरोह तो सक्रिय नहीं है। जांच पूरी होने तक आरोपी को मीडिया से दूर रखा गया है। साथ ही फरार असली अभ्यर्थी विमल कुमार की तलाश में भी पुलिस जुट गई है। जिले में टीजीटी परीक्षा के लिए 20 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो दिनों में चार पालियों में आयोजित की जा रही है। कुल 32,365 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने के लिए पंजीकृत हैं।

प्रशासन ने परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। इसके बावजूद पहले ही दिन सॉल्वर के पकड़े जाने से सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल उठने लगे हैं। चार जोन में बांटी गई थी निगरानी परीक्षा की निगरानी के लिए प्रशासन ने पूरे जिले को चार जोन में विभाजित किया था। बरेली कॉलेज केंद्र पर अपर जिलाधिकारी (शहर) अविनाश त्रिपाठी को नोडल अधिकारी बनाया गया था। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी (वित्त), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), नगर मजिस्ट्रेट और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उपायुक्त को विभिन्न जोनों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### परीक्षा खत्म होते ही सड़कों पर लगा जाम

पहली पाली सुबह नौ बजे शुरू होकर 11:30 बजे समाप्त हुई। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र का स्तर सामान्य बताया। वहीं परीक्षा समाप्त होने के बाद बरेली कॉलेज समेत कई केंद्रों के बाहर भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बन गई। रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस अड्डे पर भी अभ्यर्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। पुलिस और प्रशासन को यातायात व्यवस्था संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# बड़े ठेकेदार पर बीडीए की बड़ी कार्रवाई, चार साल में नहीं बना कन्वेंशन सेंटर, आठ बार मोहलत के बाद सत्य साईं बिल्डर डिबार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रामगंगा नगर आवासीय योजना में वर्षों से अधर में लटकी कन्वेंशन सेंटर परियोजना पर आखिरकार बरेली विकास प्राधिकरण ने सख्त कार्रवाई कर दी। निर्माण कार्य में लगातार देरी, चेतावनियों और जुर्माने के बावजूद प्रगति न होने पर बीडीए ने कार्यदायी संस्था सत्य साईं बिल्डर्स एंड कांट्रेक्टर को डिबार कर दिया है। चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र निर्माण पूरा नहीं किया गया तो कंपनी को ब्लैकलिस्ट भी कर दिया जाएगा।

रामगंगा नगर आवासीय योजना के सेक्टर-8 में वर्ष 2022 से करीब 29 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। परियोजना को जून-2025 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया था, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। बीडीए ने कार्यदायी संस्था को आठ बार कार्य विस्तार दिया, लेकिन जनवरी-2026 की अंतिम समयसीमा भी बेअसर साबित हुई। बीडीए उपाध्यक्ष के अनुसार निर्माण कार्य में लगातार देरी को लेकर एजेंसी को पांच बार जुर्माना लगाया गया और कई चेतावनी नोटिस भी जारी किए गए। इसके बावजूद निर्माण की गति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। मई-2026 तक भी परियोजना अधूरी रहने पर प्राधिकरण ने कठोर रुख अपनाते हुए संस्था को डिबार कर दिया। निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर में स्वीमिंग पूल, 200 लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम, 20 अतिथि कक्ष, 300 वाहनों की पार्किंग, विशाल लॉन एरिया, किचन और अन्य आधुनिक सुविधाएं विकसित की जानी हैं।

डिबार किए जाने के बाद सत्य साईं बिल्डर्स एंड कांट्रेक्टर बीडीए की किसी भी नई निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगी। बीडीए उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि विकास कार्यों में लापरवाही करने वाली एजेंसियों के खिलाफ अब जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। कन्वेंशन सेंटर प्रकरण को बीडीए प्रशासन का बड़ा अनुशासनात्मक कदम माना जा रहा है। प्राधिकरण ने संकेत दे दिया है कि सार्वजनिक परियोजनाओं में देरी और लापरवाही अब किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

## सार संक्षेप

### आदित्य मित्तल ने जेईई एडवांस में किया विद्यालय का नाम रोशन

**बरेली।** गुलाब राय मॉन्टेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नैनीताल रोड ब्रांच बरेली



की कक्षा 12 के छात्र आदित्य मित्तल ने जेईई एडवांस में सीआरएल रैंक 4210 पाकर देश की कई प्रतिष्ठित टियर सेकेंड आईआईटी में अपनी सीट सुनिश्चित कर ली है। विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली, निदेशक त्रिजित अग्रवाल और प्रधानाचार्य रणवीर सिंह रावत ने आदित्य की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया है।

### पुलिस ने सेक्स रैकेट का पर्दाफाश, लड़कियां बुलाकर मकान मालिक करता था गंदा धंधा, महिला समेत गिरफ्तार

**बरेली।** नवाबगंज पुलिस सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए मौके से मकान मालिक समेत एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपी अपने मकान को देह व्यापार के लिए इस्तेमाल कर ग्राहकों से मोटी रकम वसूल रहा था। मौके से नकदी, मोबाइल फोन और अन्य सामग्री भी बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक बुधवार को सूचना मिली कि ग्राम बिजौरिया रेलवे क्रॉसिंग से आगे कुंडरा कोठी मार्ग पर शिव मंदिर के पास धर्मकांटे के नजदीक जंगल में स्थित एक मकान में अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सूचना मिलते ही सीओ नवाबगंज के आदेश पर पुलिस टीम गठित कर मौके पर छापा मारा गया। दबिश के दौरान पुलिस ने मकान मालिक 35 वर्षीय कौशल शर्मा उर्फ गुड्डू पंडित निवासी मियांपुर, थाना नवाबगंज और 26 वर्षीय निशा निवासी राजेंद्र नगर, थाना प्रेमनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि दोनों आपत्तिजनक स्थिति में मिले। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मकान मालिक कथित रूप से महिलाओं को बुलाकर ग्राहकों से रुपये लेकर कमरे उपलब्ध कराता था। आरोप है कि सड़क से गुजरने वाले लोगों को इशारों के जरिए बुलाकर देह व्यापार कराया जाता था। पुलिस ने मौके से 1900 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और अन्य सामग्री बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी कौशल शर्मा उर्फ गुड्डू पंडित के खिलाफ पहले भी नवाबगंज थाने में आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज हो चुका है। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। इस मामले में थाना नवाबगंज में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बीडीए ने ध्वस्त की निर्माणाधीन अवैध कालोनी



**बरेली।** बुधवार को बरेली विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम द्वारा थाना इज्जतनगर में अवैध कालोनी के विरूद्व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। तौफीक द्वारा ग्राम खजुरिया थाना इज्जतनगर, बरेली में लगभग 7000 वर्गमी0 एवं 5000 वर्गमी0 कुल क्षेत्रफल 12000 वर्गमी0 में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के भूखण्डों का चिन्हांकन, सड़क एवं बाउन्ड्रीवाल आदि का कार्य करते हुए अवैध कालोनी का निर्माण-विकास कार्य कराया जा रहा था। उक्त अवैध कालोनी के विरूद्व उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की सुंसगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए प्राधिकरण के सहायक अभियन्ता विनोद कुमार, अवर अभियन्ता अजीत कुमार साहनी एवं प्रवर्तन टीम की उपस्थिति में अवैध कालोनी के विरूद्व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

# एसएसपी ने चौकी इंचार्ज को किया सस्पेंड

## हिस्ट्रीशीटर की निगरानी में मिली लापरवाही, कई और इंचार्ज रडार पर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** अपराधियों की निगरानी और कानून-व्यवस्था को लेकर लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। एसएसपी अनुराग आर्य ने गूगल मीट पर चल रही डेली समीक्षा बैठक के दौरान ही एक चैकी प्रभारी को हिस्ट्रीशीटर अपराधी की निगरानी में लापरवाही, अपराध नियंत्रण में कमजोर प्रदर्शन और विवेचनाओं के निस्तारण में सुस्ती को लेकर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दे दिए। सोमवार रात आठ बजे आयोजित ऑनलाइन समीक्षा बैठक में एसएसपी अनुराग आर्य जिले के सभी पुलिस अधीक्षकों, क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ कानून-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण की समीक्षा कर रहे थे। इसी दौरान थाना सुभाषनगर क्षेत्र की करगैना चैकी के कार्यों की समीक्षा में गंभीर खामियां सामने आईं। जांच में पाया गया कि चैकी प्रभारी हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी में अपेक्षित सतर्कता नहीं बरत रहे थे। समीक्षा में सामने आया कि बारादरी क्षेत्र में चलती बाइक से मोबाइल और पर्स छीनने के मामले में गिरफ्तार अजय साहू का नाम बाद में इज्जतनगर क्षेत्र की एक अन्य छिनैती घटना में भी प्रकाश में आया। जांच में पता चला कि अजय साहू थाना सुभाषनगर का हिस्ट्रीशीटर है और उसके विरुद्ध हिस्ट्रीशीट संचालित है। इसके बावजूद उसकी नियमित निगरानी नहीं की गई और यक्ष एप के एसओपी के अनुसार आवश्यक कार्रवाई भी नहीं की गई। इसके अलावा करगैना चैकी प्रभारी राजेन्द्र सिंह सिरोही ने अपराध नियंत्रण व मामलों की विवेचना में भी लापरवाही की।

### विवेचनाओं में मिली लापरवाही

एसएसपी की समीक्षा में यह भी सामने आया कि अप्रैल माह में आवंटित 35 विवेचनाओं में से केवल 11 का ही निस्तारण किया गया। इसके अलावा आयुध अधिनियम, जुआ अधिनियम, वाहन सीजर, 110जी और 34 पुलिस अधिनियम के तहत भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। अपराध नियंत्रण और निरोधात्मक कार्रवाई के मोर्चे पर भी प्रदर्शन बेहद कमजोर पाया गया। गूगल मीट के दौरान हुई यह कार्रवाई पूरे पुलिस विभाग के लिए बड़ा संदेश मानी जा रही है। एसएसपी ने साफ कर दिया है कि अपराधियों की निगरानी, विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण और कानून-व्यवस्था के मामलों में किसी भी स्तर की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# स्वास्थ्य और पर्यावरण की ओर एक सकारात्मक कदम विश्व साइकिल दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** हर वर्ष 3 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को साइकिल के महत्व के प्रति जागरूक करना और इसके उपयोग को बढ़ावा देना है। साइकिल एक ऐसा साधन है जो न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

संजीव मेहरोत्रा ने बताया कि आज के समय में बढ़ते प्रदूषण, ट्रैफिक जाम और ईंधन की बढ़ती कीमतों के बीच साइकिल एक सरल, सस्ती और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प के रूप में उभरकर सामने आई है। साइकिल चलाने से किसी प्रकार का धुआँ या प्रदूषण नहीं फैलता, जिससे वायु की गुणवत्ता बेहतर बनी रहती है। यही कारण है कि दुनिया भर में लोगों को छोटी दूरी के लिए साइकिल का अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साइकिल स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी है। नियमित रूप से साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ रहता है। विश्व साइकिल दिवस की शुरुआत वर्ष 2018 में यूनाईटेड नेशनल द्वारा की गई थी। इस दिन विभिन्न देशों में साइकिल रैलियाँ, जागरूकता अभियान और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

आज जब पूरी दुनिया सतत विकास और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में प्रयास कर रही है, तब साइकिल का महत्व और भी बढ़ जाता है। अंततः विश्व साइकिल दिवस हमें यह संदेश देता है कि छोटी-छोटी आदतें भी बड़े बदलाव ला सकती हैं।यदि हम अपने दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा दें, तो हम एक स्वस्थ समाज, स्वच्छ पर्यावरण और बेहतर भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है।

# सपा की महानगर उपाध्यक्ष समयून खान ने भरी हुंकार

## महिला अपराध और बढ़ती महंगाई के खिलाफ किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** समाजवादी पार्टी की महानगर उपाध्यक्ष समयून खान ने देश में बढ़ती महंगाई और उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रहे महिला अपराधों को लेकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार को कठघरे में खड़ा किया।

उन्होंने कहा कि सरकार जनता को राहत देने में नाकाम साबित हो रही है, जबकि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे दावे जमीनी स्तर पर खोखले नजर आ रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया कि पेट्रोल, डीजल और घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडरों की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी, मजदूर,



सपा की महानगर उपाध्यक्ष समयून खान कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन करती।

छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है। समयून खान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं और बेटियों के खिलाफ अपराध चिंताजनक गति से बढ़ रहे हैं। सरकार महिला सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन आए दिन सामने आ रही घटनाएं इन दावों की सच्चाई उजागर कर रही हैं। ज्ञापन के माध्यम से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी के बढ़े हुए दाम तत्काल वापस लेने, कमर्शियल गैस सिलेंडर सस्ता करने तथा महिला अपराधों पर सख्ती से अंकुश लगाने की मांग की गई। समयून खान ने कहा कि जनता अब वादों और विज्ञापनों से नहीं, बल्कि धरातल पर दिखाई देने वाले परिणामों से सरकार का आकलन करेगी।






विश्व साइकिल दिवस | छावनी परिषद की ऊर्जावान एवं कर्मठ सीईओ डॉ. तनु जैन ने किया कार्यक्रम का नेतृत्व

# बरेली छावनी परिषद की अनूठी पहल, 108 छात्राओं को मिली नि:शुल्क साइकिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर छावनी परिषद बरेली द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की 108 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व छावनी परिषद की ऊर्जावान एवं कर्मठ सीईओ डॉ. तनु जैन ने किया।

डॉ. तनु जैन ने कहा कि साइकिल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि छात्राओं के लिए शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का माध्यम है। साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी तथा उनका समय और ऊर्जा दोनों बचेंगे। इस पुनीत



विश्व साइकिल दिवस पर छावनी परिषद में साइकिल के साथ छात्राएं। -जागरण मोर्चा

कार्य में रोटरी क्लब बरेली, यूनियन बैंक, चैंबर ऑफ कॉमर्स, नटराज सिनेमा एवं बी.एल. एग्रो सहित विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक संस्थाओं ने सहयोग करते हुए साइकिलें उपलब्ध कराईं। कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्यावरण संरक्षण तथा डीजल-पेट्रोल बचाओ की सोच से भी जोड़ा गया। वक्ताओं ने कहा कि साइकिल का अधिक उपयोग न केवल ईंधन की बचत करता है बल्कि प्रदूषण कम करने, स्वास्थ्य सुधारने और हरित भारत के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज के कार्यक्रम में रोटरी क्लब के डा मनीष यूनियन बैंक के उप क्षेत्र प्रमुख राहुल सिंह, चैंबर ऑफ कॉमर्स के राजेश गुप्ता, नटराज सिनेमा से जिशान आलोक, विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना मिश्रा, छावनी परिषद के निधि पाठक, मनोज यादव, मनोज तिवारी, अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीधर शुक्ला ने किया।

# आकाशवाणी बरेली के स्थानीय केंद्राध्यक्ष बने मिथिलेश श्रीवास्तव

**बरेली।** बहुमुखी प्रतिभा के धनी शहीदों की धरती जिला बलिया के ग्राम लोहता तहसील रसड़ा के मूल निवासी मिथिलेश श्रीवास्तव आकाशवाणी बरेली के स्थानीय केंद्राध्यक्ष प्रसार भारती द्वारा नियुक्त किए गए हैं। मिथिलेश श्रीवास्तव हिंदी साहित्य और राजनीति विज्ञान में



इलाहाबाद विश्व विद्यालय से स्नातक हैं। आपने पत्रकारिता के विभिन्न संस्थानों लोकमत, इंडिया न्यूज टी.वी., जनता टी.वी., फोकस टी.वी., दैनिक जागरण आदि में रिपोर्टर, एंकर, प्रोड्यूसर, न्यूज हेड आदि के रूप में अपनी कार्यकुशलता का लोहा मनवाया है। प्रसार भारती के प्रसारण अधिकारी के पद पर 24 अप्रैल 2015 को आपकी नियुक्ति आकाशवाणी के लखनऊ केन्द्र में हुई, जहां पर आपने सभी वो विभागों से समन्वय, नाटक, रूपक, अति विशेष ओ.बी. कवरेज का कार्य किया था। आकाशवाणी बरेली में 01 सितंबर 2022 को आपका स्थानांतरण हुआ। कार्यक्रम अधिशासी के पद पर नवंबर 2025 में आपका प्रमोशन हुआ और आप केंद्र के कार्यक्रम प्रमुख बनाए गए और अब स्थानीय केंद्राध्यक्ष बनाए गए हैं।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर- 7906815587, 9758444242


## एक नजर

### सड़क हादसे में बेटी सहित बाइक सवार दंपति घायल

**मिलक।** मंगलवार शाम मिलक में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक दंपति और उनकी बेटी घायल हो गए। परिवार बेटी की शादी की तैयारियों में जुटा था, शादी 25 जून को तय है। उदयपुर जागीर निवासी जस सिंह उत्तराखंड के रुद्रपुर में एक फैक्ट्री में काम करते हैं। मंगलवार सुबह वे बेटी चांदनी की शादी का सामान लेने रुद्रपुर गए थे। शाम करीब 6 बजे जब वे पत्नी और बेटी चांदनी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। मिलक के बिलासपुर बस स्टैंड के सामने पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ऑफिस के मीटर से निकला धुआं, बिजली हुई ठप

## परिसर में लगे मीटर से धुआं उठने से कर्मचारियों में मची खलबली

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लगे मीटर से अचानक धुआं उठने लगा। जिससे कार्यालय की बिजली ठप हो गई। भीषण गर्मी के बीच बिजली गुल होने से कार्यालय में तैनात कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बुधवार दोपहर 2 बजे कार्यालय के गेट पर लगा मीटर से अचानक धुआं उठने लगा। कुछ ही देर बाद पूरे कार्यालय की बिजली ठप हो गई। बिजली नहीं आने पर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। बिजली बहाल का इंतजार करने लगे। कुछ कर्मचारी गर्मी से बचने के लिए उन कमरो में जाकर बैठ गए। जहां इन्वर्टर से पंखे चल रहे थे। कार्यालय के कर्मचारियों ने बताया कि प्रथम तल पर इन्वर्टर की व्यवस्था नहीं है बिजली जाने के बाद पूरा कमरा अंधेरे में डूब गया और पंखे भी बंद हो गए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी बिजली आने का इंतजार करते रहे। उधर बिजल विभाग के एसडीओ ने बतया कि अभी तक उनके पास कोई शिकायत नहीं पहुंची है उन्होंने आश्वासन दिया कि जैसे ही शिकायत आएगी, तकनीकी टीम को मौके भेजकर दिखवाया जाएगा।



बीएसए आफिस में बैठे कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

### सिविल लाइंस क्षेत्र में उपभोक्ता लो-वोल्टेज से परेशान

बुधवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में दिनभर लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। लाइटें, पंखे हल्के चलने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा शहर के अन्य मोहल्लों में भी बिजली की आवाजाही जारी रही। बिजली की आवाजाही से भीषण गर्मी में उपभोक्ता काफी परेशान हुए। एसडीओ तकनीकी इरफान ने बताया कि 132 पनवड़िया उपकेंद्र से आ रहे वोल्टेज से संबंधित उपकेंद्र पर 11केवी की साइड में 10 से 11 हजार तक आते हैं। जोकि अब 10 .4 वोल्टेज आ रहे है। इसी वजह से लो वोल्टेजकी समस्या उत्पन्न हो रही है।

## सार संक्षेप



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौपते अधिवक्ता।

### बैनामे की साइट स्लो होने के कारण लोग परेशान

**रामपुर।** तहसील परिसर में बैठने वाले अधिवक्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि उपनिबंधक कार्यालय में जनता जो बैनामे कराने आ रही है,लेकिन साइट न चलने के कारण लोग भयंकर गर्मी में परेशान है। बैनामे के आवेदन आगे नही बढ़ पा रहे हैं। जिस कारण लोग व छोटे बच्चे व महिलाएं पूरे पूरे दिन उपनिबंधक कार्यालय में भयंकर गर्मी से बेहोश होकर गिर रहे हैं ।जिन लोगो का लेन देन हो जाता है। बैनामा न होने के कारण उनके साथ धोखा हो रहा है। तापमान लगभग 45 डिग्री से ऊपर जा रहा है जिस कारण जनता भयंकर गर्मी से त्रस्त है एवं वेवसाईट के स्लो होने व बंद होने के कारण पूरे दिन उपनिबंधक कार्यालय के बाहर व अन्दर इस दम घोटू गर्मी में परेशान हो रही है। इसके वावजूद उपनिबंधक की ओर से जनता को ठंडे पानी की कोई व्यवस्था व जनता को छाव में बैठने की कोई उचित व्यवस्था नही हो पा रही है अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक भी बहुत परेशान हैं। इस मौके पर शहजाद हसन, भारत कुमार, मोहम्मद ताहिर हुसैन, राजकुमार,शावेज अमीर मौजूद रहे।

### पंचायत सहायकों ने विभिन्न मांगों को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते पंचायत सहायक।

**शाहबाद।** बुधवार को शाहबाद के विकास खंड कार्यालय पर एकत्रित हुए पंचायत सहायकों ने विभिन्न लंबित मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी धीरेन्द्र पाल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मानदेय वृद्धि, सेवा नियमितीकरण,आयुष्मान योजना का लाभ, समयबद्ध भुगतान और कार्य संचालन के लिए स्मार्टफोन अथवा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की मांग की ।पंचायत सहायकों का कहना है कि वर्षों से ग्राम पंचायतों में योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन करने के बावजूद उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया,उन्होंने चेतावनी दी कि प्रदेश संगठन के आह्वान पर मांगें पूरी न होने तक 1 जून से 15 जून 2026 तक कार्य बहिष्कार किया जाएगा। पंचायत सहायकों ने प्रशासन से उनकी मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाने की मांग की है ।ज्ञापन देने वालों में अर्जुन कुमार, मो नावेद, तेजपाल सिंह, देवेंद्र कुमार, रेहमत जहाँ, मुस्कान फ़ातिमा आदि पंचायत सहायक शामिल रहे।

### सभासद ने टूटी नालियों, सड़को को सही कराने की लगाई गुहार



**शाहबाद।** नगर पंचायत के वार्ड 16 के सभासद शराफत हुसैन हस्सानी ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को पत्र देकर वार्ड की जर्जर सड़कें और टूटी नालियों को ठीक कराने की गुहार लगाई है ।वार्ड की जनसमस्याओं को लेकर वार्ड सभासद शराफत हुसैन ने ईओ को पत्र भेजकर तत्काल मरम्मत की मांग की है। सभासद ने ईओ को अवगत कराया कि सड़कों की साइडें क्षतिग्रस्त होने और नालियां टूट जाने से आमजन, विशेषकर बुजुर्गों और स्कूली बच्चों का निकलना दूभर हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि आगामी बरसात में यह समस्या विकट रूप धारण कर सकती है, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। प्रशासन से उदासीनता त्यागकर क्षेत्र का निरीक्षण करने और प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य सुनिश्चित करने की मांग की गई है ताकि वार्ड वासियों को इस परेशानी की छुटकारा मिल सकें।

### किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता।

**शाहबाद।** बुधवार को भाकियू अंबाबता के पदाधिकारियों ने शाहबाद के निरीक्षण भवन में पंचायत कर किसानों से जुड़े मुद्दों को जोर शोर के साथ उठाया। पंचायत में किसानों से जुड़ी कई समस्याओं पर चर्चा की। पंचायत के बाद यूनियन के पदाधिकारियों ने तहसील पहुंचकर किसानों की मांगों को लेकर तहसीलदार अमित कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तुरखेड़ा गांव में अधूरे पड़े नाले को पूरा करने की मांग की गई। साथ ही साथ बिजली कटौती का भी मुद्दा उठाया गया। ज्ञापन के माध्यम से किसानों को तय समय के अनुसार बिजली उपलब्ध कराने की मांग की गई ।बैठक में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आकिल खां, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, डॉ रेहान, झंडू सिंह, मुख्तियार शाह, संतोष शर्मा, विद्या रामपाल, रमेश, अकरम खा, किशन लाल, शकील अहमद आदि रहे।

### मारपीट, छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ केस दर्ज

**शाहबाद।** नगर के बिलारी अड्डे पर ऑटो चालक की पत्नी के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और जबरन वसूली का मामला सामने आया है। पीड़िता नीलम पत्नी फूल सिंह निवासी ग्राम मडैयान झाऊ थाना सैफनी जिला रामपुर ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि वह अपने पति से शाहबाद से सैफनी के लिए ऑटो चलवाती हैं। बीती 27 मई की दोपहर डेढ़ बजे शाहबाद के बिलारी अड्डे पर पेट्रोल पंप के सामने राकेश पुत्र हरपाल निवासी ग्राम अलफगंज खरसौल थाना सैफनी ने उनका ऑटो रोककर सवारियां उतार दीं और धमकी दी कि इस रोड पर ऑटो नहीं चलने देंगे। इसके बाद 31 मई की सुबह 10 बजे पीड़िता जब पुन: बिलारी अड्डे पर पहुंची तो राकेश अपने तीन भाइयों व भूरा मुंशी के साथ आ गया। आरोप है कि इन लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज की, फिर पीड़िता के पति को खींचकर मारपीट शुरू कर दी। पति को बचाने आई पीड़िता के साथ अश्लील हरकते की पीड़िता के चिल्लाने पर पास की सवारियां व राहगीर आए और उन्हें बचाया ।आरोप यह भी है कि मुंशी उनके पति से 700 रुपये प्रतिमाह व 40 रुपये प्रति चक्कर के हिसाब से अवैध वसूली करता है। थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने जाने पर राकेश व भूरा मुंशी सहित अन्य भाई डंडे लेकर रास्ते में खड़े मिले, जिससे वह थाने नहीं पहुंच सकीं। तब पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली शाहबाद पुलिस ने मुकदमा लिखकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# गोकशी में तीन तस्करों को पांच-पांच साल की सजा

- एडीजे प्रथम न्यायालय में हुई सुनवाई, डाला जुर्माना

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने गोकशी करने के मामले तीन तस्करों को दोषी ठहराते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। न्यायालय ने तीनों आरोपियों को पांच-पांच साल की सजा, 10 हजार 50 रुपये का जुर्माना लगाया है।

थाना स्वार पुलिस ने 8 अक्टूबर 2012 को मुठभेड़ के दौरान तीन गोतस्करों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी में तीनों आरोपियों ने नाम इमरान, खलील अहमद और सद्दाम हुसैन निवासी काशीपुर बताया। पुलिस ने इनके खिलाफ धारा 3/5/8 गोवध अधिनियम, 11 पशु क्रूरता अधिनियम के अलावा धारा 307,420,467,468, 413, 414 में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया था। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान वादी मुकदमा समेत 6 गवाहों की गवाही सुनने के बाद इमरान, खलील अहमद और सद्दाम को पांच-पांच साल की सजा, 10 हजार 50 रुपये का जुर्माना सुनाया।

# मृतक अब्दुल हलीम खान ने अपनी आंखे की दान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मानवता ही सबसे बड़ा धर्म हैं कि मिसाल कायम करते हुए वर्क संस्था के सदस्य अमान खान ने अपने पिता अब्दुल हलीम खान की आंखे मरणोपरांत दान कर मुस्लिम समाज में अंग दान कर प्रेरित किया।

रामपुर के घेर कलंदर खां निवासी अमान खान काफी समय से वल्र्ड आर्गनाइजेशन रिलीसेज एंड नालेज संस्था से जुड़े हुए हैं। इस संस्था को वर्क संस्था के नाम भी जाना जाता हैं। वर्क संस्था के अध्यक्ष अल्लामा सैयद अब्दुल्लाह तारिक ने बताया कि यह रामपुर में मुस्लिम समाज में अंग दान करने का दूसरा मामला हैं। उन्होने कहा कि गैर मुस्लिमों की ओर से यह ताना दिया जाता हैं कि मुसलमान अंग लेते हैं लेकिन स्वयं अंग दान नहीं करते। मृतक की आंखों का दान किया जा सकता हैं या नहीं। इस विषय में भारतीय उपमहाद्वीप के उलेमा की रायों में मतभेद पाया जाता हैं। पाकिस्तान के प्रसिद्ध इस्लामी विद्यान शेख जावेद अहमद गामदी का कहना हैं कि यदि कोई व्यक्ति अपनी मृत्यु के बाद अपने अंग किसी जरूरतमंद को लगाये जाने की वसीयत करता हें तो उसके खिलाफ दीन की किसी स्पष्ट नस में निषेध का कोई आधार नहीं हैं।इस्लामिक फिक्ह अकादमी आफ इंडिया के 2015 में केरल में आयोजित 24 वें फिक्ह सेमिनार में इस विषय पर अंतिम निर्णय तक पहुंचे और बिना इस मामले को भविष्य के लिए स्थगित कर दिया गया था।

इसके विपरीत मिस्त्र, मलेशिया, सिंगापुर, ब्रिटेन व अमेरिका के अनेक उलेमा अंगदान को मानवता की महान सेवा तथा सदका ए जारिया मानते हैं।उल्लेखनीय हैं कि वर्क संगठन के 500 से अधिक कार्यकर्ता अपनी आंखे दान करने का संकल्प पत्र भर चुके हैं तथा संगठन के अध्यक्ष अब्दुल्लाह तारिक 2016 में ही अपने समस्त अंगों के दान का पंजीकरण करा चुके हैं। मरहूम के साहबजादे मौहम्मद अमान खां भी वर्क के सक्रिय कार्यकर्ताओं में से हैं।




मौके पर मौजूद संस्था के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### तंबाकू के सचल दल ने की छापेमारी, जुर्माना

**रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दिशा निर्देशन में जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान, थाना एएचटीयू के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रूप से कोटपा अधिनियम के अनुपालन के लिए अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत स्कूलों के आसपास एवं अन्य तंबाकू विक्रेताओं को चेक किया गया। जिसमें राजकीय रजा महाविद्यालय, पीएम बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज सैजनी नानकार, हसरतपुर इंटर कॉलेज खौद के आसपास तंबाकू विक्रेताओं को चेक किया गया। जिसमें कुल दो तंबाकू विक्रेताओं पर कोटपा अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत एवं तीन तंबाकू विक्रेताओं पर कोटपा अधिनियम की धारा 6 बी के अंतर्गत जुर्माना किया गया। ऐसे तंबाकू विक्रेता जो कि किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार कर करते पाए गए उनको तत्काल प्रचार प्रसार हटवाया गया एवं भविष्य में कभी न करने की चेतावनी दी गई।

# बिहार से युवक का शव पहुंचा घर तो मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दढ़ियाल।** नगर के युवक की बिहार के पटना में सीढ़ियों से गिरने के कारण तबीयत खराब हो गई। जिसे इलाज के दौरान 2 दिन के बाद दम दे दिया । जैसे ही युवक का शव नगर में उसके घर पहुंचा तो कोहराम मच गया रोते बिलखते परिजनों का बुरा हाल था । हालांकि जोहर की नमाज के बाद उसके शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया है।



नगर के मोहल्ला मोती मस्जिद निवासी मरहूम अखलाक का 20 वर्षीय बेटा बासित अली बिहार के पटना में अपने भाई तारिक के होटल पर काम करता था ।शनिवार रात किसी काम से रूम की छत पर गया था। छत से उतरते समय उसका पैर फिसल गया ।वह सीढ़ियों से नीचे गिर गया। जैसे ही युवक को नीचे गिरता देखा तो चीख पुकार मच गई। चीख पुकार की आवाज सुनकर परिवार के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। परिवार के लोगों ने उसे पटना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजनों का बुरा हाल था। बिहार के पटना से बुधवार को लगभग 8 बजे उसका शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। हर आंख नम हो गईं। वही परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल था ।नमाज के बाद टांडा मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान में युवक के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। बताया जाता है कि तीन भाइयों में सबसे छोटा भाई होने के कारण परिवार को सबसे प्यारा था ।

# पुलिस की गोली से गोकश हुआ घायल

- पुलिस ने अस्पताल में ले जाकर कराया उपचार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शहजादनगर पुलिस की गोकश से मुठभेड़ हो गई। जिसमें पुलिस की गोली लगने से गोकश घायल हो गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के उसके पास से तमंचा और कारतूस मिला।

थाना शहजादनगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम झूठिया के जंगल में दो व्यक्ति गोवध करने की नीयत से आने वाले हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा ग्राम जुठिया से भमरौवा जाने वाले जंगल के कच्चे रास्ते पर संदिग्ध व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी ।इसी दौरान एक सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा उन्हें रुकने का इशारा किया गया, किन्तु स्वयं को घिरता देख पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी । पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ एवं आवश्यक जवाबी कार्रवाई की गई। जवाबी कार्यवाही के दौरान एक आरोपी समीर पुत्र वारिस उर्फ वशीर निवासी ग्राम जुठिया थाना शहजादनगर के बांये पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया ।दूसरा आरोपी अखलाक पुत्र वारिस उर्फ वशीर निवासी ग्राम जुठिया थाना शहजादनगर अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस को उसके पास से एक तमंचा नाल में फंसा 1 खोखा कारतूस व 2 जिन्दा कारतूस, दो मोबाइल,एक प्लाटिक के कट्टे में 1 कुल्हाड़ी, 1 चापड़, 4 छुरी, 2 बरामद हुई।



घायल को ले जाते पुलिस कर्मी। -जागरण मोर्चा

# प्रत्येक 8 तारीख को जारी होंगे स्मार्ट मीटरों के बिल

- बिल नहीं आने जारी निगम के टोल फ्री नंबर पर करें संपर्क

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए नई बिलिंग व्यवस्था लागू की है। बिजली निगम द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अब स्मार्ट मीटर से जुड़े विद्युत उपभोक्ताओं के बिल जनपदवार निर्धारित तिथियों पर जारी किए जाएंगे।

अधीक्षण अभियंता सतेंद्र चौहान ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत जनपद के उपभोक्ताओं के बिल प्रत्येक माह 8 की तारीख को जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जारी किए बिल उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर एवं ई-मेल व्हाटसएप और एसएमएस के माध्यम से भेजे जाएंगे। अब फिजिकल पेपर पर बिल उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को निर्धारित तिथि पर बिल नहीं मिलता है तो वह टोल फ्री नंबर 1912, व्हाटसएप नंबर 7859804803, यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप के माध्यम से अपना बिल प्राप्त कर सकता है।

विद्युत निगम ने सभी उपभोक्ताओं से समय पर बिल भुगतान करने की बात के साथ ही सूचित किया है कि निर्धारित बिल की निर्धारित तिथि पर जमा न किए जाने की दशा उपभोक्ता की आपूर्ति स्वयं कट जाएगी।

परीक्षा | परीक्षा केंद्रों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# पहले दिन 3609 अभ्यार्थियों ने दी टीजीटी परीक्षा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक टीजीटी के विभिन्न पदों के लिए जनपद में आयोजित लिखित परीक्षा का प्रथम दिन पारदर्शी, नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा 3, 4 को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है।

जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि टीजीटी परीक्षा के लिए जनपद में कुल 15 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से बुधवार को प्रथम पाली में 11 केंद्रों एवं द्वितीय पाली में 9 केंद्रों पर परीक्षा संपन्न कराई गई। उन्होंने बताया कि जनपद रामपुर में प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान 3563 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 1912 अभ्यर्थी शामिल हुए और 1651 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में कुल अभ्यर्थियों की संख्या 2971 के सापेक्ष 1697 अभ्यर्थी उपस्थित और 1274 अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे। परीक्षा राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज, राजकीय जुल्फिकार इंटर कालेज, राजकीय पॉलिटैक्निक, राजकीय आश्रम, पद्धति, राजकीय रजा पीजी कालेज, राजकीय इंटर कालेज काशीपुर, पं.दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कालेज, राजकीय रजा इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज सैजनी नानकार, राजकीय जुल्फिकार गर्ल्स इंटर कालेज, दयावती मोदी एकेडमी, ग्रीनवुड सीनियर सेकण्ड्री स्कूल, ईस्ट वेस्ट पब्लिक स्कूल, सांई सीनियर सेकण्ड्री स्कूल में हुई।



परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते एसपी। -जागरण मोर्चा

### एएसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक टीजीटी के विभिन्न पदों के लिए जनपद में आयोजित परीक्षा केंद्रों का अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने निरीक्षण किया। साथ ही केंद्रों पर आए अभ्यार्थियों कर तलाशी ली गई। परीक्षा आज भी होगी। दोनों दिनों में 13,328 अभ्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

# डॉ.नीलोफर को किया रजपुरा पीएचसी से अटैच

## 17 मई को नवजात की मौत के मामले में क्लीनिक हो चुका है सील, नहीं दर्ज की एफआईआर

जागरण मोर्चा, कार्यालय




**रामपुर।** किलकारी जच्चा-बच्चा केंद्र की संचालिका डॉ.नीलोफर खां को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मिलक के पीएचसी रजपुरा से अटैच कर दिया है। अटैच होने से पहले वह महिला चिकित्सालय में सेवाएं देती थी।

17 मई को थाना गंज क्षेत्र में किलकारी जच्चा-बच्चा केंद्र पर महिला को प्रसव पीड़ा के चलते भर्ती कराया गया था। जहां उसने बच्चे को जन्म दिया था। परिजनों ने संचालिका पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया था। बच्चे की मौत होने पर झोलाछाप के नोडल ने मौके पर पहुंचकर क्लीनिक को सील कर दिया था। वहीं दूसरी ओर मृतक के परिजनों ने संचालिका पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाना गंज पुलिस को प्रार्थना पत्र भी दिए। लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। अब इस मामले में एक नया मोड़ आ गया है मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दीपा सिंह ने डॉ.नीलोफर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से संबंद्ध किया।

### कार्रवाई में संचालिका को बचाया गया

तीन दिन पहले सवास्थ्य विभाग की ओर अवैध अस्पतालों पर शिकंजा कसने के लिए अभियान चलाया गया। इसमें कई अस्पताल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। लेकिन इस कार्रवाई में भी किलकारी जच्चा-बच्चा केंद्र पर कार्रवाई नहीं गई। स्वास्थय विभाग की ओर से खानापूरी करते हुए डॉ.नीलोफर को पीएचसी रजपुरा से अटैच कर दिया गया है।

### महिला अस्पताल प्रशासन ने ली राहत की सांस

डॉ.नीलोफर पहले महिला चिकित्सालय में ईएमओ के पद पर सेवाएं दे रही थी। लेकिन रजपुरा पीएचसी से अटैच होने पर महिला अस्पताल प्रशासन ने राहत की सांस ली है। क्योंकि यहां पर भी गर्भवती महिलाओं के तीमारदारों और आशाओं से सांठगांठ करके कम पैसों में बेहतर उपचार करने की बात बोलकर किलकारी जच्चा-बच्चा केंद्र ले जाती थी।

## यूपी टेट में सम्मिलित होने के लिए परिषदीय शिक्षकों को दिया ज्ञापन

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ राजवीर सिंह एवं जिला मंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना द्वारा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। आगामी 2, 3 और 4 जुलाई 2026 को यूपीटेट परीक्षा का आयोजन प्रस्तावित है।सेवा की निरंतरता को बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में परिषदीय शिक्षकों ने इस परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन किया है।

# जनसभा में पहुंचें रालोद कार्यकर्ता : शाहिद

जागरण मोर्चा कार्यालय


बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह की ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) में आयोजित जनसभा में जनपद से भी बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ता शामिल होंगे। रालोद जिला अध्यक्ष शाहिद हुसैन के नेतृत्व में कार्यकर्ता जनसभा में पहुंचकर अपने नेता के विचारों को सुनेंगे तथा जनसभा को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

बिलासपुर क्षेत्र के ग्राम लाला नगला स्थित इंडियन कार बाजार पर आयोजित कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए रालोद जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने कहा कि चौधरी जयंत सिंह किसानों, युवाओं, मजदूरों, व्यापारियों और आमजन की आवाज़ को मजबूती से उठाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामपुर जनपद से भी बड़ी तादाद में कार्यकर्ता ठाकुरद्वारा पहुंचेंगे और अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के विचारों को सुनेंगे।शाहिद हुसैन ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में जनसभा में पहुंचने का आह्वान करते हुए कहा कि यह जनसभा क्षेत्र की राजनीति में एक महत्वपूर्ण संदेश देगी।संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।इस अवसर पर इंडियन कार बाज़ार के मालिक फुरकान अली, रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ से अक़्तर अली, मोहम्मद राशिद तथा रालोद युवा प्रकोष्ठ से सुल्तान, अर्जुन सिंह, ओंकार सिंह, राज कुमार गंगवार, नवेद, तौसीफ़, अयान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ध्वस्तीकरण की जमीन को रेड जोन में किया जाए घोषित

जागरण मोर्चा, कार्यालय



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारी।

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला कार्यालय पर किसान एकत्रित हुए। इसके बाद ज़िला महासचिव बाबर खां के नेतृत्व में तहसील सदर पहुंचे। इसके बाद उपजिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन उनकी अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार को सौंपा। जिसमें उनका बमन पुरी स्थित गाटा संख्या 104, 105, 106 पर भूमाफियाओं द्वारा बिना धारा-80 और बिना रामपुर विकास प्राधिकरण की अनुमति के अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इस अवैध कार्य के विरुद्ध आरडीए द्वारा उक्त स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।

ध्वस्तीकरण के बावजूद उक्त भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध दाखिल-खारिज की कोशिश की जा रही है, जो कि नियम विरुद्ध है। बमन पुरी की जगह ग्राम नानकार गांव का नाम दर्शाया गया है, जो कि संदेह पैदा करता है। इसलिए गाटा संख्या को तत्काल 'रेड जोन' घोषित किया जाए। ताकि वहां किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री या निर्माण न हो सके। जन-जागरूकता के लिए ध्वस्तीकरण वाली जगह पर प्रशासन की ओर से एक स्थायी चेतावनी बोर्ड लगाया जाए, जिससे कि मालूम हो कि यह भूमि अवैध घोषित है और यहां प्लाट खरीदना कानूनी अपराध है जिससे कि भविष्य में लोगों के साथ धोखाधड़ी न हो। ज्ञापन देने वालों में सूरजपाल यादव, फरीद खां, नीरज कुमार, समी खां, मुशीब अली खां, शिवजी, जुनैद खां, मोइन खां, समर , मुताहिर, निज़ाम, अब्दुल रज्जाक खान आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय


भागवत कथा में मौजूद भक्त।

**मिलक।** पिपला शिवनगर में कथा व्यास आचार्य शास्त्री श्याम ब्रज बिहारी उर्फ अनन्य त्यागी श्याम बाबा के मुख से परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सुनते ही श्री दुर्गा देवी मंदिर का पंडाल भक्ति रस में डूब गया। किशोरी नंद गोपाल आश्रम वृंदावन धाम एवं श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के समापन दिवस पर हजारों श्रद्धालु उमड़े।

श्याम बाबा ने जब राजा परीक्षित को शुकदेव मुनि द्वारा सुनाई भागवत कथा और तक्षक नाग के डसने के बाद उनके मोक्ष का मार्मिक वर्णन किया तो कई श्रद्धालुओं के नयन भर आए। उन्होंने संपूर्ण भागवत का सार समझाते हुए कहा कि कलियुग में केवल हरि नाम ही भवसागर से पार लगाएगा। कथा के बीच-बीच में राधे-राधे और भागवत भगवान की जय" के जयकारों से पंडाल गूंजता रहा। कथा समापन के बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन हुआ।भजन-कीर्तन चलते रहे। आयोजन समिति ने बताया कि 7 दिन तक चली कथा में प्रतिदिन भक्तों की भीड़ बढ़ती गई।समापन अवसर पर संजय तिवारी, मुनीष चंद्र तिवारी, विमल मिश्रा, दिनेश पाठक श्याम सिंह पासी, चंद्रशेखर पाठक, श्याम सुंदर पाठक, राजन पाठक, प्रशांत तिवारी, खेमकरण लाल गंगवार, अनुराग पाठक, तिलक राम पाल, तुलसीराम गंगवार, अजय दुबे, विपिन तिवारी समेत सैकड़ों भक्तजन एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

# मानसून से पहले हो नालों की सफाई: सना मामून

जागरण मोर्चा कार्यालय


कर्मचारियों के साथ मीटिंग करती पालिकाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने मानसून के मौसम को देखते हुए नगर पालिका परिषद में सफाई खाद्य निरीक्षकों कि बैठक पालिका अध्यक्ष में सना मामून ने कहा कि 2 जून 2026 को नालों की सफाई व्यवस्था की समीक्षा कि बैठक कर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

बैठक में तय हुआ कि नगर के सभी छोटे-बड़े-मझोले नालों की सफाई का काम 10 जून तक हर हाल में पूरा किया जाएगा।

उद्देश्य साफ है कि बारिश में शहर में जलभराव की समस्या न हो और आम जनता को परेशानी से बचाया जा सके।अध्यक्ष ने उन वार्डों में युद्ध स्तर पर सफाई कराने के आदेश दिए जहां काम धीमा चल रहा है। साथ ही चेतावनी दी कि अगर मानसून में कहीं भी पानी भरता है तो संबंधित वार्ड के सफाई निरीक्षक सीधे ज़िम्मेदार होंगे।बैठक में वार्ड 25, 26 और वार्ड 13 की सफाई व्यवस्था को असंतोषजनक पाते हुए अध्यक्ष ने गहरा रोष व्यक्त किया और सुधार के निर्देश दिए। इसके अलावा नेशनल हाईवे की पुलिया की सफाई के लिए एनएचआई को पत्र भेजने और पालिका परिसर की पुलिया खुद साफ कराने के आदेश भी दिए गए।मुख्य सफाई निरीक्षक दिलशाद हसन सहित सभी सफाई निरीक्षक बैठक में मौजूद रहे। पालिका ने भरोसा दिलाया है कि इस बार मानसून में जलभराव की समस्या को रोकने के लिए पुख्ता इंतज़ाम किए जा रहे हैं।

**खेल** — मेलबर्न क्लब ने स्टार क्लब को 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

# न्यू जेनरेशन हुंडई ने गोल्डन हॉक्स को 43 रन से हराया

जागरण मोर्चा कार्यालय



विजयी टीम के साथ मौजूद मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** ज्वाला क्लब वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित केपी सिंह मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन खेले गए मुकाबले में न्यू जेनरेशन हुंडई ने गोल्डन हॉक्स को 43 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की।पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यू जेनरेशन हुंडई ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 171 रन बनाए। मोहम्मद आलम ने 36 गेंदों में 62 रन और यश व्यास ने 36 रन का योगदान दिया। गोल्डन हॉक्स की ओर से उज्जवल ने 3 विकेट लिए।

जवाब में गोल्डन हॉक्स की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 128 रन ही बना सकी। तरुण ने 50 रन बनाए। न्यू जेनरेशन हुंडई के पर्व सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 14 रन देकर 4 विकेट हासिल किए।पर्व सिंह को मैन ऑफ द मैच तथा मोहम्मद आलम को गेम चेंजर ऑफ द मैच चुना गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता अवदेश शर्मा एवं समाजसेवी सुमित अग्रवाल रहे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अमित सिंह, बंटी राठौर, विनय, विक्की सक्सेना, संजू, यशपाल, अविनाश, हरिओम, लकी, विनोद, शिवम भारद्वाज, त्रिभुवन, सुल्तान, शावेज, अभिषेक शंकर, ज्वाला, अभिषेक, वरुण, विजय सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें 3 जून को होने वाले दो मुकाबलों पर टिकी हैं। पहला मैच रामपुर चैलेंजर्स और गोल्डन हॉक्स के बीच खेला जाएगा, जबकि रात्रि मुकाबले में चौबर्स इलेवन और अजीतपुर इलेवन आमने-सामने होंगी।

**टांडा में मैन ऑफ द मैच बने वाजिद**

नगर के मनसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जाफर अली मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में मेलबर्न क्लब और स्टार कलब के बीच मैच खेला गया।जिसमें मेलबर्न क्लब मैच का विजेता बना। मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए स्टार क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में 116 रन बनाए। जिसमें बल्लेबाज आलिम ने 20 रन, मोहम्मद आसिफ ने 17 रन, राशिद ने 15 रन और डॉ जुबैर ने 9 रन बनाए। अतिरिक्त 18 रन बने। मेलबॉर्न क्लब के गेंदबाज वाजिद अली और सरफराज ने तीन-तीन विकेट ,गुड्डू प्रिंस ने 2, विकेट तथा अदनान, नासिर पीटरसन ने एक-एक विकेट लिया।जीत के लिए 117 रन बनाने के लिए मेलबॉर्न क्लब ने 14.4, ओवर में 121 रन बनाए, 5 विकेट के नुकसान पर। बल्लेबाज वाजिद अली ने 44 रन,इरशाद गुड्डू ने 23 रन, नावेद साहिल ने 22 रन बनाए।अतिरिक्त 25 रन बने।स्टार क्लब के गेंदबाज सईदुल ने 2 विकेट,शोएब कुरेशी , हारून ने एक-एक विकेट लिया।मेलबॉर्न क्लब 5 विकेट से मैच जीत कर तीसरे सेमीफाइनल में प्रवेश कर गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मेलबॉर्न क्लब के वाजिद अली को सभासद पुत्र महफूज आलम द्वारा प्रदान किया गया। अंपायर अलकमा अमान और बाबू रहे। कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर , जहीर जिया और अब्दुल रज़्ज़ाक़ रहे,जबकि ऑनलाइन स्कोर मौलाना जुनैद और आकिब गुल ने की। मुख्य अतिथि राइस मिलर आसिम प्रिंस रहे।इस अवसर पर भाजपा नेता मकसूद लाला, मु० रईस, हाजी अली प्रिंस, आयोजक हाजी मुबीन, इसरार, नाजिम फरीदी, महफूज मुन्ना, अलकमा अमान, इनाम अली, मौलाना शाहफेद, तौसीफ आलम वसी खान, कदीर पप्पू, नुरुल हुदा ,कारी रिजवान, महबूब अली, जावेद रहमानी, कारी अल्तमश, मोइन अली, मकसूद नन्ना सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



मुख्य अतिथि का स्वागत करते कमेटी के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव एवं अन्य।

### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**रामपुर।** लगातार पेपर लीक की घटनाओं के चलते राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल में लगातार पेपर लीक हो रहे है बीते समय नीट परीक्षा पेपर लीक हुआ। जिससे लाखों परीक्षार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो गया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में ही सीबीएससी बोर्ड में ओएसएम सिस्टम भी लागू किया गया है। जिसमें पारदर्शिता की कमी स्पष्ट दिखाई देती है इस दौरान ज्ञापन देने वालों में गुरदीप, विकल श्रीवास्तव, अभिषेक ठाकुर, गौरव सैनी, विशाल, अक्षय पंडित, रितेश कुमार, आज़ाद, विष्णु, राजकुमार और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

### प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष बने काशिफ खां

**रामपुर।** प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के अभियान में सक्रिय रहे काशिफ खां को अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उन्हें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने यह दायित्व सौंपा है। काशिफ खां 2010 में पहली बार हरियाल ग्राम पंचायत से प्रधान निर्वाचित हुए थे। इसके बाद दूसरी बार ग्राम पंचायत मनकरा से प्रधान बने। तीसरी बार उनकी पत्नी सना काशिफ प्रधान चुनी गईं, जो अब प्रशासक हैं। लम्बे समय से वो पंचायत प्रतिनिधियों को एकजुट कर उनके अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करते रहे हैं। प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किए जाने की मांग को लेकर काशिफ खां भी काफी सक्रिय रहे। जिलाध्यक्ष बनाए जाने के लिए काशिफ खां ने अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसेवक सिंह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही संगठन की जिला कार्यकारिणी का गठन होगा। सभी ब्लॉकों में भी अध्यक्ष बनाए जाएंगे।




मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्त। -जागरण मोर्चा

### मंदिर में कीर्तन मंडली ने गाए भजन

**रामपुर।** बुधवार को श्री मां काली दरबार सेवा सदन कोसी मंदिर दशमा घाट का 18 वां वार्षिक उत्सव सुबह 8 बजे शुरू हो गया। सर्वप्रथम पंडित अंकुर शर्मा द्वारा ने काली माता का हवन कराया।प्रसाद बांटकर 9 कन्याओं को जिमाया । इसके बाद कीर्तन मंडली द्वारा सुंदर-सुंदर भजन गाये गए। महिलाओं ने सुंदर भजन गाकर वातावरण भक्तिमय कर दिया।12 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया। जो साय 5 तक चला।।इस मौके पर महंत मटरूमल रस्तोगी, कमल कुमार तुरैहा,सोनू प्रजापति, रोहित रस्तोगी, राजीव चंद्र, धर्मेंद्र प्रजापति, जागन सैनी, दीपक सागर, शिव चंद्र।, धीरूभाई, ओम रस्तोगी, सतीश रस्तोगी, नथिया ,सुनीता, राखी सागर, विजेंद्र सागर, रुचि माली, अरविंद सागर, विष्णु शर्मा, कमल तुरैहा, आदि लोग मौजूद रहे।


हवन में आहुति देते भक्त। -जागरण मोर्चा

### भागवत कथा में छठे ज्योतिर्लिंग के बारे में सुनाया

**रामपुर।** मिस्टनगंज शक्ति दरबार में शिव पुराण कथा मृत्युंजय मंत्र जाप यज्ञ में जगत कल्याण के लिए प्रार्थना करते हुए पुरोहित पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पुजारी ने बताया कि इस संसार में सम्पूर्ण ज्ञान ध्यान योग योगासन और प्राणायाम से आपकी और आपके परिवार में शामिल हो। पुरोहित पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पुजारी ने कहा कि भगवान शंकर महादेव के छठे ज्योतिर्लिंग जो विश्वेश्वर ज्योतिर्लिंग है। उनकी महिमा के बारे में बताया। इस संसार में कोई भी वस्तु दृष्टिगोचर होता है। वह सच्चिदानंद स्वरूप निर्विकार एवं सनातन ब्रह्मरूप है। सूत जी ने बताया है ब्राह्मणों विश्वनाथ ने भगवान शिव शंकर मृत्युंजय महादेव से इस प्रकार प्रार्थना की। तब सर्वेश्वर शिव समस्त लोकों का उपकार करने लिए यहीं विराजमान हो गए। जिस दिन से भगवान शिव काशी में आ गये उसी दिन से काशी सर्व श्रेष्ठ पुरी हो गई।



वाहनों की चेकिंग करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

### पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया

**रामपुर।** यातायात पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जनपद में चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में सीआरपीएफ चुंगी क्षेत्र में निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन कर ओवरस्पीड वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत ई-चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, सीट बेल्ट एवं हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया।

# बहजोई में अवैध कब्जों पर प्रशासन का बड़ा अभियान

- चंदौसी के देवापुर में 160 बीघा तालाब की भूमि कराई गई कब्जामुक्त, कई तहसीलों में चला बुलडोजर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** बहजोई जनपद सम्भल में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देश पर सरकारी तालाबों, चकमार्गों और सार्वजनिक भूमि से अवैध कब्जे हटाने का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। प्रशासन द्वारा विभिन्न तहसीलों में एक साथ कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया गया।


गांव देवापुर में अवैध कब्जा हटवाने पहुंची राजस्व विभाग की टीम। -जागरण मोर्चा

इसी क्रम में तहसील चंदौसी के ग्राम देवापुर स्थित विशाल तालाब की भूमि पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम नीतू रानी के निर्देशन तथा तहसीलदार रविन्द्र विक्रम के नेतृत्व में राजस्व टीम ने गाटा संख्या 543ड़, रकबा 10.6 हेक्टेयर (लगभग 160 बीघा) तालाब की भूमि की पैमाइश कर अवैध कब्जा हटवाया और भूमि को कब्जा मुक्त कराया। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही।

वहीं बहजोई तहसील क्षेत्र के जैमलपुर गांव में चारागाह की भूमि गाटा संख्या 40 पर से भी अवैध कब्जा हटाया गया। नायब तहसीलदार सतेन्द्र चाहर एवं राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि को मुक्त कराया। तहसील गुन्नौर में भी प्रशासन का अभियान जारी रहा। उप जिलाधिकारी विकासचन्द्र के निर्देशन में बबराला नगर पंचायत क्षेत्र में गाटा संख्या 595 की लगभग 4 बीघा तालाब की भूमि को अधिशासी अधिकारी बबराला, राजस्व निरीक्षक और टीम द्वारा कब्जामुक्त कराया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम गनूपुरा में तालाब की भूमि गाटा संख्या 135, रकबा 0.054 हेक्टेयर पर से भी राजस्व एवं पुलिस टीम ने अतिक्रमण हटवाया।

प्रशासन का कहना है कि जिले में दो हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का विशेष चिन्हीकरण कराया जा रहा है और उन पर हुए अवैध कब्जों को हटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। एसडीएम नीतू रानी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सरकारी भूमि, चकमार्ग और तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने स्पष्ट कहा है कि जनपद में सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि तालाबों का संरक्षण जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसलिए तालाबों के संरक्षण और अतिक्रमण हटाने का अभियान प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है।

# बहजोई में निकली साइकिल मैराथन

## स्वस्थ जीवनशैली, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, युवाओं को खेलों से जुड़ने का आह्वान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बहजोई एथलेटिक्स क्लब के मुख्य संयोजन एवं इंटरमीडिएट कॉलेज बहजोई के सह-आयोजन में बुधवार सुबह साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मिनी स्टेडियम स्थित काली माता मंदिर परिसर से गुरुग्राम से आए एशिया रिकॉर्डधारी बेयर फुट रनर एवं मुख्य अतिथि सिकंदर लांबा ने हरी झंडी दिखाकर किया।

साइकिल मैराथन में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों, खेल प्रेमियों एवं सामाजिक संगठनों ने प्रतिभाग किया। रैली मिनी स्टेडियम से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग, संभल बाईपास, बहटा चौराहा, संभल रोड और रेलवे फाटक होते हुए इंटरमीडिएट कॉलेज बहजोई पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने फिटनेस एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए। कार्यक्रम से पूर्व बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल की प्रशिक्षिका द्वारा प्रतिभागियों को जुम्बा एवं शारीरिक अभ्यास कराया गया। वहीं एथलेटिक्स क्लब के संयोजक संभव जैन ने सभी प्रतिभागियों को सुरक्षित एवं अनुशासित साइकिलिंग के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



साइकिल मैराथन में भाग लेते प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

इंटरमीडिएट कॉलेज बहजोई में आयोजित समापन एवं सम्मान समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन में एथलेटिक्स क्लब के संयोजक जयप्रकाश गुप्ता ने कहा कि साइकिलिंग केवल एक खेल नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। मुख्य अतिथि सिकंदर लांबा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में युवाओं से नियमित व्यायाम, खेल गतिविधियों एवं साइकिलिंग को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, दृढ़ संकल्प और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता इंटरमीडिएट कॉलेज बहजोई के प्रबंधक विकास वार्ष्णेय ने की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में खेल एवं शारीरिक गतिविधियों की अहम भूमिका है तथा ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर साइकिल मैराथन को सफल बनाने में विशेष सहयोग देने वाले शिक्षण संस्थानों—बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल, इंटरमीडिएट कॉलेज बहजोई, सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल, मीना पब्लिक स्कूल, बहजोई महाविद्यालय एवं बाबा रतन गिरी इंटर कॉलेज कैला देवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्योगपति बसंत शंकर एवं राहुल शंकर द्वारा आयोजित लकी ड्रा में बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल के छात्र अक्षराज को साइकिल पुरस्कार स्वरूप भेंट की गई। इसके अतिरिक्त आयोजन को सफल बनाने वाले पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों को भी सम्मानित किया गया।

समारोह में वीरेंद्र कुमार डीआर, लवमोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू, अवनीश कुमार सर्राफ, यशवर्धन वार्ष्णेय, उत्कर्ष वार्ष्णेय, तनुज गुरु, रूपक वार्ष्णेय, अरविंद एडवोकेट, अनुराग वार्ष्णेय, आकाश गुप्ता, राजीव गुप्ता, राजू सिंह यादव, सुमित, विनीत यादव, जसवीर सिंह, दीपांशु, शालिनी गुप्ता, हिर्देश सरपंच, राजेश कुमार डब्बू, नरेंद्र भटनागर, सुरेश रस्तोगी, विनोद नेताजी, सोमप्रकाश वार्ष्णेय, मितेश जैन, जितेंद्र बरनवाल, धर्मेश वार्ष्णेय, नीरज वार्ष्णेय सभासद, गजेंद्र राणा एवं विद्युत कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षक, विद्यार्थी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संभव जैन ने किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## खेलते समय बच्ची को सांप ने डसा, मौत

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव देवरखेड़ा में घर में खेल रही 5 वर्षीय बच्ची को सांप ने डस लिया। जिससे मायूस बच्ची की मौत हो गई और परिवार में कोहराम मच गया।



गांव देवरखेड़ा निवासी निवासी संजय राना की पांच वर्षीय पुत्री रिया मंगलवार की शाम 7 बजे घर में खेल रही थी। तभी उसके बाएं हाथ की उंगली में जहरीले सांप ने डस लिया। बच्ची को लगा कि हाथ में चूहे ने काटा होगा। इसलिए उसने किसी को नहीं बताया। काफी समय बाद बच्ची बेहोश होने लगी। इसके बाद रात 10 बजे परिजन बच्ची को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने बच्ची को देखते ही मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन बच्ची की जान बचाने के लिए सुबह झाड़ फूंक वालों के पास लेकर पहुंचे। लेकिन बच्ची की जान नहीं बच सकी। वहीं ग्रामीणों ने सांप की तलाश के लिए घर की दीवार तक तोड़ दी। जिसमें एक सांप दिखाई दिया। लेकिन ग्रामीण उसे पकड़ने में असफल रहे। बच्ची की मौत के बाद मां सावित्री और बड़े भाई यश का रो-रोकर बुरा हाल बना है। इसके बाद परिजनों ने बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया।

## सार संक्षेप


परामर्श केंद्र पर पति पत्नी से वार्ता करते पुलिस व काउंसलर। -जागरण मोर्चा

### परामर्श केंद्र पर 7 पत्रावली का निस्तारण, 4 परिवारों को मिलवाया

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत व क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी के निर्देशन अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक नगर के परामर्श केंद्र गौशाला रोड पिंक चौकी में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र थाना अध्यक्ष डा. रूकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। जहां कुल 24 पत्रावली को सुना गया। जिसमें 7 पत्रावली का निस्तारण किया गया, 4 परिवारों को समझा कर उनका पुन: घर बसाया गया। 1 पत्रावली पर विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई तथा 1 पत्रावली आवेदक द्वारा बल ना देने के कारण व अन्य कारण से बंद किया गया। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, उनि महेश गंगवार, हेका. मनोहर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### पत्रावली गायब होने से तहसील में मचा हड़कंप

**सम्भल/बहजोई।** जनपद की तहसील गुन्नौर में धारा 24 से संबंधित एक महत्वपूर्ण राजस्व वाद की पत्रावली गायब होने का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। तहसीलदार गुन्नौर कार्यालय में तैनात राजस्व लिपिक (माल बाबू) मो. सरवर की तहरीर पर थाना गुन्नौर में अधिवक्ता योगेश कुमार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला वाद संख्या टी-202613740509141, नोवत सिंह बनाम रामकुवर, ग्राम नगलिया काजी से संबंधित है। राजस्व लिपिक मो. सरवर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि अधिवक्ता योगेश कुमार उनके पटल पर आए और संबंधित वाद की पत्रावली देखने का अनुरोध किया। कार्यालयीय प्रक्रिया के तहत उन्हें उक्त फाइल उपलब्ध करा दी गई। बताया गया कि कुछ समय बाद जब अन्य कृषकों के प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के उपरांत संबंधित पत्रावली को उसके स्थान पर देखा गया तो वह गायब मिली। कार्यालय में मौजूद अन्य लोगों से जानकारी करने पर पता चला कि अधिवक्ता योगेश कुमार उक्त पत्रावली अपने साथ ले गए हैं और उसे अब तक वापस नहीं किया गया। राजस्व अभिलेख गायब होने पर प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग ने तत्काल कार्रवाई की और माल बाबू मो. सरवर की ओर से थाना गुन्नौर में लिखित तहरीर दी गई। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संत कुमार होंगे चन्दौसी कोतवाली प्रभारी

**चन्दौसी।** जनपद संभल में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने थानों में बड़ी संख्या में फेरबदल किया है। जिसमें संत कुमार को प्रभारी आरटीसी से चन्दौसी कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा पुष्पेंद्र सिंह को प्रभारी साइबर सैल से प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम, पवन वीर सिंह राणा को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू एवं प्रभारी मानवाधिकार प्रकोष्ठ बनाया है। नरेश पाल को निरीक्षक अपराध थाना संभल से थाना धनारी का प्रभारी निरीक्षक, सचिन कुमार को थानाध्यक्ष बनियाठेर से थानाध्यक्ष कैलादेवी, उपनिरीक्षक संजय कुमार को वाचक पुलिस अधीक्षक से थानाध्यक्ष नखासा, उपनिरीक्षक बोबिंद्र कुमार को प्रभारी एसओजी से थाना बनियाठेर बनाया गया है। उपनिरीक्षक निशांत कुमार राठी को थानाध्यक्ष रायसत्ती से थानाध्यक्ष बबराला, उपनिरीक्षक सौरभ त्यागी को थानाध्यक्ष बबराला से थानाध्यक्ष रायसत्ती, उमेश सिंह को प्रभारी निरीक्षक नखासा से वाचक पुलिस अधीक्षक/प्रभारी रिट सेल, राधेश्याम शर्मा को प्रभारी निरीक्षक थाना कैलादेवी से पुलिस लाइन, उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार प्रधान को थानाध्यक्ष धनारी से प्रभारी आरटीसी, उपनिरीक्षक मनोज कुमार वर्मा को एसओजीसे प्रभारी एसओजी बनाया गया है।

### तीन दिन से गायब था बच्चा, दिल्ली में मिला शव

**बहजोई।** बहजोई कोतवाली क्षेत्र से तीन दिन पहले रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुए 12 वर्षीय मासूम का शव दिल्ली के आनंद विहार बस अड्डे के पीछे स्थित सुनसान जंगल में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने पाठकपुर चौकी के पास सुल्तानगढ़ चौराहे पर जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार मृतक गोलू उर्फ अंशु 12 वर्ष पुत्र खूबी धनारी थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी का निवासी था। वह पाठकपुर क्षेत्र में स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर काम सीखने आता था। परिजनों के मुताबिक तीन दिन पहले वह अचानक लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन परिवार का आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। इसी बीच दिल्ली पुलिस द्वारा आनंद विहार बस अड्डे के पीछे जंगल में एक बच्चे का शव पेड़ से लटका मिलने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान अपने बेटे के रूप में की। शव देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। शव लेकर संभल पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने पाठकपुर चौकी के पास सुल्तानगढ़ चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समय रहते कार्रवाई होती तो बच्चे की जान बच सकती थी। परिवार ने अपने कुछ रिश्तेदारों पर हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर शांत कराया। अधिकारियों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। मासूम की मौत हत्या है या आत्महत्या, इसे लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।

## आईएम ने निकाली साइकिल रैली

**चन्दौसी।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा बुधवार की सुबह 6:30 बजे साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ फव्वारा चौक से हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, नियमित व्यायाम तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल के उपयोग को प्रोत्साहित करना था। सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रैली में भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आईएमए के अध्यक्ष डा. सर्वेश सक्सेना ने कहा कि साइकिल चलाना न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सचिव डा. शशांक चौधरी एवं कोषाध्यक्ष डा. मनोज आहूजा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## ग्रामीणों ने किया विधान सभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान

- गांव देवरखेड़ा में सड़कें टूटी व जलभराव से परेशान है ग्रामीण
- शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान तो टूट गया ग्रामीणों का सब्र

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव देवरखेड़ा व अशोक नगर में सड़कें जर्जर बनी है और जलभराव की समस्या बनी हुई है। कई बार शिकायत के बाद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। अब ग्रामीणों ने आगामी विधान सभा चुनाव का बहिष्कार करने की फ्लेक्सी गांव के विद्युत पोलों को लगा दी है। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने पहुंच विद्युत पोलों पर लगी फ्लैक्सी हटवाई।




गांव देवरखेड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि गांव की सड़कों की दुर्दशा व जलभराव को लेकर वह लंबे समय से जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया। मगर समस्या का समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों को रोजाना क्षतिग्रस्त सड़कों व जलभराव से गुजरना पड़ रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों का सब्र जवाब दे गया। ग्रामीणों ने फैसला लिया है कि आगामी 2027 में होने वाले विधान सभा चुनाव के बहिष्कार की फ्लैक्सी विद्युत पोलों को लगा दी। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले तीन वर्ष से अशोक नगर से देवरखेड़ा जाने वाला मार्ग उखड़ा पड़ा है। जिसकी शिकायत कई बार सम्पूर्ण समाधान दिवस व संबंधित अधिकारियों से की गई। मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्राम प्रधान विद्याराम ने ग्रामीण जल निगम की लापरवाही की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल तक पर की लेकिन जांच के लिए कोई अधिकारी नहीं आया। ग्रामीणों ने गांव में जगह-जगह कई फ्लैक्सी लगाई है। पुलिस को जब जानकारी हुई तो मौके पर पहुंच फ्लैक्सी उतरवाने का कार्य किया गया।

## मेरा युवा भारत की जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में शामिल हुए युवा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बुधवार को जनपद सम्भल में मेरा युवा भारत के तत्वावधान में भव्य साइकिल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य युवाओं और आमजन को फिटनेस, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला युवा अधिकारी सचिन कुमार एवं व्यक्तियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी साइकिलों के साथ हाथों में जागरूकता संदेश लिखे पोस्टर और बैनर लेकर निकले तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल चलाने का संदेश दिया।जिला युवा अधिकारी सचिन कुमार ने कहा कि साइकिल न केवल एक किफायती और सुविधाजनक परिवहन साधन है, बल्कि यह स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और प्रदूषण को कम करने का प्रभावी माध्यम भी है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से साइकिल चलाने की अपील करते हुए कहा कि इससे शारीरिक क्षमता बढ़ती है और पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है।रैली के दौरान युवाओं को साइकिल चलाने से होने वाले स्वास्थ्य लाभों, हृदय संबंधी बीमारियों से बचाव, शारीरिक फिटनेस तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और बदलती जीवनशैली के बीच साइकिल का उपयोग एक सकारात्मक और आवश्यक कदम है। इस दौरान सुधीर कुमार, सतेन्द्र कुमार, सौरभ चंद्रसिंह आदि का योगदान रहा।


साइकिल जागरूकता रैली निकालते कार्यकर्ता।

## घटतौली का विरोध करने पर भाजपा पदाधिकारी ने लगाया जान से मारने की धमकी का आरोप

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में सामान में घटतौली का विरोध करने पर एक भाजपा पदाधिकारी ने दुकानदार पर अभद्रता और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इस मामले की लिखित शिकायत थाना प्रभारी से करते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पल्था निवासी गुलशन कुमार मौर्य पुत्र महाबीर सिंह मौर्य भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष हैं, उन्होंने बुधवार की सुबह बरी चौराहे पर स्थित एक दुकान से 10 किलोग्राम चारे वाली ज्वार खरीदी थी। उनका का आरोप है कि जब उन्होंने दूसरी जगह जाकर उस ज्वार का वजन कराया, तो वह मात्र 9 किलोग्राम निकली। यानी सीधे तौर पर 1 किलोग्राम की घटतौली की गई थी। जब वह दोबारा दुकान पर पहुंचे और वजन कम होने की बात कही, तो दुकानदार ने अपने कांटे पर वजन चेक किया। वहां वजन दोबारा10 किलो दिखाई दिया। तो उन्होंने कांटे में गड़बड़ी की आशंका व्यक्त करके घटतौली को लेकर शिकायत की, इसी बात पर दुकानदार आगबबूला हो गया और गाली-गलौज शुरू करके झगड़े पर आमादा हो गया। उसके बाद दुकानदार ने भाजपा पदाधिकारी को जान से मारने की धमकी तक दे डाली। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है उसके बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी।


भक्ति भाव

भगवान के अवतारों एवं भक्त प्रह्लाद के चरित्र का भावपूर्ण किया वर्णन

# कथा श्रवण से केवल मोक्ष नहीं, सर्व-साधन सुलभ होते: देवाचार्य महाराज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर जगद्गुरु स्वामी अनंत श्याम देवाचार्य महाराज ने भगवान के अवतारों एवं भक्त प्रह्लाद के चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत रूपी कथा के श्रवण से सभी कष्ट दूर होते हैं और धर्म-लाभ की प्राप्ति होती है। कथा श्रवण से संसार के सभी सुख सुलभ हैं। केवल मोक्ष ही नहीं, व्यक्ति को सर्व-साधन प्राप्त होते हैं।


कथा सुनाते कथा व्यास देवाचार्य।

उन्होंने भक्त ध्रुव का उदाहरण देते हुए कहा कि जब ध्रुव भगवान की शरण में गए तो उन्हें केवल भगवान की प्राप्ति ही नहीं हुई, राज्य की भी प्राप्ति हुई। जिस राजा उत्तानपाद ने रानी सुरुचि के भय से ध्रुव को गोद में नहीं बैठाया था, वही राजा भगवान की कृपा से हाथी-घोड़े के साथ सोने की थाली में दीपक सजाकर ध्रुव की अगवानी करने गए। ध्रुव को भगवान की प्राप्ति, राज्य की प्राप्ति और सम्मान की प्राप्ति तीनों हुईं। उसके उपरांत उन्होंने 36000 वर्षों तक राज्य भोगा। यही भगवान की कथा का फल है, यही भगवान के नाम का फल है। इसलिए मनुष्य को जब भी समय मिले, भगवान के नाम का स्मरण करते रहना चाहिए। भगवान के अवतारों का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि भागवत के अनुसार भगवान के अनेक अवतार हुए, जिनमें सनकादिक चार कुमार, वाराह अवतार, भगवान कपिल, ऋषभदेव आदि प्रमुख हैं।भक्त प्रह्लाद चरित्र सुनाते हुए महाराज ने कहा कि जो भगवान की शरण में रहता है, उसका बाल भी बांका संसार में कोई नहीं कर सकता। हिरण्यकशिपु ने प्रह्लाद को अनेक यातनाएं दीं, मारने का प्रयास किया, लेकिन सारे प्रयास विफल रहे और भगवान ने प्रह्लाद की रक्षा की। यह सब हमारे ग्रंथों में लिखा है, फिर भी हम लोग भटक रहे हैं, यह हमारी मूर्खता है। नरसिंह अवतार का रहस्य बताते हुए महाराज ने कहा कि ब्रह्मा ने हिरण्यकशिपु को वरदान दिया था कि तुम्हें न मनुष्य मार सकता है, न पशु, न दिन में, न रात में, न घर के अंदर, न बाहर, न किसी अस्त्र से, न शस्त्र से। तब भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान ने नरसिंह अवतार ग्रहण किया। जो न नर थे न पशु, गोधूलि बेला में, देहरी पर अपने नाखूनों से हिरण्यकशिपु का वध किया। महाराज ने आगे कहा कि अहं भक्तपराधीन यह भगवान का वचन है। भक्त जब-जब मुझे याद करता है, तब-तब मैं भक्त की रक्षा के लिए नया रूप धारण करता हूँ। भक्त की रक्षा के लिए मुझे कुछ भी करना पड़े, मैं करूंगा। यदि भक्त मेरी शरण में आता है तो मैं उसकी रक्षा अवश्य करता हूँ। अंत में आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान विवेक कुमार अग्रवाल, अवनीश कुमार जिंदल, अनिल कुमार, जिवेन्द्र कुमार अग्रवाल, पराग बंसल, विनय अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार सराफ, शोभित अग्रवाल, राहुल कुमार बिंदल,विनीत कुमार आयरन, डा. हरिप्रकाश अग्रवाल, राकेश कुमार सराफ, उमेश कुमार सराफ, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार आदि का सहयोग रहा।

# टीएमयू हॉस्पिटल की ओर से शवों के बेहतर संरक्षण को खुला मॉडर्न मोर्चुरी कोल्ड रूम

- तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के डॉक्टरों एवम् शोध स्टुडेंट्स के लिए बेहतर प्रशिक्षण और अध्ययन में साबित होगी मील का पत्थर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग की ओर से शवों के संरक्षण के स्तर को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई अत्याधुनिक मोर्चुरी कोल्ड रूम का औपचारिक उद्घाटन हुआ। इस मोर्चुरी कोल्ड रूम में 15 से 20 शवों का संरक्षण 4-7 डिग्री सेंटीग्रेड पर किया जा सकता है। कोल्ड रूम के टेम्परेचर को मैनेज करने के लिए अब आईओटी बेस्ड अलर्ट की सुविधा है। मसलन समय-समय पर तापमान से जुड़ी अपटेड प्राप्त होती रहती है। आपातकाल में इससे शवों के संरक्षण में विशेष लाभ होगा। साथ ही जिले की सरकारी मोर्चुरी पर भी दबाव कम हो जाएगा। यह सुविधा स्वास्थ्य और न्यायिक सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाएगी। मेडिकल डॉक्टरों एवम् शोध स्टुडेंट्स के लिए बेहतर प्रशिक्षण और अध्ययन में सहायक होगी। इस मौके पर





मेडिकल के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह,डीन प्रो. एसके जैन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी के एचओडी प्रो. प्रमोद डोडे, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रो. चिंटू चौधरी आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा, टीएमयू आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विकास एवम् समाज को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

इसके अलावा फोरेंसिक और मेडिको-लीगल पर रचनात्मक पोस्टर प्रतियोगिता में एमबीबीएस स्टुडेंट्स ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए पुरस्कृत भी किया गया। संचालन एफएमटी विभाग की डॉ. रितुपर्णा जाना ने किया। शैक्षणिक अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए विभाग के सीनियर रेजिडेंट डॉ. सचिन और पीजी स्टुडेंट्स ने मॉक क्राइम सीन तैयार किया। इसमें पुतले को मृत शरीर के रूप में दिखाकर, लाल रंग से खून के धब्बे, क्राइम सीन-डू नॉट एंटर की पट्टियां, चाकू और पैरों के निशान जैसी बारीकियों को हूबहू दर्शाया गया। इस व्यावहारिक गतिविधि ने छात्रों में अपराध स्थल की जांच और फोरेंसिक व्याख्या के प्रति गहनता से समझाया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। एचओडी प्रो. डॉ. प्रमोद डोडे ने राष्ट्रीय फोरेंसिक चिकित्सा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए न्याय, सत्य और वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में फोरेंसिक मेडिसिन के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। डॉ. पूजा हटवाल ने भारत में फोरेंसिक मेडिसिन के क्रमिक विकास और इतिहास से सभी को रूबरू कराया। कार्यक्रम में एफएमटी विभाग के प्रो. अभिषेक कुमार वार्ष्णेय, डॉ. आमिर शेख, डॉ. हर्ष के संग-संग पीजी स्टुडेंट्स आदि मौजूद रहे।

**ख़ास बातें**

- 4 से 7 डिग्री सेंटीग्रेड पर 20 शवों तक की संरक्षण क्षमता
- यह सुविधा स्वास्थ्य और न्यायिक सेवाओं को बनाएगी और अधिक सशक्त
- फोरेंसिक और मेडिको-लीगल पर हुईं रचनात्मक पोस्टर प्रतियोगिताएं, बेस्ट स्टुडेंट्स पुरस्कृत
- मॉक क्राइम सीन में मानव पुतला, खून के धब्बे, क्राइम सीन-डू नॉट एंटर की पट्टियां, चाकू और पैरों के निशान जैसी बारीकियों को हूबहू दर्शाया
- एचओडी प्रो. डॉ. प्रमोद डोडे ने न्याय, सत्य और वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में फोरेंसिक मेडिसिन के बढ़ते महत्व को किया रेखांकित

# सड़क हादसा: पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत, दो गंभीर

## ई-रिक्शा के उड़े परखच्चे, पिकअप मार्ग से उतर कर खाई में पलटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तरौली और बरतौरा गांव के बीच एक तेज रफ्तार पिकअप ने ई-रिक्शा को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो सवारियाँ गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, विरामपुर निवासी हरकेश अपने ई-रिक्शा में दो सवारियों—चम्पा देवी और 12 वर्षीय बंटी को लेकर छपना से कसाईपुरा की तरफ जा रहे थे। रास्ते में सामने से आ रही एक अज्ञात पिकअप ने उनके वाहन को रौंद दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और तीनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। पिकअप मार्ग से उतर कर खदक में पलट गई। सूचना पर पहुँची रहरा थाना पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहाँ चिकित्सकों ने चालक हरकेश को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



क्षतिग्रस्त ई रिक्शा व इनसेट में मृतक का फाइल फोटो। -जागरण मोर्चा

### तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार दोस्तों को मारी टक्कर, एक की मौत दो घायल

**भगतपुर।** थाना भगतपुर क्षेत्र में बुधवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने बस चालक पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, मूंढापांडे थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर भीला निवासी सोनू अपने दोस्तों हुसैन और रहीम के साथ मोटरसाइकिल से टांडा रामपुर की ओर जा रहा था। सुबह सिरसवा हरचन्द गांव के मोड़ पर सामने से आ रही एक बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पहले सीएचसी टांडा रामपुर ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए फोटोन अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया, जबकि हुसैन और रहीम का उपचार जारी है। मृतक के भाई महेन्द्र ने थाना भगतपुर में प्रार्थना पत्र देकर बस चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### पालिका ईओ की तहरीर पर सभासद पर दर्ज हुआ मामला

**गजरौला।** सड़क की ईंट उखाड़कर बेचने के मामले में बुधवार को पुलिस ने पूर्व सभासद अमित कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। अमित कुमार वार्ड-21 बुध बाजार के पूर्व सभासद हैं। उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए बुधवार को पालिका के ईओ ललित कुमार ने थाना पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा है कि बुध बाजार में हरेंद्र के मकान से लेकर टीचर कॉलोनी तक सीसी रोड डाली गई थी। जो काफी मजबूत और अच्छी थी। आरोप है कि स्थानीय सभासद पति अमित कुमार ने उस सड़क को उखाड़ कर उसकी ईंट बेच दीं। मोहल्ले के लोगों को गुमराह कर दिया कि नई आरसीसी की सड़क बनवाई जाएगी। मोहल्ले के ही व्यापारी मनोज गर्ग ने ईओ, डीएम, एसपी समेत कई अफसरों को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच की मांग की। एसपी के निर्देश पर इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने मौके पर जाकर जांच की। लोगों के बयान दर्ज किए। इंस्पेक्टर का कहना है कि सभी ने ईंट चोरी की बात कही। उधर ईओ ने पालिका के जेई को मौके पर भेजकर जांच कराई। जिसमें लोगों ने उनको बताया कि पूर्व सभासद इंटर लॉक ईंटों को उखाड़कर ले गए। तीन गवाहों ने भी पुलिस और ईओ को बयान दर्ज कराए।

## सार संक्षेप

### हैदलपुर वन ब्लॉक की 300 बीघा भूमि पर भू-माफियाओं का कब्जा, ग्रामीणों ने की शिकायत

**हसनपुर।** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव पथरा मुस्तकम निवासी लोकेश कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों ने उप वनसंरक्षक को शिकायती पत्र भेजकर वन विभाग की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। शिकायत के अनुसार, हैदलपुर वन ब्लॉक-1 में सिद्ध बाबा गंगा घाट के सामने स्थित प्लॉट संख्या-9 की लगभग 300 बीघा वन भूमि को भू-माफिया ने उजाड़कर वहां अवैध रूप से गन्ने की फसल उगा रखी है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय वन अधिकारियों को कई बार सूचित करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। करीब 20 दिन पहले सर्वे के नाम पर मात्र खानापूर्ति की गई, जबकि करोड़ों की वन भूमि पर आज भी भू-माफियाओं का कब्जा बरकरार है। ग्रामीणों ने ओमप्रकाश, प्रमोद, जगदीश सहित छह नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर भूमि पर पौधारोपण व बाउंड्री कराने की मांग की है।

### मृतका के पिता की तहरीर पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में गर्भवती विवाहिता की मौत के मामले में मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा पति सहित पांच लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी।मंगलवार की देर रात्रि कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला में घर के गेट पर चारपाई पर संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती विवाहिता प्रतिभा उर्फ प्रीति का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी, सूचना पर मृतका के परिजन मौके पर पहुंचे थे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर रोड जाम कर दिया था,हंगामे की सूचना पर धनोरा पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया एवं प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई थी,मृतका के परिजनों के अनुसार शादी के कुछ दिनों के बाद से ही प्रतिभा को उसके ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे, मृतका के पिता शीशपाल के अनुसार यह विवाद छः माह से चल रहा है। मृतका के परिजनों का आरोप है कि जब वह घर पर पहुंचे तो प्रतिभा का शव घर के गेट के पास चारपाई पर पड़ा था और सुसराल पक्ष के लोग गायब थे।आरोपियों पर तुरंत कार्रवाई की मांग को लेकर अलीगढ़ लिंक मार्ग जाम कर दिया। मृतका प्रतिभा ने 11 माह की एक बेटी को रोते हुए छोड़ा है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि मृतका के पिता शीशपाल की तहरीर के आधार पर ससुराल पक्ष पति सोनू, सुसर चेतराम सिंह, सास राजेश्वरी, जेठ धर्मेंद्र एवं रिश्तेदार आशीष के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### कोर्ट से लौट रहे युवक को रास्ते में घेरा, बेल्टों से पीटकर किया घायल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर की मढ़ैया निवासी चन्द्रपाल उर्फ चन्द्रदोष पुत्र नेक्सा सिंह पर कुछ दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब पीड़ित बुधवार दोपहर करीब 3 बजे कोर्ट परिसर से अपनी तारीख कर बाइक से वापिस अपने गांव लौट रहा था।आरोप है कि तीसरे मील के पास घात लगाए बैठे नामजद आरोपियों ने एक राय होकर 11 अज्ञात हमलावरों को प्रार्थी को मारने भेजा। दबंगों ने पीड़ित की बाइक रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हमलावरों ने लात-घूंसों और बेल्टों से उसकी बेरहमी से पिटाई की, जिससे उसकी उंगलियों और कमर पर गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि हमलावर अवैध तमंचे से जान से मारने की धमकी देकर उसकी बाइक छीनने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन मौके पर भीड़ जुटने के कारण वे भाग खड़े हुए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर जान-माल की सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है।



दबंग युवक के साथ मारपीट करते हुए।

### बाजार में अतिक्रमण हटाने गए पालिका कर्मचारियों ने लगाया अभद्रता का आरोप

**गजरौला।** पालिका के कर्मचारियों ने ईओ से शिकायत की है। जिसमें कहा है कि वह बुधवार को लग रहे साप्ताहिक बाजार में सुबह करीब 10 .30 बजे यह देख रहे थे कि कोई दुकानदार गलत तरीके से सड़क पर दुकान न लगाए। इस दौरान कर्मचारियों ने देखा कि फायर स्टेशन के सामने सरकारी दुकान पर कई दुकानदारों ने अतिक्रमण कर फड़ लगा ली है। कर्मचारियों का आरोप है कि यह दुकानें एफएसओ ने लगवाई थीं। जब पालिका के कर्मचारी उनको हटवाने गए तो एफएसओ ने उनके साथ अभद्रता की। उन पर आरोप है कि जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उनके पीछे डंडा लेकर दौड़े। जब कर्मचारी उनसे वार्ता करने उनके कार्यालय में गए तो उन्होंने अपने स्टाफ को निर्देश दिया कि सभी कर्मचारियों को घसीट कर बाहर कर दो। कर्मचारियों ने ईओ से मामले की जांच कर कार्रवाई की गुहार लगाई। पत्र पर जयचंद, देवेंद्र, डॉली, सोनी, नीतू, जयवती, सुमित कुमार, राजवती, राखी, दीपक आदि के हस्ताक्षर हैं। ईओ का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। वह एफएसओ के उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर उनके व्यवहार से अवगत कराएंगे। जिससे विभागीय कार्रवाई हो सके। उधर एफएसओ कमलेश कुमार मिश्र का कहना है कि आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा था कि पहले अन्य दुकानदारों को हटवाओ। जबकि कर्मचारी छोटे दुकानदारों को ही परेशान कर रहे थे।

# 2027 चुनाव की तैयारी में जुटी सपा, चंदौसी में समीक्षा बैठक आयोजित

- बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर, हर 15 दिन में होगी सेक्टर समीक्षा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद की चंदौसी विधानसभा क्षेत्र में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी के रूप में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद, राष्ट्रीय सचिव मुनकाद अली पासा, राष्ट्रीय सचिव तरुण प्रधान एवं मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद जावेद अली खान का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची सत्यापन, नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने तथा पार्टी की नीतियों और समाजवादी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में सेक्टर और जोन प्रभारियों से उनके क्षेत्रों की रिपोर्ट ली गई। बूथ अध्यक्षों ने अपने-अपने बूथों की समस्याएं, कमजोरियां और सुझाव साझा किए। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने कहा कि पार्टी की विचारधारा और जनहितैषी योजनाओं को प्रभावी तरीके से जनता तक पहुंचाने का कार्य प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि चुनाव नजदीक हैं, इसलिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव-गांव एवं घर-घर जाकर पार्टी का प्रचार करें और संगठन में समन्वय बढ़ाएं।

जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधर ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष अपने बूथ को मजबूत बूथ बनाने का संकल्प लें और प्रत्येक मतदाता से सीधा संवाद स्थापित करें। बैठक में यह भी तय किया गया कि हर 15 दिन में सेक्टर स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित कर कार्यों की प्रगति का आकलन किया जाएगा।

बैठक में जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, पूर्व प्रत्याशी विमलेश कुमारी, विधानसभा अध्यक्ष उमेश यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष बिट्टू कश्यप, उमेश दिवाकर, बलवंत सिंह, सुभाष पाल, सुभाष वाल्मीकि, आसिफ इकबाल, शोभित कुमार, सद्दाम कुरैशी, हबीब अहमद, संजय मदन, ओमप्रकाश प्रजापति, कमल शर्मा, ताहिर उल्ला खान, विक्टर मलिक, अशोक राणा, कपिल शर्मा, अमरीश यादव, योगेश यादव, सुमित केपी यादव, रजत यादव, सुरेंद्र यादव, फखरे आलम, ममता मधुकर, शरदा यादव, साजिद अली, गुड्डु एडवोकेट, इंद्रजीत यादव, मनीष जाटव, जितेंद्र जाटव, निशान अहमद, रवि शंखधर, रत्नेश भारती, चेतन गुप्ता, नदीम समसी, हरवीर यादव, मलखान सिंह एडवोकेट समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नाबालिग युवती के साथ छेड़छाड़ कपड़े फाड़े, आरोपी फरार

जागरण मोर्चा संवाददाता

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र एक गांव निवासी दबंग मंचलले ने रास्ते में जा रही किशोरी के साथ छेड़छाड़ की और उसके कपड़े फाड़ दिए किशोरी ने विरोध किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया पीड़ित युवती के परिजनों ने आरोपी की शिकायत उसके घर वालों से की तो वह भी आग बबूला हो गए और मारपीट पर उतारू हो गए । पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिक किशोरी 30 तारीख की शाम को गांव में ही अपनी नानी के हर जा रही थी तब रास्ते में गांव के ही रहने वाले उस्मान ने किशोरी को दबोच लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा किशोरी के विरोध करने पर आरोपी के हौसले इस कदर बुलंद थे कि उसने किशोरी के रास्ते में ही कपड़े फाड़कर दिये।

किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी भाग गया किशोरी ने परिजनों को आप बीते सुनाई तब परिवार वाले आरोपी के घर शिकायत करने गए तो पीड़ित के परिवार वाले आग बबूला हो गए । इसके बाद परिवार वालों ने पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी उस्मान व दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है

## दबंगो ने बाइक सवार युवको के साथ मारपीट, 24 हजार एवं फोन की लूटा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर।** नगर के मोहल्ले में देर रात दबंगों द्वारा बाइक सवार युवकों के साथ मारपीट कर उनकी जेब में रखें 24 हजार एवं आईफोन की लूट की घटना को अंजाम दिया,पीड़ित द्वारा कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौली मिलक घेर निवासी कुवंरपाल पुत्र सरदार की पत्नी नगर के मोहल्ला काला शहीद स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती हैं, उसने बेटे को जन्म दिया है। मंगलवार की देर रात्रि कुंवर पाल अपने फूफेरे भाई दिनेश एवं सुरेंद्र के साथ बाइक पर सवार होकर नर्सिंग होम में हिसाब करने के लिए जा रहा था जैसे ही उसकी बाइक पूठ चौराहे के पास पहुंची तो बाइक सवार दबंगों ने बाइक में टक्कर मार दी और उसके बाद मारपीट शुरू कर दी मारपीट के दौरान दिनेश घायल हो गया। दबंगों द्वारा दिनेश की जेब में रखे 13 हजार एवं कुंवरपाल की जेब में रखे 11 हजार रुपए एवं एक आईफोन लूट कर ले गए, पीड़ित के अनुसार लगभग 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित के अनुसार दबंग धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित बुधवार की सुबह कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह द्वारा बताया गया की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## प्रभारी मंत्री का दौरा आज

**चन्दौसी।** प्रभारी मंत्री/ राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग उत्तर प्रदेश जेपीएस राठौर का जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रभारी मंत्री 04 जून को सुबह 11:30 बजे से 12:30 तक जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बहजोई मुख्यालय पर समीक्षा बैठक करेंगे। दोपहर 12:30 बजे से एक बजे तक प्रभारी मंत्री प्रशासनिक समन्वय समिति ( कोर कमेटी ) का बैठक करेंगे।



बैठक | सरकार को इन समस्याओं के समाधान हेतु छूट पर गोबर गैस लगाने पर जोर देना चाहिए

# प्रथमा किसान क्लब देहरा मिलक का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** हसनपुर क्षेत्र के ग्राम जीहल में प्रथमा किसान क्लब देहरा मिलक की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर उपस्थित क्लब के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने कि आज के समय में जहां एक ओर गैस सिलेंडर मिलने में दिक्कत आ रही है वहीं खेती के लिए उर्वरक मिलने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार को इन समस्याओं के समाधान हेतु छूट पर गोबर गैस लगाने पर जोर देना चाहिए। उपस्थित परमसिंह चौधरी ने बताया कि किसान जरूरत के हिसाब से कम खाद लेने जाता है लेकिन विक्रेता द्वारा अधिक खाद खरीदा हुआ दर्शा दिया जाता है। इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है। कृष्ण कुमार शर्मा ने मानव जीवन एवं भूमि की उर्वरा शक्ति बचाने के लिए गौ आधारित जैविक खेती अपनाने की जरूरत बताई।

इस अवसर पर चंद्र प्रकाश शर्मा जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ, महिपाल सिंह प्रांत गन्ना प्रमुख, बुद्ध प्रकाश सिंह, अजय त्यागी, करन सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रामचंद्र सिंह। -जागरण मोर्चा

## दहेज प्रताड़ना से त्रस्त नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, ससुराल पक्ष पर आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के उघैती थाना क्षेत्र में एक बार फिर दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। मेवली कांड की मृतका की बेटी रेनू (22) ने ससुराल में कथित उत्पीड़न से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके पक्ष ने ससुरालियों पर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।


रेनू का फाइल फोटो।

उघैती थाना क्षेत्र के गांव मेवली में दो वर्ष पूर्व बाबा सत्यनारायण आश्रम में आंगनवाड़ी सहायिका की संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में गिरकर मौत हो गई थी, जो उस समय काफी चर्चित मामला रहा। इसी मृतका के पति भूप सिंह ने अपनी पुत्री रेनू की शादी करीब छह माह पहले क्यावली गांव निवासी मनवीर पुत्र राजपाल के साथ की थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष ने रेनू को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। विशेष रूप से उसका देवर हरेंद्र उस पर मानसिक दबाव बनाता था। इस बीच रेनू का पति मनवीर एक अन्य हत्या के मामले में जेल चला गया, जिसके बाद उसकी परेशानियां और बढ़ गईं। लगातार उत्पीड़न से तंग आकर रेनू ने देर शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज को मिला नया नेतृत्व डॉ. शिव कुमार ने संभाला प्रधानाचार्य का कार्यभार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रशासनिक स्तर पर वरिष्ठ चिकित्सक प्रो. (डॉ.) शिव कुमार ने प्रधानाचार्य का कार्यभार ग्रहण किया।

कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ. शिव कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाना, विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार करना तथा मरीजों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों एवं राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) के मानकों के अनुरूप शिक्षण एवं चिकित्सकीय कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा।

डॉ. शिव कुमार ने यह भी कहा कि मरीज हित सर्वोपरि रहेगा तथा सरकार द्वारा प्रदत्त सभी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पात्र मरीजों तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने चिकित्सा शिक्षकों को पठन-पाठन, शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही चिकित्सालय में मरीज हित से जुड़े विषयों, विशेषकर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) एवं उपचार व्यवस्था में मौजूद कमियों को शासन एवं प्रशासन के संज्ञान में लाकर उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल करने की बात कही। नवागत प्रधानाचार्य ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी चिकित्सकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से मेडिकल कॉलेज को शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

# सटोरियों का पुलिस को खुला चैलेंज: कार्रवाई पर उठे सवाल, जनप्रतिनिधि को बदनाम करने की साजिश

### सटोरियों का दावा लाखों रुपये देकर मामला किया रफादफा, सटोरियों की चाल, एक जनप्रतिनिधि के लखनऊ आवास के फोटो खींचकर किए वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर में अवैध सट्टा कारोबार एक बार फिर सुर्खियों में है। सटोरियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे अब खुलेआम पुलिस को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सट्टा कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूरी की जा रही है, जबकि असल में उनके खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। इस पूरे मामले में एक पुलिस अधिकारी की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, क्षेत्र में सक्रिय सटोरिया लंबे समय से अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं और इसके बावजूद उन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। बताया जा रहा है कि कई बार शिकायतें किए जाने के बाद भी पुलिस केवल औपचारिक कार्रवाई कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देती है। इससे सटोरियों के हौसले और बढ़ते जा रहे हैं।


सटोरिया मैराज चौधरी।

- **सटोरिया मैराज चौधरी से जनप्रतिनिधि ने बनाई दूरी**
- **इसके बाद भी सटोरिया जनप्रतिनिधि के सहारे अधिकारियों को कर रहे गुमराह**

**लाखों रुपये में रफादफा का आरोप :** स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि सटोरियों ने पुलिस से सांठगांठ कर लाखों रुपये देकर अपने मामलों को रफादफा करवा लिया। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन क्षेत्र में यह बात तेजी से फैल रही है। यदि इन आरोपों में सच्चाई है, तो यह कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

**जनप्रतिनिधि को बदनाम करने की साजिश :** मामले में एक नया मोड़ तब आया जब कुछ सटोरियों ने एक जनप्रतिनिधि के लखनऊ स्थित आवास के बाहर फोटो खींचकर उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इन तस्वीरों के जरिए यह दिखाने की कोशिश की गई कि उक्त जनप्रतिनिधि का सटोरियों से संबंध है। हालांकि, जनप्रतिनिधि के करीबी सूत्रों का कहना है कि यह पूरी तरह से एक साजिश है। उनका कहना है कि सटोरिए जानबूझकर जनप्रतिनिधि को बदनाम करने के लिए इस तरह की हरकतें कर रहे हैं, ताकि अपनी गतिविधियों से ध्यान भटका सकें।

> अवैध गतिविधियों में लिप्त जो भी लोग पाए जाएंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। शहर में सट्टे की शिकायतें मिलने के बाद से ही पुलिस सटोरियों की तलाश में दबिश देने के साथ ही अन्य विधिक कार्रवाई कर रही है। सट्टा कारोबार से जुड़े किसी व्यक्ति को बक्सा नहीं जाएगा।
>
> -अंकिता शर्मा, एसएसपी बदायूं

**"सटोरिया किंग मैराज चौधरी" को कई बार भगाया गया :** सूत्रों के अनुसार, "मेरा चौधरी" नामक एक सटोरिया कई बार उक्त जनप्रतिनिधि के संपर्क में आने की कोशिश कर चुका है। लेकिन जनप्रतिनिधि ने उसे अपने आवास से कई बार भगा दिया। इसके बावजूद यह सटोरिया बार-बार जनप्रतिनिधि का नाम लेकर अधिकारियों को गुमराह करने की कोशिश करता रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सटोरिया अपनी पकड़ मजबूत दिखाने के लिए जनप्रतिनिधि से संबंध होने का झूठा दावा करता है, जिससे प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके।

**पुलिस की भूमिका पर सवालः** इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस की भूमिका सबसे ज्यादा सवालों के घेरे में है। यदि सटोरिए खुलेआम घूम रहे हैं और उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही, तो यह कानून व्यवस्था की स्थिति को कमजोर करता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या और गंभीर हो सकती है।

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग :** स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि सट्टा कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ निष्पक्ष और कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, इस मामले में पुलिस अधिकारियों की भूमिका की भी जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। जनता का मानना है कि यदि प्रशासन निष्पक्षता के साथ कार्रवाई करता है, तो न केवल सटोरियों पर लगाम लगेगी, बल्कि आम लोगों का कानून व्यवस्था पर भरोसा भी मजबूत होगा। लोगों का कहना है कि शहर में सट्टा कारोबार और उससे जुड़े विवादों ने एक बार फिर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन आरोपों को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वास्तव में सटोरियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है या फिर मामला यूं ही दबा दिया जाएगा।

## समेकित जन-कल्याण अभियान 5 से 21 जून तक चलेगा

### डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा, सभी विभागों को दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद बदायूं में 5 जून से 21 जून 2026 तक समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


समीक्षा बैठक में निर्देश देते डीएम अवनीश राय। -जागरण मोर्चा

जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान की भावना के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का संतृप्तीकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जनपद में बड़े स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। 8 जून से 14 जून तक विशेष जन-संपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों, उद्यमियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित किया जाएगा। वहीं 11 से 14 जून के बीच मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित कर सरकार की उपलब्धियों को साझा किया जाएगा। 14 से 16 जून तक जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले लगाए जाएंगे, जिनमें पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण किया जाएगा। 16 से 17 जून तक विकसित भारत संकल्प सम्मेलन तथा 17 से 20 जून तक विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 18 एवं 19 जून को प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशालाएं आयोजित होंगी तथा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कम वजन में जन्मी सरस्वती को मिला नया जीवन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का असर अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई देने लगा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चल रहे बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ने एक बार फिर मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल पेश की है। इस पहल के तहत कम वजन में जन्मी नन्ही सरस्वती को नया जीवन मिला।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास शर्मा ने बताया कि 20 अक्टूबर 2025 को ग्राम कुआॅडंडा में जन्मी सरस्वती का वजन मात्र 2.1 किलोग्राम था, जो सामान्य से काफी कम था। परिवार में लगातार चार बेटियों के जन्म के बाद पुत्र की अपेक्षा के कारण बच्ची का जन्म उत्साहपूर्वक स्वीकार नहीं किया गया। इस सोच का असर उसकी देखभाल पर भी पड़ा और उसे पर्याप्त स्तनपान नहीं मिल सका, जिससे उसकी स्थिति लगातार बिगड़ती गई।


जीवनदान पाने वाली नन्ही परी।

स्थिति की गंभीरता को आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने नियमित गृह भ्रमण के दौरान पहचाना। तत्परता दिखाते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तुरंत हस्तक्षेप किया। परिवार को जागरूक करते हुए स्तनपान के महत्व के बारे में समझाया गया तथा कंगारू मदर केयर की विधि का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बच्ची को विशेष नवजात देखभाल इकाई में भर्ती कराकर उचित चिकित्सा उपलब्ध कराई गई।

स्वास्थ्य टीम की निरंतर निगरानी, समय पर उपचार और परिवार के सहयोग से सरस्वती के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार हुआ। आज वह पूरी तरह स्वस्थ और सक्रिय है। इस प्रयास ने न केवल एक मासूम की जिंदगी बचाई, बल्कि परिवार में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच भी विकसित की। यह प्रेरणादायक उदाहरण बताता है कि समय पर पहचान, सही उपचार और सामुदायिक सहयोग से गंभीर परिस्थितियों को भी सफलता में बदला जा सकता है।

## खो खो प्रतियोगिता में बदायूं ने हासिल किया प्रथम स्थान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में आयोजित तृतीय अन्तर जनपदीय कबड्डी कलस्टर (महिला/पुरूष) कबड्डी, जिम्नास्टिक, फैंसिंग एवं खो-खो प्रतियोगिता वर्ष-2026 का शुभारम्भ किया गया।





बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 ह्रदेश कठेरिया द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में तृतीय अन्तर जनपदीय कबड्डी कलस्टर (महिला/पुरूष) कबड्डी, जिम्नास्टिक, फैंसिंग एवं खो-खो प्रतियोगिता वर्ष-2026 का शुभारम्भ किया गया। जिसमें बरेली जोन के 08 जनपदो द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद बिजनौर द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग नही किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभेषिक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन रजनीश कुमार उपाध्याय, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राम राजा यादव, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइंस/कोतवाली व अन्य जनपदों से आये हुए सभी टीम के मैनेजर मौजूद रहे।

प्रतियोगिता का संचालन इन्द्रजीत सिंह प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के रूप में अमित रिछारिया जिला क्रीड़ा अधिकारी, दीपेश कुमार बेसिक शिक्षा पीटीआई, रामदास यादव एनआईएस, रामअवतार बेसिक शिक्षा पीटीआई एवं ज्योति सक्सेना जिला व्यायाम शिक्षिका बदायूँ उपस्थित रहे।

### आज के प्रतियोगिता के परिणाम निम्न प्रकार रहे

खो–खो प्रतियोगिता(पुरूष) का प्रथम मैच जनपद बदायूँ एवं जनपद रामपुर के मध्य खेला गया जिसमें जनपद बदायूँ मुकाबला जीता।

खो–खो प्रतियोगिता(पुरूष) का द्वितीय मैच जनपद अमरोहा एवं जनपद शाहजहॉपुर के मध्य खेला गया जिसमें जनपद अमरोहा यह मुकाबला जीता।

खो–खो प्रतियोगिता(पुरूष) का तीसरा मैच जनपद पीलीभीत एवं जनपद मुरादाबाद के मध्य खेला गया जिसमें जनपद पीलीभीत यह मुकाबला जीता।

खो–खो प्रतियोगिता(पुरूष) का चतुर्थ मैच जनपद सम्भल एवं जनपद बरेली के मध्य खेला गया जिसमें जनपद बरेली यह मुकाबला जीता।

## एडवेंचर कैंप के लिए शीतलाखेत अल्मोड़ा रवाना हुए स्काउट्स

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** भारत स्काउट एवं गाइड संस्था के तत्वावधान में प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र शीतलाखेत, अल्मोड़ा (उत्तराखंड) में आयोजित होने वाले एडवेंचर कैंप के लिए जिले से तीन स्काउट्स और पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा को संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग बच्चों में अनुशासन, सेवा, साहस, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करती है। एडवेंचर कैंप में भाग लेने वाले स्काउट्स का अभूतपूर्व उत्साह चुनौतियां का सामना करने की हिम्मत देता है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि एडवेंचर गतिविधियां युवाओं के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जंगलों, नदियों और पहाड़ों के बीच आयोजित होने वाले विभिन्न साहसिक कार्यक्रम बच्चों में नई ऊर्जा, उत्साह और आत्मनिर्भरता का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति के निकट रहकर प्रतिभागी टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और विपरीत परिस्थितियों में कार्य करने की कला सीखेंगे। जिला संगठन कमिश्नर मोहम्मद असरार ने कहा कि स्काउट-गाइड संस्था का उद्देश्य युवाओं को संस्कारवान, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। एडवेंचर कैंप युवाओं को जीवन की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने स्काउट्स से नए अनुभव लेकर लौटने का आह्वान किया। शीतलाखेत अल्मोड़ा रवाना होने वाले स्काउट्स में रोहित गुप्ता, फरदीन अहमद, जीवन गोला शामिल हैं। सभी प्रतिभागियों ने शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर डीटीसी सत्यपाल गुप्ता, निखिल चौहान आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### एसडीएम ने सुनी फरियादियों की समस्या, किया निस्तारण



**बिसौली।** एसडीएम साई आश्रित शाख मुरी ने बुधवार को तहसील मुख्यालय स्थित ऑफिस में दूरदराज से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान आने वाली शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आईएएस साई आश्रित शाख मुरी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि प्राप्त शिकायती पत्रों पर शीघ्र कार्रवाई कर उनकी रिपोर्ट उपलब्ध कराए, ताकि लोगों को समय पर न्याय और राहत मिल सके। उन्होंने कहा की आम लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान मन्नूनगर निवासी विशाल पुत्र रग्घू का आरोप है कि भूमि गाटा स. 169 में से कुछ भूमि पर जसवंत निवासी श्यामपुर ने कर लिया है। उपजिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह, नायब तहसीलदार मो. हारिस खान उपस्थिति रहे।

### महिला को जान से मारने की धमकी, तीन पर रिपोर्ट

**बदायूं।** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव परसोना निवासी अंबरवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर पर कबूतरों का पालती है। उसके गांव के धर्म सिंह, राधे व गोविंद की छत उसके घर से सटी हुई है। महिला का कहना है कि तीनों लोग छत के रास्ते उसके घर में घुस आते हैं और कबूतरों को मार देते हैं। जब उसने इसकी शिकायत की तो तीनों लोग कहने लगे कि कबूतरों को बिल्ली खा गई होगी।29 मई की सुबह तीनों आरोपित गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी। जिससे उसके परिवार में दहशत व्याप्त है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### रंजिशन मारपीट में दो लोगों पर प्राथमिकी

**बदायूं।** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव बक्सर निवासी जगपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई लोचन गांव के ही चंद्रसेन व विपिन के साथ पड़ोसी गांव बड़ेरिया में दावत खाने गया था। इसी दौरान चंद्रसेन व विपिन पुरानी रंजिश को लेकर भाई के साथ कहासुनी करने लगे। मामला बढ़ता देखकर उसका भाई गांव आ गया। कुछ देर बाद चंद्रसेन व विपिन धारदार हथियार लेकर आ गये और उसके भाई के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जिसमें उसके भाई को गंभीर चोटे आई हैं। शोरशराबा सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उसके भाई को बचाया। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने दोनों आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### युवक की बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव पालका नगला निवासी अनिल पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बाइक 5 मई को पड़ोसी गांव बरामालदेव से चोरी कर ली गई है। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का सुराग नहीं लग सका। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर बाइक की तलाश शुरु कर दी है।

### ग्रामीण से मारपीट में चार पर रिपोर्ट

**बदायूं।** उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव भवानीपुर निवासी वेदपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के अनिल, देवकुमार, आशेराम व ओमनारायण से कुछ दिन पहले खेत में पानी लगाने को लेकर कहासुनी हो गई थी। 30 मई को इसी रंजिश के चलते चारों आरोपितों ने उसे घेर लिया और मारपीट की। बाद में आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### नकदी-जेवर लेकर किशोरी प्रेमी संग फरार, दो पर मुकदमा

**बदायूं।** उझानी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपनी बीमार विवाहित पुत्री को देखने के लिये अस्पताल गया था। उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। उसकी पुत्री 27 मई की रीत से गायब है। घर आकर उसने उसकी तलाश शुरु की। इसी बीच उसे पता चला कि गांव निवासी ममता देवी के घर आने वाला एक युवक उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है। घर से जाते समय उसकी पुत्री 12 हजार रुपये नकद व सोने–चांदी के जेवर अपने साथ ले गई है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित महिला ममता देवी समेत एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरु कर दी है।

### किशोरी को अगवा करने में युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** उसावां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 1 जून की रात करीब 8 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री शौच करने के लिये खेत पर गई थी। रास्ते से शाहजहांपुर के थाना कलान के गांव नौगवां निवासी टेनी पुत्र राजेश्वर उसकी पुत्री का जबरन अपहरण कर ले गया। साथ में गई छोटी पुत्री ने घर आकर बताया कि पांच माह पूर्व टेनी ने बड़ी पुत्री के साथ जबरन छेड़छाड़ की थी। उस समय गांव के लोगों ने समझाकर मामला शांत करा दिया था। पिता ने पुत्री की जान का खतरा बताते हुए उसकी बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने खोला विकास का खजाना, 4.72 करोड़ से बनेंगी 48 सड़कें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद की पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने शहर के विकास को नई रफ्तार देते हुए 4.72 करोड़ रुपये की लागत से 48 सड़कों और विभिन्न निर्माण कार्यों को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत सड़क, नाली, आरसीसी नाला, इंटरलॉकिंग, पुलिया निर्माण, सौंदर्यीकरण और ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन जैसे कार्य कराए जाएंगे, जिससे शहर की आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी।


चेयरमैन फातमा रजा। -जागरण मोर्चा

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि सभी वार्डों में बिना भेदभाव विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उनका उद्देश्य नागरिकों को बेहतर आवागमन, स्वच्छ वातावरण और सुचारु जलनिकासी की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरे किए जाएं।

योजना के अंतर्गत शिवपुरम, कबूलपुरा, नेकपुर, सिविल लाइन, शहबाजपुर, सैयदगंज, नई सराय, ऊपरपारा और अन्य कई मोहल्लों में सीसी सड़क, हॉटमिक्स सड़क और नालियों का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा शहर में विभिन्न स्थानों पर नालों की मरम्मत, आरसीसी स्लैब, पुलिया निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य भी किए जाएंगे। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए विशेष रूप से नालों और स्लैब निर्माण पर जोर दिया गया है। नगर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण को बढ़ावा देने के लिए ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रमुख मार्गों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स और सफेद पट्टी कार्य से यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। विकास कार्यों की जानकारी मिलते ही संबंधित वार्डों के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय नागरिकों ने लंबे समय से चली आ रही खराब सड़कों, जलभराव और टूटी नालियों की समस्या के समाधान पर पालिकाध्यक्ष का आभार जताया है।

# सम्पादकीय

## दिल्ली जनजातीय सम्मेलन- अस्मिता, अधिकार का आधुनिक उलगुलान

भील और भारिया की दो कहावतें हैं - भील कहते हैं, "होने नी रेत, ने खोने नो डरह्व और भारिया कहते हैं "डोकरी मरिगे त कए घलो, बाकी राकस घर नई देखे।" इन दो जनजातीय कहावतों में लालकिले से जनजातीय संदेश का सार छिपा है। भील कहावत का अर्थ है - ह्लजिसके पास सोने की रेत नहीं, उसे खोने का डर क्या?ह्व जनजातीय समाज के लिए अब ये एक भुला-बिसरा चिंतन है। अब केवल भील नहीं अपितु देश के प्रत्येक जनजातीय, वनवासी, गिरिवासी समाज को पता है कि उसके पास खोने को एक स्वर्ण खदान से भी अधिक समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा है। इस जनजातीय सांस्कृतिक संपदा, उनकी वन संपदा, उनकी श्रम संपदा का अनैतिक दोहन बहुत हुआ! और भारिया कहावत का अर्थ है - ह्लबुढ़िया मर गई तो कोई बात नहीं, लेकिन राक्षस को घर का रास्ता नहीं देखना चाहिएह्व। जनजातीय समाज ने संसद के समक्ष सीना ठोककर कहा - ह्लहमारे समाज को तोड़ने के लिए विदेशी शक्तियों, ईसाईयत, इस्लाम और वामपंथी विचारकों रूपी 'राक्षस' ने जो लाल जाल बुना है, उसे अब हमने पहचान लिया गया है। अब हम उसे अपने घर की रह नहीं दिखायेंगे।

रविवार को दिल्ली के लालकिले पर संपन्न विशाल जनजातीय सम्मेलन केवल पारंपरिक वेशभूषा, मांदल, खजरी आदि की थाप पर नृत्य और सांस्कृतिक वैभव का प्रदर्शन मात्र नहीं था, बल्कि यह भारत के मूल समाज द्वारा अपनी पहचान, संस्कृति और अधिकारों की शंखध्वनि थी। यह सम्मेलन ऐसे समय में हुआ है सुदूर वनांचलों में रहने वाला हमारा जनजातीय समाज अपनी जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ अपनी सनातन संस्कृति को बचाने के लिए चतुर्दिक संघर्ष कर रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संवैचारिक, वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा कई दशकों से उठाए जा रहे मुद्दे अब राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में हैं। सम्मेलन की गठी हुई भाषा और प्रखर स्वर ने यह साफ कर दिया कि जनजातीय समाज अब मूक दर्शक नहीं, बल्कि अपने भाग्य का विधाता स्वयं बनने को आतुर है। लालकिले से वनवासी समाज ने प्रखरता, प्रचण्डता, प्रगल्भता और प्रबलता से 'डीलिस्टिंग' की अपनी पुरानी माँग का पुनरुद्घोष किया। आरएसएस सदा-सदा से यह कहता रहा है कि स्वधर्म छोड़कर ईसाइयत और इस्लाम को स्वीकारने वाले लोगों को अनुसूचित जाति, जनजाति से बाहर किया जाना चाहिए। ईसाई मिशनरियों ने व्यापक स्तर पर भोले-भाले जनजातीय समाज को बहला-फुसलाकर, आर्थिक लालच देकर, दबावपूर्वक; जैसे भी हो वैसे भी मतांतरण कराया है। देश में सतत चल रहे इस षड्यंत्रपूर्ण मतांतरण से झारखंड, छत्तीसगढ़ पूर्वोत्तर राज्य में ऐसे अनगिनत उदाहरण हो गए हैं जहां धर्मांतरित लोग दोहरे लाभ उठा रहे हैं। वे एक ओर अल्पसंख्यक होने के नाते सरकारी योजनाओं और विदेशों से आने वाले भारी-भरकम फंड (ऋछफअ) का लाभ लेते हैं, वहीं दूसरी ओर जनजातीय कोटे से आईएएस, आईपीएस और अन्य ऊंचे पदों पर आसीन होकर विदेशी एजेंडे को लागू करते रहते हैं। यह कटु सत्य है कि अपनी मूल संस्कृति में रमे ठेठ वनवासी आज भी सुविधाओं से वंचित हैं। सम्मेलन में सीधे शब्दों में चेतावनी दी गई कि "जो अपनी संस्कृति और पुरखों के देवी-देवताओं को छोड़ चुका है, वह जनजातीय कहलाने का हकदार नहीं हो सकता।" कुछ वर्षों से देश में कई प्रायोजित टूलकिट गिरोह सक्रिय हैं, जो जनजातीय समाज को बहका रही है कि "तुम हिंदू नहीं हो, इसलिए जनगणना के फॉर्म में खुद को हिंदू मत लिखाना।" लालकिले से जनजातीय समाज ने इस नैरेटिव का प्रखरता से खंडन किया है। यह षड्यंत्र मूलतः भारत की जड़ों को कमजोर करने का है। जनजातीय समाज प्रकृति पूजक है, और सनातन की आत्मा भी प्रकृति पूजा ही है। हम तुलसी, पीपल, सूर्य, नदी और गोवर्धन की पूजा करते हैं; और हमारे वनवासी भाई 'बूढ़ादेव', 'बड़ादेव' और जंगलों की पूजा करते हैं। शब्दों का अन्तर है, भाव हमारे एक हैं। भगवान राम के वनवास काल में निषादराज, शबरी और वानर-भालू (जो वनों के निवासी थे) उनके सहचर बने। भगवान शिव स्वयं 'किरात' (वनवासी) रूप धारण करते हैं। ऐसे में जनजातीय समाज को सनातन से अलग दिखाना एक गहरा जियोपालिटिकल षड्यंत्र है। यह भारत के भीतर 'सांस्कृतिक विभाजन' की नींव रखने का प्रयास है। दिल्ली के इस मंच से वक्ताओं ने झारखंड के संथाल परगना और छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' के अत्यंत विषैले व घातक पैटर्न को उजागर किया। असम और झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा जनजातीय महिलाओं को बहला-फुसलाकर या जबरन निकाह करने के मामले तेजी से बढ़े हैं। यह प्रवृत्ति मप्र जैसे राज्यों में भी बड़ी तेजी से बढ़ी है। चूंकि कानूनन कोई गैर-जनजातीय व्यक्ति जनजातीय की भूमि क्रय नहीं कर सकता, इसलिए इस कानून को धता बताने के लिए जनजातीय लड़कियों को मोहरा बनाया जाता है। निकाह के बाद जमीन उस महिला के नाम पर हस्तांतरित करा दी जाती है और परोक्ष रूप से उस भूमि पर नियंत्रण उस समुदाय का हो जाता है। झारखंड की रुबिका पहाड़िन या अंकिता सिंह जैसी बेटियों के उदाहरण अभी ताजा हैं। यह केवल एक सामाजिक अपराध नहीं है, बल्कि एक सोची-समझी रणनीतिक जनसांख्यिकीय लड़ाई है जो आने वाले समय में देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकती है।

# मंदी से दूर, लेकिन आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत



विक्रांत निर्मला सिंह

अर्थव्यवस्था का एक मूल सत्य है कि वह कभी पूरी तरह स्थिर नहीं रहती। वैश्विक परिस्थितियों, भू-राजनीतिक घटनाओं और बाजार की मनोवृत्तियों के अनुसार आर्थिक परिदृश्य बदलता रहता है। बीते फरवरी तक भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए परिस्थितियां अनुकूल थीं। भारत प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के साथ व्यापार समझौतों की दिशा में आगे बढ़ रहा था और निवेशकों का भरोसा भी मजबूत बना हुआ था। लेकिन पश्चिम एशिया में उभरे संकट और उससे पैदा हुई अनिश्चितताओं ने आर्थिक परिदृश्य को प्रभावित किया है।

आज सोशल मीडिया पर 'आर्थिक संकट' और 'मंदी' जैसे शब्दों की भरमार है। शेयर बाजार दबाव में है और आम लोगों के मन में यह सवाल है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति क्या है। इस प्रश्न का उत्तर तथ्यों और आर्थिक संकेतकों के आधार पर समझना आवश्यक है।

सबसे पहले यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि भारत में फिलहाल मंदी नहीं है। देश के प्रमुख आर्थिक संकेतक अब भी मजबूत बने हुए हैं। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6 से 6.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि महंगाई दर लगभग 3.5 प्रतिशत है, जो भारतीय रिजर्व बैंक के 4 प्रतिशत लक्ष्य के भीतर है। चालू खाते का घाटा भी लगभग 2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो चिंताजनक सीमा से नीचे है।

भारत के पास लगभग 690 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है, जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी लंबे समय तक आयात आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है। इसके अलावा अप्रैल 2026 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह रिकॉर्ड 2.43 लाख करोड़ रुपये रहा, जो आर्थिक गतिविधियों की मजबूती का संकेत देता है।

इन तथ्यों को देखते हुए यह कहना उचित नहीं होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मंदी में है। हालांकि अर्थव्यवस्था के सामने कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां अवश्य मौजूद हैं, जिनका संबंध खाद्य सुरक्षा, उर्वरक लागत, ऊर्जा कीमतों और निवेश प्रवाह से है।

इन चुनौतियों को समझने के लिए वित्त वर्ष 2026-27 के बजट पर नजर डालना आवश्यक है। सरकार ने कुल 4.8 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी का प्रावधान किया है, जिसमें खाद्य सब्सिडी के लिए 2.3 लाख करोड़ रुपये, उर्वरक सब्सिडी के लिए 1.7 लाख करोड़ रुपये तथा पेट्रोलियम सब्सिडी के लिए 12 हजार करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। लेकिन मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां इस गणित को बदलती दिखाई दे रही हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ऊर्जा बाजार की अस्थिरता के कारण तेल विपणन कंपनियों का कहना है कि उन्हें सब्सिडी वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर प्रति सिलेंडर लगभग 700 रुपये का नुकसान हो रहा है। ऐसी स्थिति में पेट्रोलियम सब्सिडी को बजटीय सीमा के भीतर रखना कठिन हो सकता है।

गौरतलब है कि पिछले वित्त वर्ष में, जब वैश्विक परिस्थितियां अपेक्षाकृत सामान्य थीं, तब भी इस मद में वास्तविक व्यय 26 हजार करोड़ रुपये रहा था, जबकि इस वर्ष इसके लिए केवल 12 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे स्पष्ट है कि ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर सरकारी वित्त पर पड़ सकता है।



उर्वरक क्षेत्र की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। सरकार ने उर्वरक सब्सिडी के लिए 1.7 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जबकि पिछले वर्ष वास्तविक व्यय 2.2 लाख करोड़ रुपये और 2022-23 में 2.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया था।

इसी बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरिया की कीमतें 120 प्रतिशत, डीएपी की 38 प्रतिशत, पोटाश की 87 प्रतिशत और अमोनिया की 84 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं। भारत आज भी यूरिया की लगभग एक-चौथाई, डीएपी की 60 प्रतिशत तथा पोटाश की लगभग पूरी आवश्यकता आयात के माध्यम से पूरी करता है। ऐसे में उर्वरक सब्सिडी का बोझ बढ़कर 4 से 4.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की आशंका है। यदि ऐसा होता है तो सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय दबाव बढ़ेगा।

तीसरी बड़ी चिंता खाद्य सुरक्षा से जुड़ी हुई है। इसकी जड़ में प्रशांत महासागर में विकसित हो रही मौसमीय घटना 'सुपर अल-नीनो' है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि जून के अंत या जुलाई तक इसका प्रभाव भारत में दिखाई दे सकता है, जिसके कारण मानसून में लगभग 8 प्रतिशत तक कमी आने की आशंका है। यह चिंता इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत की आधे से अधिक आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। कम वर्षा का अर्थ होगा कम कृषि उत्पादन, किसानों की आय में गिरावट और ग्रामीण मांग का कमजोर होना। देश के कुल एफएमसीजी बाजार का लगभग 37 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों से आता है। इसलिए यदि ग्रामीण आय प्रभावित होती है तो इसका असर ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल और उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री पर भी दिखाई देगा।

इतिहास भी इस आशंका को बल देता है। वर्ष 1972, 1987, 2002 और 2015 में अल-नीनो के प्रभाव ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर उल्लेखनीय दबाव डाला था।

इन परिस्थितियों का पहला सीधा प्रभाव राजकोषीय घाटे पर पड़ सकता है। सरकार का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-27 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रहेगा। लेकिन यदि सब्सिडी का बोझ बढ़ता है और सरकार को राहत देने के लिए करों में कटौती करनी पड़ती है, तो यह घाटा बढ़कर 4.5 से 5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। राजकोषीय घाटा बढ़ने का सबसे बड़ा असर सरकारी निवेश पर पड़ता है। ऐसी स्थिति में आधारभूत संरचना परियोजनाओं की गति धीमी हो सकती है, रोजगार सृजन प्रभावित हो सकता है और अर्थव्यवस्था में मांग का स्तर कमजोर पड़ सकता है। परिणामस्वरूप विकास की गति पर भी दबाव पड़ता है। अर्थव्यवस्था केवल आंकड़ों पर नहीं, बल्कि विश्वास पर भी चलती है। मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों ने भारत को लेकर निवेशकों की धारणा को कुछ हद तक प्रभावित किया है। हाल के महीनों में विदेशी निवेशकों का झुकाव भारत से हटकर ताइवान और दक्षिण कोरिया जैसे बाजारों की ओर बढ़ा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीकों और सेमीकंडक्टर उद्योग में तेजी ने इन अर्थव्यवस्थाओं को नई गति प्रदान की है।

स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2026 में अब तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार से 2.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि निकाल चुके हैं। हालांकि यह स्थिति स्थायी नहीं मानी जा सकती, लेकिन यह संकेत अवश्य देती है कि निवेशकों का विश्वास बनाए रखना सरकार और नीति-निर्माताओं के लिए एक बड़ी चुनौती होगा।

वर्तमान परिस्थितियों में भारत के सामने तीन प्रमुख प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। पहली प्राथमिकता घरेलू मांग और खपत को बनाए रखना है, क्योंकि भारत की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति उसका विशाल उपभोक्ता बाजार है। दूसरी प्राथमिकता निवेश की रफ्तार को बनाए रखना है। निवेश में कमी का सीधा अर्थ है कम रोजगार, कम उत्पादन और धीमी आर्थिक वृद्धि। इसलिए सरकार को सार्वजनिक और निजी दोनों प्रकार के निवेश को प्रोत्साहित करना होगा। तीसरी और सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता भारतीय अर्थव्यवस्था में भरोसा बनाए रखना है। नीतिगत स्थिरता, सुधारों की निरंतरता और स्पष्ट आर्थिक दृष्टि ही निवेशकों, उद्योगों और आम नागरिकों का विश्वास मजबूत कर सकती है। आज ऐसे अनेक आकलन सामने आ रहे हैं जो भारत को आर्थिक संकट या मंदी की ओर बढ़ता हुआ बताते हैं। लेकिन किसी भी अर्थव्यवस्था का मूल्यांकन कुछ महीनों की परिस्थितियों से नहीं, बल्कि उसकी दीर्घकालिक क्षमता और संरचनात्मक मजबूती से किया जाना चाहिए। भारत के पास विशाल युवा जनसंख्या, तेजी से बढ़ता घरेलू बाजार, मजबूत संस्थागत ढांचा, तकनीकी क्षमता और उद्यमशीलता की संस्कृति जैसी अनेक शक्तियां हैं। यही कारण है कि भारत आज भी दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।

निश्चित रूप से देश के सामने कुछ गंभीर आर्थिक चुनौतियां मौजूद हैं, लेकिन इन्हें मंदी का संकेत मानना उचित नहीं होगा। आवश्यकता केवल समय पर नीतिगत हस्तक्षेप, विवेकपूर्ण आर्थिक प्रबंधन और नागरिकों के धैर्य एवं विश्वास की है। यदि इन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया गया तो भारत न केवल वर्तमान दबावों से उबर जाएगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी स्थिति को और अधिक सुदृढ़ कर सकेगा।

**(लेखक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला के शोधार्थी हैं।)**

# भारत की जांच एजेंसियां: सफलता, चुनौतियां और सावधानी की जरूरत

भारत की तेजी से बदलती आर्थिक और शैक्षणिक व्यवस्था में सरकारी जांच एजेंसियां कानून के शासन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग जैसी संस्थाएं वित्तीय अपराधों, मनी लॉन्ड्रिंग, कर चोरी, फ्रॉड और भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रही हैं। इनकी मेहनत, समर्पण और अनेक बड़ी सफलताओं की सराहना अवश्य की जानी चाहिए।



विवेक शुक्ला

हालांकि, इन एजेंसियों को कई गंभीर चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है। आधुनिक वित्तीय अपराध अत्यंत जटिल, बहु-राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ग्रहण कर चुके हैं। मनी लॉन्ड्रिंग के नेटवर्क शेल कंपनियों, क्रिप्टोकरेंसी और विदेशी बैंकों के माध्यम से संचालित होते हैं, जिनका पता लगाना आसान नहीं है। संसाधनों की सीमाएं, तकनीकी चुनौतियां, विशाल डेटा की जांच और त्वरित परिणाम देने की अपेक्षा भी इनके सामने बड़ी बाधाएं हैं। इसके बावजूद इन एजेंसियों को अपनी कार्रवाइयों में निष्पक्षता, प्रक्रियागत न्याय और सावधानी बनाए रखनी चाहिए। सामान्यतः उनका कार्य निष्पक्ष ही माना जाता है।

फिर भी, अच्छी नीयत के बावजूद अधूरी जांच के आधार पर जारी की गई प्रेस विज्ञप्तियां या तीखे सार्वजनिक बयान कभी-कभी निर्दोष संस्थानों, व्यवसायों और शिक्षा केंद्रों की साख को गहरी क्षति पहुंचा सकते हैं। वर्षों की मेहनत और अर्जित विश्वास एक झटके में प्रभावित हो सकता है।

इसी संदर्भ में FIITJEE का मामला उल्लेखनीय है। वर्ष 1992 में स्थापित यह प्रतिष्ठित संस्थान पिछले 33 वर्षों से लाखों छात्रों को IIT-JEE की तैयारी करा रहा है और देश के कोचिंग उद्योग में अपनी सुदृढ़ पहचान रखता है। बीती 26 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक विस्तृत प्रेस रिलीज जारी कर FIITJEE पर बड़े पैमाने पर फ्रॉड का आरोप लगाया तथा 206 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त करने का दावा किया। एजेंसी ने कहा कि संस्थान छात्रों को उचित सेवाएं नहीं दे रहा था और व्यवस्थित तरीके से धन का दुरुपयोग कर रहा था।




इस खबर का प्रभाव तत्काल और व्यापक रहा। लाखों छात्रों तथा अभिभावकों में चिंता का माहौल बन गया। जो संस्थान वर्षों से सफलता और विश्वास का प्रतीक माना जाता था, उसकी छवि अचानक प्रभावित हुई। वरिष्ठ अधिवक्ता मलक भट्ट का यह कहना उचित प्रतीत होता है कि जांच एजेंसियों को ऐसे बयान जारी करने से पहले पर्याप्त एहतियात बरतनी चाहिए, क्योंकि किसी संगठन की साख को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है।

पीड़ित पक्ष ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उसका तर्क था कि प्रेस रिलीज प्रारंभिक विश्लेषण पर आधारित थी और शो-कॉज नोटिस तक जारी नहीं किया गया था, जो प्रक्रिया संबंधी मानकों के विपरीत है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ के समक्ष प्रवर्तन निदेशालय ने सात दिनों के भीतर प्रेस रिलीज हटाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद 6 मई को याचिका का निस्तारण कर दिया गया।

इससे पहले 18 मार्च को भी न्यायालय ने जांच एजेंसी की प्रेस रिलीज में प्रयुक्त 'जजमेंटल एस्परसन्स' पर कड़ी टिप्पणी की थी और 2010 के गृह मंत्रालय के मेमोरेंडम का उल्लेख किया था। इस मेमोरेंडम में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जांच एजेंसियां चल रही जांच के दौरान मीडिया में राय प्रकट करने अथवा निर्णयात्मक भाषा का प्रयोग करने से बचें। दुर्भाग्यवश, तब तक काफी नुकसान हो चुका था। कई फ्रेंचाइजी साझेदार पीछे हट गए, बैंक ऋण देने में हिचकिचाने लगे, निवेशकों ने दूरी बना ली और कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित हुआ। सबसे बड़ी क्षति छात्रों और अभिभावकों के विश्वास को पहुंची। भारत का कोचिंग उद्योग लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़ा है। अभिभावक अपनी बचत और बच्चों का बहुमूल्य समय इन संस्थानों पर निवेश करते हैं। यदि पर्याप्त साक्ष्यों के बिना इस प्रकार के बयान बार-बार जारी होंगे तो पूरे शिक्षा क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसका असर केवल FIITJEE तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अन्य प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्टअप्स और निजी कंपनियों तक भी पहुंच सकता है।


विशेषज्ञों का मानना है कि जांच एजेंसियों को 2010 के गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करना चाहिए। प्रेस रिलीज तभी जारी होनी चाहिए जब पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हों और जांच एक ठोस स्तर तक पहुंच चुकी हो। अधिकारियों को तथ्यों और राय आधारित भाषा के बीच स्पष्ट अंतर समझाने के लिए नियमित प्रशिक्षण भी आवश्यक है।

न्याय में देरी अन्याय है, यह सत्य है। किंतु जल्दबाजी में किया गया न्याय भी निर्दोषों के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है। इसलिए जांच एजेंसियां पूरी निष्ठा और सख्ती से अपना दायित्व निभाएं, लेकिन निष्पक्षता, प्रक्रियागत न्याय और सावधानी को भी समान महत्व दें। तभी जनता का विश्वास और न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता दोनों सुरक्षित रह सकेंगी। यह भी स्वीकार करना होगा कि प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो भारत की न्याय व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। ईडी आर्थिक अपराधों, मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई कर आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करती है, जबकि सीबीआई गंभीर आपराधिक मामलों और भ्रष्टाचार संबंधी प्रकरणों की जांच कर कानून के शासन को सुदृढ़ बनाती है। दोनों संस्थाओं ने अनेक अवसरों पर प्रभावशाली और शक्तिशाली अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई कर अपनी उपयोगिता सिद्ध की है। देश को इन संस्थाओं की निष्ठा और समर्पण पर भरोसा है। साथ ही यह अपेक्षा भी है कि उनका कार्य और अधिक पेशेवर, पारदर्शी तथा संतुलित होगा, ताकि न्याय केवल किया ही न जाए, बल्कि होता हुआ दिखाई भी दे।

**(लेखक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के पूर्व सलाहकार हैं)**

# साइकिल की घंटी और इंदौर का बचपन

इंदौर की पहचान केवल पोहे-जलेबी, राजवाड़ा और सराफा से नहीं बनी। इस शहर की गलियों में कभी साइकिल की घंटी भी उतना ही परिचित था, जितनी आज मोटरगाड़ियों की आवाज है। विश्व साइकिल दिवस हमें केवल एक वाहन की याद नहीं दिलाता, बल्कि उस दौर की स्मृति भी जगाता है जब साइकिल इंदौर की जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा हुआ करती थी।



अजय कुमार बियानी

एक समय था जब किसी घर में नई साइकिल आना किसी उत्सव से कम नहीं माना जाता था। विवाह में दूल्हे को साइकिल मिल जाए तो पूरे मोहल्ले में चर्चा होती थी। बच्चों के लिए साइकिल चलाना केवल शौक नहीं, बल्कि बड़े होने का प्रमाणपत्र होता था। पिता की साइकिल को बिना अनुमति छूना भी किसी साहसिक अभियान जैसा अनुभव माना जाता था।

इंदौर का साइकिल से रिश्ता बहुत पुराना है। लगभग सवा सौ वर्ष पहले नगर प्रशासन साइकिल चलाने के लिए लाइसेंस जारी करता था। इतना ही नहीं, साइकिल पर वार्षिक कर भी लगाया जाता था। आज की पीढ़ी को यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि जिस साइकिल को अब पर्यावरण मित्र माना जाता है, कभी उस पर कर भी देना पड़ता था।

वर्ष 1958 के नगर निगम चुनाव में साइकिल कर एक बड़ा मुद्दा बन गया था। नागरिक मोर्चे ने इसे समाप्त करने का वादा किया और जनता ने उसका भरपूर समर्थन किया। चुनाव जीतते ही साइकिल कर समाप्त कर दिया गया। यह घटना बताती है कि उस समय साइकिल केवल साधन नहीं, बल्कि आम आदमी की आवश्यकता थी। कपड़ा मिलों के स्वर्णिम दौर में हजारों मजदूर प्रतिदिन साइकिल से काम पर जाते थे। सुबह-सुबह मिलों की ओर बढ़ती साइकिलों की कतारें इंदौर की पहचान हुआ करती थीं। वर्ष 1956 में शहर में लगभग

विश्व साइकिल दिवस आज



तीस हजार पंजीकृत साइकिलें थीं। उस दौर में साइकिल के बिना जीवन की कल्पना करना कठिन था।

हमारे 'आपण इंदौरी' अंदाज़ में कहें तो तब पेट्रोल की चिंता नहीं थी, यातायात जाम का झंझट नहीं था और पार्किंग खोजने की परेशानी भी नहीं थी। साइकिल उठाई और निकल पड़े। न कोई प्रदूषण, न कोई शोर और न कोई तनाव। समय के साथ परिस्थितियां बदलती गईं। कभी दस रुपये में मिलने वाली साइकिल आज हजारों रुपये तक पहुंच गई है। गियर वाली, पहाड़ी और खेल प्रतियोगिताओं के लिए विशेष साइकिलें बाजार में उपलब्ध हैं। लेकिन विडंबना यह है कि साइकिल जितनी आधुनिक हुई, उतनी ही आम जीवन से दूर भी होती चली गई। आज छोटी-सी दूरी तय करने के लिए भी लोग मोटर वाहन निकालते हैं। पैदल चलना या साइकिल से जाना मानो प्रतिष्ठा के विरुद्ध समझ लिया गया है। दूसरी ओर चिकित्सक, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और पर्यावरणविद लगातार साइकिल अपनाने की सलाह दे रहे हैं।

अब साइकिल का एक नया रूप सामने आया है। पहले यह मजबूरी का साधन थी, आज यह स्वास्थ्य का साधन बन गई है। इंदौर की सड़कों पर सुबह के समय बड़ी संख्या में लोग साइकिल चलाते दिखाई देते हैं। कोई वजन कम करने के लिए पैडल मार रहा है, कोई हृदय को स्वस्थ रखने के लिए और कोई केवल ताज़ी हवा का आनंद लेने के लिए।

साइकिल की सबसे बड़ी ताकत इसकी सादगी है। यह न धुआं छोड़ती है, न शोर करती है और न ही ईंधन मांगती है। बढ़ते प्रदूषण और बदलते मौसम के दौर में साइकिल ऐसा समाधान प्रस्तुत करती है जो जेब और पर्यावरण दोनों के लिए हितकारी है। इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में देश को नई दिशा दिखाई है। यदि शहर में छोटी दूरी के लिए साइकिल उपयोग की संस्कृति को बढ़ावा मिले तो यह स्वच्छता अभियान का स्वाभाविक विस्तार होगा। इससे यातायात का दबाव घटेगा, प्रदूषण कम होगा और नागरिकों का स्वास्थ्य बेहतर होगा।

**(लेखक इंजीनियर एवं स्तंभकार हैं।)**

## आत्मनिर्भर होता भारत

दुनिया भर के देश युद्ध की विभीषिका के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में भारत लड़ाकू बेड़ा बढ़ाने के साथ इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता जा रहा है। यह वह दौर है जिसमें अपनी सीमाओं की सुरक्षा और दुश्मन देश को ताकत का अहसास कराना एक आवश्यक कदम बन गया है। हाल ही में भारतीय वायुसेना के लिए 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद और निर्माण के लिए भारत ने फ्रांस को औपचारिक प्रस्ताव (एल ओआर) भेज दिया है। 'मेक इन इंडिया' के तहत इन 114 राफेल विमानों में से करीब 90 विमान फ्रांस की मदद से भारत में ही बनाए जाएंगे। यानी कि पहली बार ऐसा होगा जब राफेल फ्रांस की धरती से बाहर बनाएं जाएंगे। भारतीय कंपनी द्वारा इन विमानों में 50 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी पुर्जो और हथियारों का इस्तेमाल किया जाएगा। भारतीय वायुसेना भविष्य के लिए इनमें ब्रह्मोस-एनजी और अस्त्र मिसाइलों को जोड़ने की भी तैयारी कर रही है। इसके अलावा नौसेना के लिए 26 राफेल-मरीन जेट्स की डील भी पहले ही हो चुकी है, जो विमान वाहक पोतों पर तैनात किए जाएंगे। फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन ने भारत में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ साझेदारी की है, जिसका उत्पादन वित्तीय वर्ष 2028 से शुरू हो जाएगा। भारत पहले ही 2016 के भारत-फ्रांस समझौते के तहत 36 राफेल विमानों को शामिल कर चुका है। अब प्रस्तावित नई डील के तहत अधिकांश विमान भारत में ही तैयार किए जाएंगे। फ्रांसीसी कंपनी दसों एविएशन और एक भारतीय साझेदार कंपनी के बीच सहयोग से लगभग 90 से 94 विमान देश में निर्मित किए जाने की योजना है, जबकि बाकी विमान सीधे फ्रांस से आएंगे।

# टीजीटी परीक्षा के पहले दिन 2020 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बदायूं।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) परीक्षा के पहले दिन जिले में शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न हुई। कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच 13 केंद्रों पर दो पालियों में हुई इस परीक्षा में आधे से अधिक अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के अनुसार, प्रशासन की सतर्कता के कारण दोनों पालियों में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना या अव्यवस्था की कोई शिकायत सामने नहीं आई।

बुधवार को आयोजित की गई टीजीटी परीक्षा को लेकर प्रशासन बेहद गंभीर नजर आया। सभी 13 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगातार केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। इसके साथ ही हर केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे परीक्षा बिना किसी बाधा के संपन्न हुई।


- **दोनों पालियों में कुल मिलाकर 5605 अभ्यर्थी थे पंजीकृत, 3585 परीक्षा में बैठे**
- **पहली पाली में 1896 व दूसरी पाली में 1689 अभ्यर्थियों ने दी यूपी टीजीटी की परीक्षा**

डीआईओएस कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में परीक्षार्थियों की उपस्थिति काफी कम दर्ज की गई। प्रथम पाली में कुल 3,687 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से केवल 1,896 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1,791 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, द्वितीय पाली में पंजीकृत 2,918 अभ्यर्थियों में से 1,689 परीक्षा में शामिल हुए और 1,229 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

अधिकारियों ने बताया कि पहले दिन की दोनों पालियों को मिलाकर कुल 6,605 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 3,585 उपस्थित रहे और 3,020 ने परीक्षा छोड़ दी। प्रशासन अब अगले दिन की परीक्षा को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। गुरुवार को दो पालियों में कुल 7,510 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे, जिसके लिए सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है।

## सार संक्षेप

### पार्थ के जिला कमांडेंट होमगार्ड बनने पर खटीमा व बरेली में खुशी



**खटीमा।** दंत चिकित्सक डॉ उत्कर्ष पांडे पुत्री जगदीश चंद पांडे खटीमा गवर्नमेंट कांट्रेक्टर के पति बरेली निवासी पार्थ पांडे ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग यूकेपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिला कमांडेंट होमगार्ड का पद हासिल किया है। इस उपलब्धि पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है। पार्थ वर्तमान में कोलकाता स्थित सेंचुरी प्लाईवुड इंडिया लि में मैनेजर सीएसआर हैं। पार्थ की प्रारंभिक शिक्षा बरेली से हुई थी। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर से इंजीनियरिंग व अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर किया। इसके पिता इफको के जीएम पद से सेवानिवृत एवं माता सरकारी विद्यालय में शिक्षिका हैं। उनके बड़े भाई एमबीबीएस बेस अस्पताल में सेवा दे रहे हैं।

### नोजगे की छात्रा रही अंजलि सहायक नगर आयुक्त बनीं



**खटीमा।** नोजगे पब्लिक स्कूल हैप्पी की पूर्व छात्रा रही अंजलि चंद ने पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सहायक नगर आयुक्त पद हासिल किया है। वर्तमान में अंजलि खंड शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा के पद पर कार्य हैं। नोजगे हैप्पी से इंटर करने के बाद अपने कैरियर की शानदार शुरुआत कर खंड शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा के बाद अब सहायक नगर आयुक्त के पद पर चयनित होकर अपने करियर में एक और महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। पब्लिक स्कूल की प्रबंध निदेशिका सुरेंद्र कौर हैप्पी ने अंजलि की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा की नोजगे विद्यालय अपने विद्यार्थियों के न केवल शैक्षिक उत्कृष्ट बल्कि उन्हें एक लक्ष्य प्राप्त करने की भी प्रेरणा देता है। अंजलि की सफलता को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बताते हुए उन्होंने विद्यालय के मूल्य एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण बताया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमचंद्र पंत ने अंजलि को बधाई देते हुए कहा है कि यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और समर्पण भाव से प्राप्त हुई है अंजलि की सफलता ने विद्यालय ही नहीं बल्कि क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया है।

### गेहूं के भुगतान की मांग को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन


**खटीमा।** यूसीएफ द्वारा खटीमा में खोले गए क्रय केंद्र पर गेहूं विक्रय करने के बाद किसानों को अभी तक भुगतान नहीं किया गया है जिस संबंध में ग्राम पंचायत नदन्ना के एक लगभग दर्जन से अधिक किसानों ने जिला अधिकारी को एक ज्ञापन सौंप कर यूसीएफ द्वारा क्रय किए गए गेहूं का भुगतान देने के गुहार लगाई है। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने कहा कि विक्रय गेहूं का अब तक भुगतान न होने से किसान काफी परेशान है और आगामी धान की फसल लगाने हेतु खाद डीजल लेने एवं केसीसी जमा करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बलराम सिंह, कल्लू सिंह, प्रकाश सिंह, आदेश सिंह, बलवीर सिंह, दान सिंह, पूरन सिंह, अमरजीत सिंह, संजीत सिंह, सूरज सिंह, लक्ष्मी राना, मोहन सिंह, मानवती तथा विकास सिंह ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर भुगतान देने हेतु निर्देशित करने का अनुरोध किया है।

### रोडवेज के रंग में बस को कलर करवाकर कर रहे थे डग्गामारी, बस सीज

**लखनऊ।** परिवहन विभाग की टीम के हाथ बुधवार को एक ऐसी डग्गामार बस लगी, जो हूबहू रोडवेज की लग रही थी। बस को रोडवेज बसों के रंग में रंगवाकर यात्रियों में सेंधमारी की जा रही थी। टीम ने टेढ़ी पुलिया से बस को पकड़ा। 1.36 लाख रुपये जुर्माना लगाया और बस सीज कर दी। एआरटीओ प्रवर्तन आलोक कुमार यादव रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों की शिकायत पर बुधवार को आलमबाग टेढ़ी पुलिया पर संयुक्त चेकिंग अभियान चला रहे थे। टेढ़ी पुलिया पर जांच के दौरान दोपहर करीब बारह बजे बस संख्या यूपी 3 एटी 4703 मिली। यह बस रोडवेज बस के रंग में रंगी थी। लेकिन जब दस्तावेजों को खंगाला गया तो बस प्राइवेट पाई गई। जो कमरूल हसन के नाम से प्रयागराज में पंजीकृत है। मौके पर बस ड्राइवर मनोज मिला। प्रवर्तन टीम ने बस को सीज कर दिया और उसे वृंदावन स्थित पी-4 पार्किंग में पहुंचाया।

# वाहन मालिकों को बड़ी राहत, बकाया टैक्स पर 35 प्रतिशत छूट, जुर्माना पूरी तरह माफ

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यवसायिक वाहन स्वामियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत बकाया मूल कर पर 35 प्रतिशत तक छूट और जुर्माना पूरी तरह माफ किया जाएगा। योजना दो माह तक लागू रहेगी। इससे लाखों वाहन मालिकों को राहत मिलेगी और सरकार को लंबित राजस्व की वसूली होगी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने लाखों व्यवसायिक वाहन स्वामियों को बड़ी राहत देते हुए बकाया कर और जुर्माने के निस्तारण के लिए नई एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। योजना के तहत बकाया मूल कर पर 35 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी, जबकि जुर्माने की पूरी राशि माफ कर दी जाएगी।

सरकार का मानना है कि इस फैसले से लंबे समय से कर न जमा कर पाने वाले वाहन मालिकों को राहत मिलेगी और परिवहन विभाग को भी फंसा हुआ राजस्व प्राप्त हो सकेगा। योजना अधिसूचना जारी होने की तिथि से दो माह तक प्रभावी रहेगी।

परिवहन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में 7.5 टन तक के हल्के व्यवसायिक वाहनों की संख्या 29.15 लाख है। इनमें से 8.48 लाख वाहनों पर कुल 1,852.96 करोड़ रुपये का कर बकाया है। इस बकाये में 1,073.47 करोड़ रुपये मूल कर और 779.50 करोड़ रुपये जुर्माना शामिल है। विभाग का मानना है कि बकाया राशि अधिक होने के कारण बड़ी संख्या में वाहन स्वामी कर जमा नहीं कर पा रहे थे, जिससे राजस्व वसूली प्रभावित हो रही थी।

कैबिनेट ने एक और महत्वपूर्ण संशोधन को भी मंजूरी दी है। इसके तहत पुराने वाहनों पर देय एकबारीय कर की गणना करते समय वाहन स्वामी द्वारा पहले से जमा कर की राशि को समायोजित किया जाएगा। यानी वाहन मालिकों से केवल शेष बकाया राशि ही वसूली जाएगी। इससे उन्हें अतिरिक्त वित्तीय राहत मिलेगी। परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इससे पहले वर्ष 2022-23 और 2024-25 में भी समाधान योजनाएं लागू की गई थीं, लेकिन उनमें केवल जुर्माने में छूट दी गई थी। इस बार मूल कर में भी राहत दिए जाने से योजना के अधिक सफल होने की उम्मीद है।इस प्रस्ताव की मंजूरी से वर्षों से लंबित करोड़ों रुपये के राजस्व की वसूली भी संभव हो सकेगी। परिवहन विभाग जल्द ही योजना की विस्तृत अधिसूचना जारी करेगा।

# लखनऊ, आगरा, अयोध्या आदि जिलों में चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** अयोध्या और लखनऊ समेत प्रदेश के 18 शहरों में लोगों को सुगम यातायात की सुविधा देने के लिए एसी इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। नगर विकास विभाग के इस प्रस्ताव को बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में मंजूरी मिल गई है। इन बसों का संचालन प्राइवेट संचालकों द्वारा ग्रास कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (जीसीसी) मॉडल पर किया जाएगा। इन बसों के संचालन से 45 हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि प्रदेश में आरामदायक और प्रदूषण मुक्त सिटी बसों के नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। सरकार ने बढ़ते शहरीकरण, नागरिकों की परिवहन आवश्यकताओं तथा पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों को चरणबद्ध रूप से संचालित किया जाएगा। इससे नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ, वातानुकूलित एवं पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही वायु एवं ध्वनि प्रदूषण में भी कमी आएगी तथा प्रदेश के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद मिलेगी। इस महत्वाकांक्षी योजना से करीब 10500 प्रत्यक्ष और 35000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।


लखनऊ, आगरा, अयोध्या, अलीगढ़, बरेली, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, मथुरा-वृंदावन, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, शाहजहांपुर, सहारनपुर, वाराणसी एवं नोएडा (जेवर सहित) में 982 बसों का संचालन होगा। नगर विकास विभाग ने कुल 1725 ई बसों का संचालन का प्रस्ताव था। इसमें से 743 इलेक्ट्रिक बसों का पहले से ही संचालन किया जा रहा है।

# टनकपुर पावर स्टेशन ने रचा नया कीर्तिमान, बढ़ते जलस्तर के साथ तेज हुई बिजली उत्पादन की रफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बनबसा/चंपावत।** उत्तराखंड की ऊर्जा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाले एनएचपीसी के टनकपुर पावर स्टेशन ने चालू वित्तीय वर्ष के शुरुआती दो महीनों में ही उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 52 मिलियन यूनिट से अधिक विद्युत उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने से आने वाले दिनों में उत्पादन में और अधिक बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है।

पावर स्टेशन के मुख्य महाप्रबंधक ऋषि रंजन आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि टनकपुर पावर स्टेशन को वर्ष 2026-27 के लिए 452.19 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की दिशा में स्टेशन ने शानदार शुरुआत करते हुए 1 अप्रैल से 1 जून तक 52.368 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर लिया है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों नदी में जल प्रवाह कम होने के कारण केवल दो टरबाइनों के माध्यम से लगभग 50 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा था।


एनएचपीसी महाप्रबंधक ऋषि रंजन आर्य।

लेकिन अब नदी में जलस्तर बढ़ने लगा है, जिससे जून के बाद तीनों टरबाइनों का पूर्ण संचालन संभव होगा। इसके बाद प्रतिदिन 90 से 99 मेगावाट तक बिजली उत्पादन किए जाने की संभावना है। वर्तमान में नदी में लगभग 11 हजार क्यूसेक पानी प्रवाहित हो रहा है, जिससे पावर स्टेशन की उत्पादन क्षमता लगातार मजबूत हो रही है।

ऊर्जा क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि मानसून के दौरान जलस्तर में और वृद्धि होने पर टनकपुर पावर स्टेशन अपने वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को समय से पहले हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकता है। यह उपलब्धि न केवल एनएचपीसी के लिए बल्कि पूरे उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय है।

# बोर्ड ने सिपाही भर्ती परीक्षा से पहले चेताया, परीक्षा में सॉल्वर बनकर बैठे तो संपत्ति होगी जब्त

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने भर्ती परीक्षाओं से पहले सख्त चेतावनी जारी की है। परीक्षा में सॉल्वर बनकर बैठने वालों की संपत्ति जब्त की जा सकती है। प्रश्नपत्र से जुड़ी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा करना भी अपराध माना जाएगा।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने चेतावनी दी है कि यदि परीक्षा के दौरान कोई व्यक्ति बतौर सॉल्वर पकड़ा जाता है तो उसकी चल-अचल संपत्तियों को कुर्क किया जाएगा। इसके लिए विवेचक अपनी रिपोर्ट संबंधित जिले के डीएम को देगा। वहीं परीक्षा के प्रश्न पत्र के बारे में सोशल मीडिया पर चर्चा, प्रचार प्रसार आदि करना दंडनीय अपराध है।

बोर्ड के अपर सचिव भर्ती सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया कि बोर्ड के संज्ञान में आया है कि कुछ लोग आगामी परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों या उनके कंटेट पर चर्चा, विश्लेषण या प्रसार कर रहे हैं। उप्र सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2024 के प्रावधानों के तहत ऐसी सभी गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।

सॉल्वर गिरोह पकड़े जाने पर पहली बार में अधिकतम 7 वर्ष की सजा और 10 लाख रुपये जुर्माना और दूसरी बार पकड़े जाने पर आजीवन कारावास और 50 लाख से एक करोड़ रुपये जुर्माने का प्रावधान है।

# खटीमा में चोरी का खुलासा करने वाली मित्र पुलिस टीम सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** स्टेशन रोड पर गतमाह हुई तीन चोरियों का पर्दाफाश करने वाली खटीमा मित्र पुलिस टीम को धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में 32,000 का नगद पुरस्कार दिया गया। इस दौरान पुलिस के कार्यों की सराहना की गई।

कोतवाली में आयोजित सम्मान समारोह में व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, संजय बत्रा तथा नितिन बत्रा की दुकानों से 18 मई रात्रि में छत की दीवार काट कर चोरों ने लाखों रुपए की नकदी पार की थी। कोतवाली पुलिस से मामला दर्ज कर दो सप्ताह के अंदर दो अभियुक्तों को चोरी की नगदी एवं सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को चोरी की रकम एवं सामान बरामद कर पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया। दो सप्ताह के अंदर लाखों रुपए की चोरी का पर्दाफाश करने वाली उत्तराखंड मित्र पुलिस की टीम को व्यापार मंडल, भारत विकास परिषद, उत्तरांचल पंजाबी महासभा, अग्रवाल महासभा, गुरु नानक सिंह सभा, पूर्वांचल सेवा समिति, मुक्ति धाम सेवा समिति, शिवसेना, बजरंग दल, किराना एसोसिएशन, मोबाइल एसोसिएशन, स्वर्णकार एसोसिएशन, कादरी कॉलोनी वेलफेयर सोसाइटी, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, ड्रग एसोसिएशन, लोहा व्यापार मंडल, सनातन श्री रामलीला पात्र परिषद आदि संगठनों ने सम्मान समारोह आयोजित कर पुलिस टीम को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में गौरी कम्युनिकेशन के प्रोपराइटर एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने 21,000 तथा राइस मिलर एसोसिएशन खटीमा द्वारा 11,000 रूपए नकद पुरस्कार दिए। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी एवं एसएसपी उत्तम सिंह नेगी की देखरेख में व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शाह, एसएसआई केसी आर्य, चौकी प्रभारी जीवन सिंह चुफाल एवं पुलिस टीम को प्रतीक चिन्ह एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। एसएसपी नेगी ने कहा कि चोरी का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को विभागीय स्तर पर भी सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान सतीश गोयल, मनोज बाजवा, सुनील रैदानी, टीडी कांडपाल, भुवन भट्ट ठाकुर उदय प्रताप सिंह, तरुण ठाकुर, नीरज रस्तोगी, कामिल खान, अनिल बत्रा, विश्वनाथ यादव सुमित गुंबर, राहुल सक्सेना, आशीष अग्रवाल, अशोक बंसल आदि सम्मिलित थे।

# संदीप सिंह हत्याकांड पर राजनीति गर्मायी, ओपी राजभर का अखिलेश पर तंज

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** रियल एस्टेट कारोबारी संदीप सिंह हत्याकांड को लेकर राजनीति गर्म है। हत्याकांड को लेकर प्रदेश सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। राजभर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि जिस हत्या को लेकर सपा लगातार सरकार को घेर रही थी, अब उसी मामले में गिरफ्तार आरोपी सपा से जुड़ा निकला है।

राजभर ने लिखा...एक कहावत है, उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। 27 तारीख से अखिलेश यादव कह रहे थे कि लखनऊ में हत्या हो गई, लेकिन हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं हुई। अब हत्यारा मिल गया है और वह आपका अपना करीबी निकला। उन्होंने दावा किया कि गिरफ्तार आरोपी सपा की समाजवादी लोहिया वाहिनी का पदाधिकारी रहा है। राजभर ने आरोप लगाया कि एक आरोपी यादव और दूसरा मुस्लिम समुदाय से है और दोनों सपा के समर्थक हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यही वे लोग हैं जिन्हें आप अपना बच्चा बताते हैं। राजभर ने अपने पोस्ट में एक तस्वीर भी साझा की है। जिसमें हत्याकांड का मास्टरमाइंड की अखिलेश यादव के साथ है।

विधायक महाराजी प्रजापति के आवास पर हुए बवाल ने अब उत्तर प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने इस मामले को हथियार बनाते हुए समाजवादी पार्टी और उसके पीडीए फार्मूले पर जोरदार हमला बोला है। सोशल मीडिया पर किए गए उनके तीखे पोस्ट ने अमेठी की सियासत को और गर्मा दिया है।

**फेरबदल** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभारी मंत्रियों के जिले बदले

# भूपेंद्र चौधरी को आगरा तो मनोज पांडेय को सीतापुर का प्रभार

जागरण मोर्चा कार्यालय





**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मंत्रियों को नए सिरे से जिलों का प्रभार सौंपा है। यह फैसला आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को ध्यान में रखकर लिया गया है। प्रभारी मंत्री विकास कार्यों की निगरानी के साथ जनता की समस्याओं के समाधान पर भी विशेष ध्यान देंगे।

प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मंत्रियों को उनके प्रभार वाले जिलों का नए सिरे से आवंटन किया गया है। मंत्री पद की शपथ लेने वाले भूपेंद्र चौधरी को आगरा व कासगंज, जबकि मनोज कुमार पांडेय को सीतापुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। मंत्रियों को जिलों का प्रभार देने में सामाजिक और जातीय समीकरणों का भी खास ध्यान रखा गया है।

इसी तरह सुरेश खन्ना को वाराणसी व लखनऊ, सूर्य प्रताप शाही को अयोध्या व बस्ती, स्वतंत्र देव सिंह को प्रयागराज व गोरखपुर, बेबी रानी मौर्य को इटावा व हाथरस, लक्ष्मी नारायण चौधरी को अलीगढ़ व फिरोजाबाद, जयवीर सिंह को झांसी व फर्रुखाबाद, धर्मपाल सिंह को गाजियबाद व रामपुर, नंदगोपाल गुप्ता नंदी को मिर्जापुर व चित्रकूट, अनिल राजभर को आजमगढ़ व सिद्धार्थनगर, राकेश सचान को रायबरेली व कन्नौज, अरविंद कुमार शर्मा को जौनपुर व भदोही, योगेंद्र उपाध्याय को कानपुर नगर, आशीष पटेल को गोंडा, संजय निषाद को कानपुर देहात, ओपी राजभर को अंबेडकरनगर, दारा सिंह चौहान को कुशीनगर व श्रावस्ती, सुनील कुमार शर्मा को सहारनपुर, अनिल कुमार को मुरादाबाद।

इसी प्रकार नितिन अग्रवाल को लखीमपुर खीरी, कपिलदेव अग्रवाल को बिजनौर, रवींद्र जायसवाल को गाजीपुर, संदीप सिंह को मथुरा, गुलाब देवी को अमरोहा, गिरीश चंद्र यादव को सुल्तानपुर, धर्मवीर प्रजापति को मैनपुरी, असीम अरुण को हरदोई व मेरठ, जेपीएस राठौर को संभल व बरेली, दयाशंकर सिंह को देवरिया व मऊ, नरेंद्र कुमार कश्यप को शाहजहांपुर, दिनेश प्रताप सिंह को बांदा व बहराइच, अरुण कुमार सक्सेना को बदायूं, डॉ. दयाशंकर मिश्रा दयालु को बलिया व महराजगंज, अजीत पाल सिंह को फतेहपुर, सोमेंद्र तोमर को मुजफ्फरनगर, मयंकेश्वर शरण सिंह को प्रतापगढ़। दिनेश खटीक को शामली, संजीव गोंड को चंदौली, बलदेव सिंह औलख को पीलीभीत, जसवंत सिंह सैनी को बागपत, रामकेश निषाद को हमीरपुर, मनोहर लाल मन्नू कोरी को महोबा, संजय सिंह गंगवार को जालौन, बृजेश सिंह को गौतमबुद्धनगर, केपी मलिक को हापुड़, सुरेश राही को बाराबंकी, प्रतिभा शुक्ला को अमेठी, राकेश राठौर गुरु को औरैया, रजनी तिवारी को उन्नाव, सतीश चंद्र शर्मा को बलरामपुर, दानिश आजाद को ललितपुर, विजय लक्ष्मी गौतम को संतकबीरनगर, कृष्णा पासवान को कौशांबी, कैलाश सिंह राजपूत को एटा, सुरेंद्र दिलेर को बुलंदशहर और हंसराज विश्वकर्मा को सोनभद्र का प्रभारी मंत्री बनाया गया है।

# ईंधन संकट के कारण लखनऊ-बैंकॉक की सीधी उड़ान पांच जून से बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** लखनऊ से बैंकॉक के बीच उड़ान भरने वाली थाई एयर एशिया की सीधी उड़ान पांच जून से बंद कर दी जाएगी। ईंधन संकट के चलते यह सेवा बंद की जा रही है। जबकि पिछले महीने मलयेशिया की सीधी उड़ान बंद कर दी गई है।

ईरान व अमेरिका के बीच जारी संघर्ष के चलते ईंधन संकट बरकरार है। इसका असर विमान सेवाओं पर भी पड़ रहा है। लखनऊ से मलयेशिया के क्वालालंपुर के बीच संचालित होने वाली एयर एशिया की सीधी उड़ान बंद कर दी गई है।

वहीं, बैंकॉक जाने वाली थाई एयर एशिया की डायरेक्ट फ्लाइट पांच जून से बंद कर दी जाएगी। थाई एयर एशिया की बैंकॉक से लखनऊ आने वाली सीधी उड़ान संख्या एफडी-146 रात 8:25 बजे उड़ान भरकर रात 10:51 बजे पहुंचती है।

वापसी में लखनऊ से बैंकॉक जाने वाली उड़ान संख्या एफडी-147 रात 11:05 बजे उड़ान भरकर सुबह 3:38 बजे पहुंचती है। ईंधन संकट के चलते विमान सेवा को पांच जून से बंद कर दिया जाएगा। सूत्र बताते हैं कि लखनऊ से बैंकॉक की थाई एयर एशिया की सीधी उड़ान से सर्वाधिक हाइड्रोपोनिक वीड की तस्करी होती थी। दर्जनभर से अधिक मामले कस्टम की टीम ने पकड़े हैं। ऐसे में सीधी उड़ान बंद हो जाने से गांजे की तस्करी पर भी विराम लगने की संभावनाएं अफसर जता रहे हैं।

# गोमती नदी पुनरुद्धार के लिए मिलकर करना होगा कार्यः वाबूराम पासवान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर/घुंघचाई।** ग्राम पंचायत गोपालपुर व अजीतपुर बिल्हा (सिमरा घाट) से मां गोमती के पुनरोद्धार कार्य का भव्य शुभारंभ किया गया। विधायक, डीएम सहित अन्य अधिकारियों ने फावडा चलाकर सफाई कार्य शुरु कराया गया। मां गोमती के जयकारे से बातावरण भक्तीमय हो गया।

घुंघचाई क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोपालपुर व अजीतपुर बिल्हा के सिमरा घाट से मां गोमती नदी के पुनरोद्धार के लिए भाजपा विधायक वावूराम पासबान,जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने पहुंच कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ कराया। उन्होंने आमजन के अलावा अधिकारियों के साथ फावडा चलाकर नदी के पुनरोद्धार के लिए श्रम दान किया,जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि गोमती नदी केवल जलधारा नहीं,बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का महत्वपूर्ण आधार है। इसके संरक्षण एवं पुनरोद्धार के लिए प्रशासन और जनता को मिलकर कार्य करना होगा। भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने कहा कि जनसहभागिता के बिना किसी भी पर्यावरणीय अभियान को सफल नहीं बनाया जा सकता।

इस अभियान का उद्देश्य नदी की स्वच्छता, जलधारा का संरक्षण तथा आसपास के पर्यावरण को बेहतर बनाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत गोमती नदी के किनारे स्थित 16 ग्राम पंचायतों में लगभग 47 किलोमीटर क्षेत्रफल में विशेष सफाई एवं संरक्षण कार्य संचालित किया जा रहा है। नदी तटों की सफाई,अवैध अतिक्रमण की पहचान, जल स्रोतों के संरक्षण तथा वृक्षारोपण जैसे कार्यों को भी अभियान में शामिल किया गया है। ग्राम प्रधानों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी गोमती नदी के संरक्षण के लिए निरंतर जनजागरण चलाने का संकल्प लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य,मण्डल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी,ग्राम प्रधान पोथीराम, लक्ष्मण वर्मा, वीरेंद्र प्रताप सिंह ध्रुव,जिला उपाध्यक्ष अतेन्दर पाल सिंह,एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव, मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा,निर्भय सिंह, खंड हेमंत यादव, मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


पूजन करते हुए। -जागरण मोर्चा


फावडा चलाकर श्रमदान करते जनप्रतिनिधि और अधिकारी। -जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप



### विश्व साइकिल दिवस पर निकली साइकिल रैलियां

**पीलीभीत।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर जनपद में विभिन्न स्थानों पर साइकिल रैलियों का आयोजन कर स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस का संदेश दिया गया। पीलीभीत में मेरा युवा भारत द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से छतरी चौराहा तक साइकिल रैली निकाली गई, जिसमें करीब 150 युवाओं ने भाग लिया। जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतिभागियों ने फिट इंडिया और पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए। उधर पूरनपुर में गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में साइकिल रैली आयोजित की गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मृदुला शर्मा ने साइकिल को स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम बताया। वक्ताओं ने युवाओं से दैनिक जीवन में साइकिल के अधिक उपयोग का आह्वान किया। दोनों कार्यक्रमों के समापन पर प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने तथा नियमित रूप से साइकिल उपयोग करने का संकल्प लिया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक



**पीलीभीत।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में योग दिवस पर अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने युवा मंगल दलों के माध्यम से सभी 720 ग्राम पंचायतों में योग के प्रचार-प्रसार, ग्राम प्रधानों की सहभागिता तथा तहसील, ब्लॉक, नगर पालिका और नगर पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए। पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था और शिक्षा विभाग को अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

## फर्जी मुकदमे के विरोध में सपा नेताओं ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



सपा नेता पर फर्जी मुकदमे को लेकर एसपी दफ्तर सपाई। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी पर दर्ज कथित फर्जी मुकदमे के विरोध में सपा प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि राजनीतिक द्वेष के चलते मुकदमा दर्ज कराया गया है। नेताओं ने बताया कि पार्टी कार्यालय ध्वस्तीकरण के बाद नफीस अहमद ने अपनी निजी संपत्ति संगठनात्मक कार्यों के लिए उपलब्ध कराई थी। सपा नेताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मकान सूचीकरण कार्य तेज, 4116 प्रगणक तैनात

**पीलीभीत।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत जनपद में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य तेजी से चल रहा है। जिला जनगणना अधिकारी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि जिले में 15 चार्ज, 4220 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) तथा 4116 प्रगणक एवं 688 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। बुधवार को कलक्ट्रेट परिसर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में भी मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य संपादित किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान 22 मई से 20 जून तक संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक मकान को गणना संख्या अंकित कर सीएमएमएस पोर्टल पर विवरण दर्ज किया जा रहा है। कार्य की निगरानी के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## भूमि विवादों के प्रभावी निस्तारण हेतु विशेष अभियान 1 जून से 30 जून तक होगा संचालित

जागरण मोर्चा, कार्यालय


गांधी सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह।

**पीलीभीत।** बुधवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में भूमि विवाद को लेकर शिकायतों की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में भूमि विवादों के प्रभावी एवं त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से 01 जून से 30 जून तक विशेष अभियान संचालित किए जाने के निर्देश दिए हैं। जिसमे राजस्व एवं भूमि विवादों से संबंधित लंबित एवं प्रचलित प्रकरणों का विवरण संकलित किया जाए तथा उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके लिए संबंधित अधिकारियों की टीम गठित कर स्थानीय स्तर पर विवादों का समाधान कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के दौरान अधिकारी मौके पर पहुंचकर विवादित स्थलों का निरीक्षण करेंगे तथा दोनों पक्षों से संवाद स्थापित कर आपसी सहमति एवं विधिक प्रक्रिया के माध्यम से विवादों का निस्तारण कराया जाएगा। साथ ही संवेदनशील मामलों की नियमित समीक्षा भी की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवादों के त्वरित निस्तारण से कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा आमजन को अनावश्यक परेशानी से राहत मिलेगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अभियान को गंभीरता से संचालित करते हुए निर्धारित अवधि में अधिकतम प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पप्पू गुप्ता हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार, अब तक 8 आरोपित दबोचे गए

जागरण मोर्चा, कार्यालय


पुलिस द्वारा पकड़ा गया आरोपी स्कंद। -जागरण मोर्चा

**बिलसंडा।** चर्चित पप्पू गुप्ता हत्याकांड में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित आरोपी स्कंद पुत्र ब्रजकिशोर निवासी थाना सदर बाजार, शाहजहांपुर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप भी बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार 28 मई को बमरौली तिराहा स्थित पंकज कटियार की साइकिल दुकान पर कुछ लोगों ने हमला कर मारपीट की थी। बीच-बचाव के लिए पहुंचे कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता को आरोपियों की ओर से की गई फायरिंग में गोली लग गई थी। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। वहीं आरोपी स्कंद ने पंकज कटियार के सिर पर लोहे के पाइप से वार कर उन्हें घायल किया था। घटना के खुलासे के लिए गठित पांच पुलिस टीमों ने अब तक साजिश में शामिल तीन तथा घटना में शामिल चार आरोपियों समेत कुल आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। ताजा कार्रवाई में गिरफ्तार स्कंद को मंगलवार रात गश्त और चेकिंग के दौरान सुहेले भट्टा नहर पुल के पास से पकड़ा गया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप बरामद कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आकाशीय बिजली गिरने से झुलसी महिला रेफर

**पूरनपुर।** तेज बारिश और बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बिजली गिरने से महिला झुलस गई। पूरनपुर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

घुंघचाई थाना के गांव भैंसासुर निवासी जितेंद्र की पत्नी हीराकली घर के समीप बंधी गाय को बारिश से बचाने को अंदर बांधकर चारपाई पर बैठा ही था। तेज बारिश के चलते पानी बरामदा में न आ जाए। इसको लेकर उसकी पत्नी प्लास्टिक के बोरे लगा रही थी। इस दौरान गड़गड़ाहट के साथ बिजली हीराकली के समीप गिर गई। करंट की चपेट में आकर हीराकली की हालत खराब हो गई। इसको लेकर खलवली मच गई। कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। आनन फानन में महिला को सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जितेंद्र ने बताया कि इसके अलावा उनके घर से कुछ दूरी पर रहने वाले सुखराम के घर की खिड़की बिजली गिरने से विंडो क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि एक बडा हादसा होने से टल गया। महिला का इलाज करने वाले सीएचसी के चिकित्सक सूरज पांडेय ने बताया कि हीराकली झुलसी नहीं है। उसके पास जमीन पर बिजली गिरने से करंट लगा होगा। तहसीलदार आशीष गुप्ता ने बताया कि बिजली गिरने से हीराकली के पैरों में लालिमा आ गई। सीएचसी से उसे जिला अस्पताल रेफर किया है।

## मटर बिक्री के रुपये ना देने पर तीन पर मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** मटर बिक्री के रुपये ना देने पर युवक ने मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति निवासी नत्थूलाल ने वताया कि उसने दस बीघा खेत में मटर लगाई थी।

डेढ साल पहले माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव टांडा गुलाबराय निवासी महेंद्र पाल,सचिन व अर्जुन से दस बीघा मटर का सौदा 92000 रुपये में किया था। 45000 हजार रुपये उसी समय नगद दे दिए थे। बाकी 47000 हजार रुपये मटर की बिक्री कर देने के बाद देना तय हुआ था। लेकिन डेढ साल बीत जाने के बाद भी अभी तक उसके रुपये नही दिए गए है।कईबार रुपये मांगे लेकिन वह टाल मटोल करते आ रहे है। कुछ दिन बाद महेंद्र ने कहा कि उसको फसल में घाटा हो गया। इसी के चलते रुपये नही दिए। फैसला में आरोपी ने रुपये देने की बात तय हुई। लेकिन अभी तक कोई रुपया नही दिया गया है। इससे वह परेशान है। मामले की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने वताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## अदालत ने 20 साल पुराने मुकदमे में दोषी को सुनाई पांच वर्ष की सजा

**पीलीभीत।** थाना कोतवाली में वर्ष 2005 में दर्ज मुकदमा संख्या 19/2005 में न्यायालय ने आरोपी हरचरन पुत्र गोकिल प्रसाद निवासी मानपुर हड़हुआ, थाना गजरौला को दोषी करार दिया है। पुलिस की प्रभावी विवेचना और अभियोजन की पैरवी के आधार पर एडीजे/एफटीसी न्यायालय ने धारा 457, 380 और 411 आईपीसी के तहत आरोपी को 5 वर्ष के कारावास तथा 9 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। यह फैसला 3 जून 2026 को सुनाया गया।

## 15 जून तक जमा होंगे दिव्यांगजन पुनर्वास योजनाओं के अनुदान प्रस्ताव

**पीलीभीत।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने बताया कि दिव्यांगजनों के सर्वांगीण पुनर्वास हेतु संचालित सहायता योजना के अंतर्गत स्वैच्छिक संस्थाओं से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुदान प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं।

इच्छुक संस्थाएं 15 जून 2026 तक अपने प्रस्ताव जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकती हैं। योजना के तहत अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, विशेष विद्यालय, डे-केयर सेंटर, कौशल विकास कार्यक्रम तथा पुस्तकालय संचालन सहित सात प्रकार की परियोजनाओं को सहायता अनुदान प्रदान किया जाएगा। योजना से संबंधित अधिक जानकारी विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## माटीकला कारीगरों के लिए निःशुल्क विद्युत चालित चाक हेतु आवेदन आमंत्रित

**पीलीभीत।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमेघ सिंह ने बताया कि वर्ष 2026-27 की माटीकला निःशुल्क टूलकिट्स वितरण योजना के तहत परंपरागत माटीकला कारीगरों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए पात्र कारीगरों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के इच्छुक माटीकला कारीगर 8 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना संबंधी अधिक जानकारी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, पीलीभीत या दूरभाष संख्या 9580503168 पर प्राप्त की जा सकती है।




## व्यापारी संवाद कार्यक्रम में जीएसटी से जुड़ी समस्याओं का समाधान


जीएसटी समस्याओं पर चर्चा करते सहायक आयुक्त राज्य कर। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पीलीभीत।** राज्य कर विभाग द्वारा नवीन मंडी स्थल सभागार में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीएसटी पोर्टल, ई-इनवॉयस, रिटर्न फाइलिंग, इनपुट टैक्स क्रेडिट, जीएसटी 2.0 सुधार तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी व्यापारियों को दी गई। सहायक आयुक्त राज्य कर राजेन्द्र प्रसाद चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर व्यापारियों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में व्यापारियों ने दुर्घटना बीमा योजना, रिटर्न दाखिल करने, ई-वे बिल, ई-इनवॉयस और माल परिवहन से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों ने विस्तार से समाधान किया। इस अवसर पर राज्य कर विभाग के अधिकारी, व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि तथा अधिवक्ता मौजूद रहे।

## 25 लाख की नकदी ना देने पर विवाहिता को निकाला

**पूरनपुर।** अतिरिक्त दहेज में 25 लाख रुपये ना देने पर विवाहिता को घर से निकाल दिया। आरोप है कि उसका माल जेवर भी छीन कर ससुरालियों ने अपने पास रख लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया मझरा हाल निवासी कीरतपुर निवासी सर्वजीत कौर ने वताया उसकी शादी 11 साल पहले पिपरिया मझरा निवासी जगजीत सिंह के साथ हुआ था। उसके दो बच्चे भी हैं, शादी में मायके वालों ने 25 लाख रुपये खर्च किए। शादी के बाद ही ससुरालियों ने कम दहेज को लेकर आए दिन मारपीट कर प्रताडित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में 25 लाख रुपये की नकदी की मांग शुरू कर दी। मना करने पर 18-10-2023 को ससुरालियों ने बैंक में माल जेवर रखने की बात कहकर उसका माल जेवर हडप कर अपने पास रख लिया।

इसके बाद पिटाई कर उसको घर से निकाल दिया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी।मायके वालों ने ससुरालियों को काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन ससुराली नही मांगे और दहेज के लिए अडे रहे। तीन मई को जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने पति जगजीत सिंह, मंजीत कौर, बिरसा सिंह, सुखबिंदर कौर, गुरबिन्दर सिंह, पलविंदर कौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## ईंट भट्टों पर लगाए प्रदूषण फैलाने के आरोप


अमरिया के ईंट भट्ठे जिन पर प्रदूषण फैलाने का आरोप है। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**अमरिया।** क्षेत्र में संचालित रॉयल ब्रिक फील्ड और इंडियन ब्रिक फील्ड पर प्रतिबंधित काले कार्बन पाउडर के इस्तेमाल से वातावरण को प्रदूषित करने के आरोप लगे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार दोनों ईंट भट्टों पर बड़ी मात्रा में काला कार्बन पाउडर मौजूद था, जिसका उपयोग चिमनियों से निकलने वाले धुएं को बढ़ाने में किया जा रहा था। बताया जाता है कि सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी अमरिया मयंक गोस्वामी मौके पर पहुंचे, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही कथित रूप से भट्टा संचालकों ने कार्बन पाउडर को हटाकर उस पर मिट्टी डलवा दी। इससे मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन भट्टों से निकलने वाला धुआं पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र में प्रदूषण पर अंकुश लगाया जा सके और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित हो सके।

# नाला सफाई के दावों की खुली पोल, फर्जी रिपोर्ट पर 6 इंजीनियरों को नोटिस, ठेकेदारों पर 7.50 लाख जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मानसून से पहले नाला सफाई के दावों की हकीकत शासन की ऑनलाइन समीक्षा बैठक में खुलकर सामने आ गई। कागजों में चमकती सफाई व्यवस्था जमीनी निरीक्षण में फेल साबित हुई तो नगर निगम प्रशासन ने बड़ा एक्शन लेते हुए दो ठेकेदारों पर 7.50 लाख रुपये का जुर्माना ठोक दिया। वहीं बिना सत्यापन रिपोर्ट भेजने के आरोप में दो सहायक अभियंता (एई) और चार अवर अभियंता (जेई) को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

बुधवार को शासन स्तर पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नाला सफाई कार्यों



की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कई नालों की सफाई अधूरी मिलने और रिपोर्ट में दर्ज दावों से वास्तविक स्थिति अलग पाए जाने पर अधिकारियों में खलबली मच गई। इसके बाद नगर निगम की टीम ने विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर निरीक्षण किया, जहां नालों में सिल्ट, कूड़ा-कचरा और जल निकासी में बाधा बनने वाली कई गंभीर खामियां मिलीं।

जांच में सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि कुछ स्थानों पर अवर अभियंताओं ने मौके का निरीक्षण किए बिना ही नाला सफाई कार्य पूरा होने की रिपोर्ट शासन को भेज दी थी। शासन के समक्ष प्रस्तुत रिपोर्ट और वास्तविक स्थिति में बड़ा अंतर मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए। मामले को गंभीर मानते हुए नगर निगम प्रशासन ने सहायक अभियंता मुकेश शाक्य और मूलचंद के साथ अवर अभियंता वीर प्रताप सिंह पटेल, अरुण कुमार, मनीष वैद्य और अनुराग कमल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिकारियों से स्पष्ट किया गया है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ठेकेदारों पर भी गिरी कार्रवाई की गाज

मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने बताया कि समीक्षा के दौरान कार्यों में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर मैसर्स आरके कांट्रैक्टर पर 2.50 लाख रुपये तथा मैसर्स सांई कांट्रैक्टर पर 5 लाख रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया है। दोनों ठेकेदारों को भविष्य में कार्य गुणवत्ता सुधारने की चेतावनी भी दी गई है। मानसून सिर पर है और शहर को जलभराव से बचाने के लिए नाला सफाई सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में शामिल है। ऐसे समय में सामने आई लापरवाही ने नगर निगम की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि सभी प्रमुख नालों की दोबारा जांच कराई जाएगी और दोषियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### नगर आयुक्त का बयान

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि नाला सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के बाद एई, जेई और ठेकेदारों की जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### जनकापुर में आज से शुरू होगा पांच कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव जनकापुर में हर साल की तरह ग्रामीणों के सहयोग से इस बार भी चतुर्थ पांच कुंण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा व यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। गुरुबार चार जून को विशाल कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल से चलकर कलश यात्रा कई गांवो से होकर इकोत्तरनाथ मंदिर पहुंचेगी। वंहा से भक्त जल भरकर यज्ञ स्थल पर लाएंगे। पांच जून को वेदी पूजन सुवह आठ से दोपहर एक बजे तक रोजाना किया जाएगा। बदायूं के आचार्य संजीव दीक्षित के द्वारा यज्ञ संपूर्ण कराया जाएगा। कथा का रसपान बंडा के कथा वाचक कस्तूरी चैतन्य के द्वारा कथा का रसपान कराया जाएगा। नौ जून को पूर्ण आहुति के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। दस जून को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। साफ सफाई वह यज्ञ स्थल व अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया गया है। एक कार्यक्रम ग्रामीणों के सहयोग से होगा। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों व महिलाओं को पहुंचने की अपील की है।

### अमरैयाकला में अपात्रों को राशन देने की शिकायत, जिला पूर्ति निरीक्षक से जांच की गई मांग

**पूरनपुर।** क्षेत्र के ग्राम अमरैयाकला में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन वितरण) में अनियमितताओं का मामला प्रकाश में आया है। गांव के रामू ने आरोप लगाया है कि राशन वितरण व्यवस्था में नियमों की अनदेखी करते हुए अपात्र व्यक्तियों को सरकारी खाद्यान्न का लाभ दिया जा रहा है, जबकि कई पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित हैं। गांव में इन योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कुछ ऐसे लोगों के नाम राशन कार्ड सूची में शामिल हैं जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं और योजना की पात्रता की श्रेणी में नहीं आते। इसके विपरीत कई जरूरतमंद परिवार आज भी राशन सुविधा से वंचित हैं। कई बार स्थानीय स्तर पर इस समस्या को उठाया गया, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। इसके बाद उन्होंने मामले को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाने का निर्णय लिया। शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि राशन कार्डों के सत्यापन और पात्रता जांच में गंभीर लापरवाही बरती गई है। जिसके कारण अपात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यदि गांव में राशन कार्डों और लाभार्थियों की सूची का पुन: सत्यापन कराया जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस की मासिक बैठक में संगठन सृजन अभियान पर जोर



**पीलीभीत।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक बुधवार को जिला कार्यालय मंडी समिति में जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन सृजन अभियान, बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने और डिजिटल सदस्यता अभियान पर चर्चा की गई।जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बूथवार जिम्मेदारियां सौंपते हुए बूथ लिस्ट वितरित की और आगामी चुनावों को देखते हुए जमीनी स्तर पर सक्रिय होने का आह्वान किया। साथ ही कार्यकर्ताओं से 'राहुल गांधी जिला कांग्रेस ग्रुप' में कम से कम 20-20 नए लोगों को जोड़ने का लक्ष्य पूरा करने को कहा। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने तथा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला व ब्लॉक स्तर के कई पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 57 करोड़ रुपये से सुधारी जाएगी बिजली व्यवस्था, मिलेगी राहत

## टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभाग ने शुरू कराया काम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले में 57 करोड़ रुपये से बिजली व्यवस्था सुधारी जाएगी इसके लिए मंजूरी मिल गई है। जिले में ओवरलोडिंग की समस्या को कम करने के लिए 348 ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि की जाएगी। साथ ही 19 नए ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। विद्युत उपकेंद्रों पर लोड कम करने के लिए चार विद्युत उपकेंद्र और 12 विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता दोगुनी की जाएगी।

गर्मियों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत निगम की ओर से वर्ष 2026-27 में बिजनेस प्लान के तहत ओवरलोडिंग को खत्म करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए जिले में 57 करोड़ की धनराशि के कार्य कराने के लिए मंजूरी मिल गई है। इसमें अधिकतर धनराशि ओवरलोडिंग को कम करने के लिए ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि





पर की जाएगी। इससे उपभोक्ताओं को ओवरलोडिंग और बार-बार होने वाली बिजली कटौती से राहत दिलाने के उद्देश्य से ट्रांसफॉर्मरों के लिए निविदाएं जारी कर दी गई हैं। जिससे जून तक सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि करने का कार्य शुरू किया जा सके। जिले में 25 से 63 और 63 से 100 केवीए के 348 ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि की जाएगी। वहीं 19 नए ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे।

जिले में जिन उपकेंद्रों पर ओवरलोडिंग की समस्या आ रही थी। इन सभी विद्युत उपकेंद्रों को चिह्नित कर लिया गया है। अब इन विद्युत उपकेंद्रों की कार्यक्षमता दोगुनी कर दी जाएगी। इनमें कचहरी, मीरा सराय, बिल्सी टाउन, बिल्सी ग्रामीण, उझानी टाउन, उझानी ग्रामीण, सहसवान टाउन, सहसवान ग्रामीण, अलापुर, बिनावर, दातागंज, कुंवरगांव विद्युत उपकेंद्र शामिल हैं। इससे उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी।

> जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है। बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिजनेस प्लान के तहत 57 करोड़ की मंजूरी मिल गई है। इसके बाद ट्रांसफॉर्मरों की कार्यक्षमता की वृद्धि के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे बिजली व्यवस्था में काफी सुधार हो जाएगा और उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी
>
> – अजय कुमार, अधीक्षण अभियंता

आंधी और ओवरलोडिंग की समस्या के चलते फॉल्ट होने पर जर्जर तार बहुत जल्दी टूटकर गिर जाते हैं। इसकी वजह से सप्लाई बाधित हो जाती थी। इसको देखते हुए इस वित्तीय वर्ष में एलटी लाइन, 11 केवीए लाइन के 26 काम और 33 केवीए की लाइनों का काम किया जाएगा। साथ ही बाइफरकेशन का कार्य किया जाएगा। इससे जर्जर तारों की समस्या दूर होगी और निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी।



प्रेस वार्ता करते विधायक अताउर रहमान। –जागरण मोर्चा

# व्यापारियों की जगह नीलामी में बैठ रहे हैं बीजेपी के नेता: विधायक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** विधायक अताउर रहमान ने कहा कि नीलामी प्रक्रिया में व्यापारी भाग लेते हैं, लेकिन केसर की ज़मीन नीलामी में भाजपा के कई जनप्रतिनिधि बैठे, और कुछ बाहर से मोबाइल के ज़रिए नीलामी प्रक्रिया से जुड़े हुए थे। चुनाव में टिकट के एक दावेदार तो खुद ही बोली लगा रहे थे।

विधायक ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नीलामी प्रक्रिया पर तो सवाल खड़े ही किए, साथ ही बीजेपी के स्थानीय नेताओं को घेरा। उन्होंने कहा कि जिनको किसानों के हक़ के लिए बोलना चाहिए, वह ज़मीन को कौड़ियों के भाव खरीदने में लगे थे। किसान इस वक्त खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने उन बीजेपी नेताओं से अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा, जो नीलामी प्रक्रिया में बैठे थे, या बाहर से मैनेज कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें बताना चाहिए कि बोली सही हुई या गलत। अगर गलत हुई है, तो क्या वह बोली निरस्त कराने के लिए कोई कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेता राजनीति में तो कई गुटों में बंटे होने की बात करते हैं, लेकिन व्यापार में सब एक हैं।

उन्होंने कहा कि ज़मीन की बाज़ार भाव में बिक्री कर किसानों को उनका पैसा दिया जाना चाहिए, ताकि उनके आँसू पुंछे। ज़िला पंचायत सदस्य इक़बाल सिंह चीमा ने कहा कि ज़मीन की कीमत कम से कम 90 करोड़ है, जबकि किसान नेता सुरेंद्र सिंह ने कहा कि जिसके नाम बोली छूटी है, उसकी प्रष्ठभूमि की जाँच होनी चाहिए। इस मौके पर गन्ना समिति के पूर्व निदेशक चौधरी विजेंद्र सिंह, अनित पाल सिंह, नासिर रज़ा खां, जरनेल सिंह, विजय कुमार, राकेश गंगवार और अख़लाक़ अहमद आदि मौजूद रहे।

# जन सुनवाई में पहुंची नेत्रहीन महिला को एसडीएम ने सौंपा अंत्योदय राशन कार्ड

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** तहसील बहेड़ी में आयोजित जन सुनवाई के दौरान एक नेत्रहीन महिला की समस्या का तत्काल समाधान कर प्रशासन ने संवेदनशीलता का परिचय दिया। ग्राम बिजौरिया निवासी नेत्रहीन महिला नीरज कुमारी अपनी समस्या लेकर जन सुनवाई में पहुंची थीं।

महिला ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद उनके पास अंत्योदय राशन कार्ड नहीं था, जिससे उन्हें सरकारी खाद्यान्न योजना का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की और आपूर्ति विभाग के सहयोग से महिला का अंत्योदय राशन कार्ड बनवाकर उपलब्ध कराया।





इस अवसर पर उप जिलाधिकारी इशिता किशोर एवं तहसीलदार भानू प्रताप सिंह सप्लाई इंस्पेक्टर शांतनु सिंह ने नीरज कुमारी को राशन कार्ड सौंपते हुए उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। राशन कार्ड प्राप्त होने पर महिला ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया। एसडीएम और तहसीलदार ने कहा कि जन सुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है तथा पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# बिजली कटौती को लेकर लोगों ने जताई नाराजगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** लगातार हो रही बिजली कटौती से लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। परेशान ग्रामीणों ने नाराजगी जताई। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। घुंघचाई क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल होती जा रही है। पूरे क्षेत्र में बिजली बदहाल है। विजली कब आए कब चली जाए इसका कोई पता नही, ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति अनियमित चल रही है। दिन और रात में बार-बार बिजली गुल होने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। रात के समय बिजली न मिलने से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे अधिक परेशानी



झेलनी पड़ रही है,लोगों ने आरोप लगाया कि शिकायत करने के बावजूद विद्युत विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस पर लोगों ने नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने जल्द बिजली व्यवस्था सुधारने और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान उदित नारायण, अंकित,अखिलेश कुमार, गंगाराम, अनुज, दीपक, अमन सहित कई मौजूद रहे। बिजली ना मिलने से लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है।

# जिलाधिकारी ने टीजीटी परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर (टीजीटी) परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। प्रथम पाली की परीक्षा आरम्भ होने के दौरान तिलक इंटर कॉलेज, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज तथा बरेली कॉलेज पहुंचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अभ्यर्थियों हेतु पेयजल, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को शासन के दिशा-



टीजीटी परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करने जाते जिलाधिकारी। –जागरण मोर्चा

निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों में सतर्कता देखी गई। निरीक्षण के दौरान शासन द्वारा नामित परीक्षा के ऑब्जर्वर डॉ0 राकेश सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के उपरांत अपर जिलाधिकारी नगर द्वारा जिलाधिकारी को सूचना दी गयी कि इस्लामिया गर्ल्स इंटर कालेज में परीक्षार्थियों का जब बायोमेट्रिक करायी जा रही थी, तभी एक परीक्षार्थी का डाटा मिस्मेच होने पर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया जो दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के इरादे से आया था, जिसे पकड़ कर पुलिस की सुपुर्द कर दिया गया है और अन्य कार्यवाही की जा रही है।

**बैठक** केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश, जन भागीदारी पर रहेगा विशेष जोर, जनकल्याण मेले, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, प्रदर्शनियों और रात्रि चैपालों का होगा आयोजन

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश में 05 से 21 जून तक चलेगा जन जागरूकता अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश में 05 जून से 21 जून तक विकास, सेवा, सुशासन और जनकल्याण की उपलब्धियों को समर्पित व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुआ।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। प्रत्येक विकास खंड एवं नगरीय निकाय में पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित गोष्ठियों का आयोजन किया जाए। अभियान में जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, स्वयं सहायता समूहों, युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों, उद्यमियों तथा आमजन की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि पेड़ लगाए तो पानी देने की व्यवस्था भी करें। गौशालाओं में ट्रीगार्ड के साथ पेड़ लगाए जाएं तथा सभी सम्बंधित विभाग आवंटित लक्ष्य के अनुरूप पौधे लगवाएं। उन्होंने कहा कि 08 से 14 जून के बीच में तहसीलवार कार्यक्रम आयोजित होंगे और दलित-पिछड़ी बस्तियों व ग्रामों में जन सम्पर्क कर लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जाए तथा उनकी समस्याएं सुनी जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने विभागीय उपलब्धियों का डाटा तैयार कर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को दे दें, जिससे जनपद की उपलब्धियों का डाटा तैयार किया जा सके। उन्होंने बताया कि 14 से 16 जून 2026 तक जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समस्त विभाग अपना स्टॉल लगाएंगे। यह कार्यक्रम विकास खण्ड स्तर पर होंगे। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा और लोगों को योजनाओं के फार्म भरवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 16 से 17 जून तक विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में प्रबुद्धजनों-विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विधाओं में व्याख्यान दिए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण, किसान कल्याण, महिला सुरक्षा एवं सम्मान, गरीब कल्याण, रोजगार सृजन, निवेश, आधारभूत संरचना विकास, कानून-



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

व्यवस्था, डिजिटल सेवाओं तथा सुशासन के क्षेत्र में हुए व्यापक परिवर्तनों, उपलब्धियों और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को जन-जन तक पहुंचाया जाए।

विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की सफलता की कहानियों और उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाए। बैठक में बताया गया कि 11 से 14 जून को मीडिया संवाद कार्यक्रम होंगे, प्रभारी मंत्री द्वारा जनपद स्तर पर मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित किया जाएगा। 13 एवं 14 जून को सांसद एवं विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में मीडिया संवाद के माध्यम से डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों एवं विकास कार्यों की जानकारी साझा करेंगे। 14 से 16 जून के बीच प्रदेश के सभी विकास खंडों एवं नगरीय निकायों में जनकल्याण मेलों का आयोजन किया जाए। इन मेलों में केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनियां लगाई जाएं तथा पात्र किन्तु वंचित लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जाए। साथ ही आरोग्य मेले, पशु स्वास्थ्य मेले और अन्य जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन भी किया जाए। उन्होंने कहा कि 16 एवं 17 जून को जिला स्तर पर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित किए जाएंगा। इनमें विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी अपने अनुभव साझा करेंगे तथा प्रबुद्ध वर्ग, युवा, महिलाएं और सामाजिक संगठनों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में निर्देश दिए गए कि युवाओं और विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्थानों पर ऑन द स्पॉट चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें सरकार की योजनाओं और विकास यात्रा से जोड़ने पर भी विशेष बल दिया जाए। 18 एवं 19 जून को केंद्र सरकार की 12 वर्षों की विकास यात्रा तथा विकसित भारत के संकल्प को प्रदर्शित करने के लिए विशेष प्रदर्शनियां आयोजित की जाएं। आकर्षक माध्यमों से उपलब्धियों का प्रभावी प्रदर्शन किया जाए। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद स्तर पर व सभी विकास खंडों एवं नगरीय निकायों में योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उक्त अभियान अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चैपाल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शासकीय योजनाओं की समीक्षा एवं जन शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। चैपाल में मंत्रीगण-जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासनिक अधिकारी चैपाल के उपरान्त चिन्हित ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रिकालीन विश्राम करेंगे, जिससे स्थानीय समस्याओं का जमीनी स्तर पर अध्ययन कर त्वरित सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, संयुक्त मजिस्ट्रेट-उप जिलाधिकारी बहेड़ी ईशिता किशोर, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी नवाबगंज, आंवला, मीरगंज, फरीदपुर सहित समस्त सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आईपीएल के बाद अब एमपीएल में होंगी चौके-छक्कों की बरसात

## इंदौर में पहली बार हो रही मध्य प्रदेश लीग टी20 सिंधिया कप 2026 का आगाज आज से




**इंदौर**

इंदौर में पहली बार आयोजित मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 का आगाज आज से हो रहा है। यह लीग का तीसरा संस्करण है, जबकि पहले दो सीजन ग्वालियर में खेले गए थे। इस बार मुकाबले इंदौर के ऐतिहासिक होळ्कर स्टेडियम और डेली कॉलेज मैदान पर होंगे।

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को लगातार खिताब दिलाने के बाद रजत पाटीदार अब ग्वालियर चीताज की कप्तानी संभालते हुए टीम को खिताब दिलाने उतरेंगे। 2025 सीजन में सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद फाइनल से चूकी यह टीम इस बार नए जोश के साथ मैदान में उतरेगी।



**पहला मुकाबला आज शाम 7.30 बजे से**

टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला आज शाम 7.30 बजे ग्वालियर चीताज और उज्जैन फाल्कंस के बीच खेला जाएगा। मैच से पहले राष्ट्रगान और खिलाडियों का बच्चों के साथ मैदान में प्रवेश होगा। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी संभावना है।

### टिकट व्यवस्था

दर्शकों के लिए टिकट अनिवार्य रहेगा। गैलरी टिकट 100 रुपये और पवेलियन टिकट 250 रुपये की निर्धारित की गई हैं।

### स्टेडियम आईपीएल जैसा सजा

होळ्कर स्टेडियम को आईपीएल स्तर पर सजाया गया है। बड़े-बड़े खिलाडियों के पोस्टर, एलईडी बाउंड्री और विशाल स्क्रीन दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी। वीआईपी दर्शकों के लिए मुश्ताक अली पैवेलियन में नए बॉक्स बनाए गए हैं।

### एमपीएल पर एक नजर

- लीग 3 जून से शुरू होकर 26 जून तक चलेगी
- कुल 4.9 करोड़ रुपये खिलाडियों की नीलामी में खर्च हुए
- 40 मैच इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले जाएंगे
- 20 मैच डेली कॉलेज मैदान में होंगे
- कुल 10 पुरुष और 5 महिला टीमें हिस्सा ले रही हैं
- पुरुष वर्ग में 38 और महिला वर्ग में 2 मैच इंदौर में होंगे

### टीमों की तैयारी

माधव तिवारी जैसे आईपीएल अनुभव वाले खिलाड़ी उज्जैन फाल्कंस को मजबूती दे रहे हैं। टीम में यश दुबे, चंचल राठौर, आर्यन पांडे और सोहम पटवर्धन जैसे युवा खिलाड़ी शामिल हैं। टीम का मार्गदर्शन सुनील धोलपुरे कर रहे हैं। वहीं ग्वालियर चीताज को अनुभवी और युवा खिलाडियों का संतुलित संयोजन मिला है। टीम के कोच आदित्य श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में यह टीम पिछले प्रदर्शन को बेहतर करने के लक्ष्य के साथ उतर रही है। एमपीएल का यह सीजन मध्य प्रदेश क्रिकेट के लिए एक बड़ा मंच माना जा रहा है, जहां युवा और अनुभवी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।



## भारत-अफगानिस्तान वनडे सीरीज 13 जून से होगी शुरू

# पंड्या-रोहित को BCCI का अल्टीमेटम पहले फिटनेस साबित करो फिर चयन

**नई दिल्ली**

अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को लेकर सख्त रुख अपनाया है। बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि अंतिम एकादश में जगह पाने से पहले दोनों खिलाडियों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से फिटनेस क्लियरेंस हासिल करना होगा।

हार्दिक पंड्या को अफगानिस्तान सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर होगी। रिपोर्ट के अनुसार, हार्दिक 2 जून को बेंगलुरु स्थित सीओई पहुंचे और उन्हें सीरीज से पहले एक सप्ताह से अधिक समय तक फिटनेस ड्रिल और फिजिकल असेसमेंट से गुजरना होगा।

सभी मानकों को पूरा करने के बाद ही उन्हें रिटर्न टू प्ले (आरटीपी) मंजूरी मिलेगी। इसके बाद ही उनके खेलने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। धाकड़ ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की फिटनेस इसलिए भी अहम है क्योंकि आईपीएल 2026 के दौरान उन्हें पीठ में ऐंठन की समस्या हुई थी, जिसके चलते वह कुछ मैचों से बाहर रहे थे। उनका आखिरी वनडे मुकाबला आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ था।




**भारत-अफगानिस्तान वनडे सीरीज कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| पहला वनडे | 13 जून | धर्मशाला |
| दूसरा वनडे | 17 जून | लखनऊ |
| तीसरा वनडे | 20 जून | चेन्नई |

### रोहित शर्मा भी सीओई में करेंगे रिपोर्ट

सिर्फ हार्दिक ही नहीं, रोहित शर्मा को भी बीसीसीआई ने सीओई में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है। आईपीएल 2026 के दौरान वह हैमस्ट्रिंग चोट से जूझ रहे थे। इसी कारण उनके नाम के आगे भी फिटनेस क्लियरेंस की शर्त रखी गई है। हालांकि मुंबई इंडियंस के हेड कोच महेला जयवर्धने ने हाल ही में कहा था कि रोहित पूरी तरह फिट हैं और उन्हें मेडिकल टीम ने 100 प्रतिशत फिट घोषित किया था।

### टीम चयन पर नजर

सीरीज के लिए घोषित भारतीय टीम में शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या और अन्य प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं। हालांकि, अंतिम प्लेइंग इलेवन का फैसला पूरी तरह फिटनेस रिपोर्ट के आधार पर होगा। अब सबकी नजर हार्दिक पंड्या और रोहित शर्मा की सीओई फिटनेस रिपोर्ट पर टिकी है, जो तय करेगी कि दोनों खिलाड़ी अफगानिस्तान सीरीज में मैदान पर उतरेंगे या नहीं।

### साईराज बहुतुले बने टीम इंडिया के नए स्पिन बॉलिंग कोच

**630 विकेट और 6176 रन का अनुभव अब भारतीय टीम के साथ**



बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को भारतीय पुरुष टीम का नया स्पिन बॉलिंग कोच नियुक्त किया है। 53 वर्षीय बहुतुले ने घरेलू क्रिकेट में 630 विकेट और 6176 रन बनाकर लंबा और सफल करियर दर्ज किया है। भारत के लिए उन्होंने 2 टेस्ट और 8 वनडे खेले, लेकिन घरेलू क्रिकेट और कोचिंग में वे बेहद सफल रहे। कोचिंग करियर में उन्होंने विदर्भ, केरल, गुजरात और बंगाल जैसी टीमों के साथ काम किया है। आईपीएल में वह राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के स्पिन कोच भी रह चुके हैं। साथ ही 2022 अंडर-19 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के बॉलिंग कोच भी थे। बहुतुले ने कहा कि भारतीय टीम के साथ यह जिम्मेदारी मिलना उनके लिए सम्मान की बात है और वह टीम के स्पिन आक्रमण को और मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे।

### आकिब नबी बने टीम इंडिया के नेट बॉलर

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी अफगानिस्तान के खिलाफ 6 जून से मुल्लांपुर स्टेडियम में होने वाले एकमात्र टेस्ट से पहले टीम इंडिया के नेट बॉलर के तौर पर शामिल हुए हैं। नबी ने पिछले दो रणजी सीजन में कुल 104 विकेट झटके, जिसमें पिछले सीजन में 17 पारियों में 60 विकेट शामिल हैं। उन्हें भारतीय टीम के माहौल में घुलने-मिलने के लिए बुलाया गया है। 29 साल के नबी बल्लेबाजी में भी उपयोगी हैं और उन्हें अक्टूबर में न्यूजीलैंड दौरे के लिए संभावित विकल्प माना जा रहा है।

# सबालेंका फ्रेंच ओपन के क्वार्टर में

## ओसाका को सीधे सेटों में दी शिकस्त

**पेरिस**



वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका ने फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में जापान की नाओमी ओसाका को सीधे सेटों में हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारूसी खिलाड़ी ने 1 घंटा 27 मिनट तक चले मुकाबले में ओसाका को 7-5, 6-3 से मात दी।पहले सेट में दोनों खिलाडियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। स्कोर 5-5 की बराबरी पर था, लेकिन सबालेंका ने अहम मौके पर ओसाका की सर्विस ब्रेक कर सेट 7-5 से अपने नाम किया। दूसरे सेट में उन्होंने शुरुआत से दबदबा बनाए रखा और 6-3 से जीत दर्ज कर मैच समाप्त किया। इस जीत के साथ सबालेंका खिताब की प्रबल दावेदारों में शामिल हो गई हैं।

### तीन साल बाद महिला नाइट मैच

फ्रेंच ओपन में पिछले तीन वर्षों में पहली बार किसी महिला मुकाबले को नाइट सेशन में जगह मिली। मुकाबला देखने बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। मैच के बाद सबालेंका ने आयोजकों के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि महिला टेनिस को प्राइम टाइम में अधिक अवसर मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि दर्शकों की शानदार मौजूदगी और उत्साह से साबित हुआ है कि महिला मुकाबले भी नाइट सेशन का आकर्षण बन सकते हैं। हार के बावजूद नाओमी ओसाका ने भी इस राय का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में महिलाओं के अधिक मैचों को नाइट सेशन में शामिल किया जाना चाहिए। आमतौर पर ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में नाइट सेशन के लिए पुरुष मुकाबलों को प्राथमिकता दी जाती है। दोनों खिलाडियों ने आयोजकों से महिला मैचों को प्राइम टाइम में अधिक अवसर देने की मांग की।

# 44 की उम्र में फिर कोर्ट पर लौटेंगी सेरेना

## क्वींस क्लब ग्रास-कोर्ट में मिली वाइल्ड कार्ड एंट्री



**लंदन।** 23 ग्रैंड स्लैम सिंगल्स खिताब जीत चुकीं सेरेना विलियम्स करीब चार साल बाद प्रोफेशनल टेनिस में वापसी कर रही हैं। 44 साल की उम्र में सेरेना ने क्वींस क्लब ग्रास-कोर्ट टूर्नामेंट में डबल्स खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड स्वीकार किया। यह जानकारी विमेंस टेनिस एसोसिएशन ने दी। क्वींस क्लब टूर्नामेंट 8 जून से खेला जाएगा। डब्ल्यूटीए ने बताया कि सेरेना की डबल्स जोड़ीदार के नाम की घोषणा बाद में की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी सेरेना ने अपनी वापसी के संकेत दिए। एक वीडियो में वह कहती दिखाई दीं, मुझे अपना नंबर बदलना पड़ेगा, और कैप्शन में लिखा, लगता है सबको यह खबर मिल गई है। सेरेना की घास के कोर्ट पर वापसी से यह अटकलें तेज हो गई हैं कि वह 28 जून से शुरू होने वाले विंबलडन में भी खेल सकती हैं।

### डॉक्टर इलेवन, कोदंड और बुचके की विजयी शुरूआत

**भोपाल।** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विधायक ट्रॉफी-2026 टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ नेहरू नगर पुलिस ग्राउंड पर हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए मुकाबलों में डॉक्टर इलेवन, कोदंड, इंजीनियर्स 11 और बुचके कंस्ट्रक्शन ने जीत दर्ज की। उद्घाटन शो मैच में डॉक्टर इलेवन ने पत्रकार इलेवन को 4 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार इलेवन ने 88 रन बनाए। जवाब में डॉक्टर इलेवन ने 92 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। डॉ. दीवान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पहले आधिकारिक मुकाबले में कोदंड ने ओपी रॉयल्स को 6 विकेट से हराया। ओपी रॉयल्स ने 92 रन बनाए थे, जिसके जवाब में कोदंड ने 6.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। संदीप सिंह मैन ऑफ द मैच रहे।

### राज्य तैराकी में भोपाल सेकेंड रनरअप, अन्वी की धूम

**भोपाल।** रीवा में आयोजित 54वीं राज्य सीनियर एवं जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में भोपाल जिले ने 190 अंकों के साथ सेकेंड रनरअप का स्थान हासिल किया। इंदौर ओवरऑल चैंपियन रहा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन भोपाल के तैराकों ने 5 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी के अनुसार अर्थ जैन ने 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में बी ग्रुप और सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। अन्वी खंडूरी ने 200 मीटर मिहि बैकस्ट्रोक और 100 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक अपने नाम किए, जबकि इशिता परिहार ने सीनियर महिला वर्ग की 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण हासिल किया।

# खिताब जीतते ही प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने पहुंचे विराट

**मथूरा**

आईपीएल 2026 का खिताब जीतने के बाद भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ मंगलवार सुबह वृंदावन स्थित प्रेमानंद महाराज के केली कुंज आश्रम पहुंचे।

दोनों सुबह करीब 7 बजे आश्रम पहुंचे और नंगे पांव अंदर जाकर संत के दर्शन किए। आश्रम में प्रेमानंद महाराज के शिष्यों ने उनका स्वागत किया। विराट और अनुष्का करीब दो घंटे तक आश्रम में रहे। बाहर निकलते समय विराट के माथे पर चंदन और त्रिपुंड लगा हुआ था तथा उनके हाथ में एक पुस्तक भी नजर आई। इसके बाद दोनों पैदल ही करीब 150 मीटर दूर स्थित हित गोविंद शरण महाराज के आश्रम पहुंचे और वहां भी



आशीर्वाद लिया। इस वर्ष अप्रैल में अक्षय तृतीया के अवसर पर भी विराट और अनुष्का ने प्रेमानंद महाराज के दर्शन कर सत्संग में हिस्सा लिया था।

### आरसीबी को दिलाया लगातार दूसरा खिताब

विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 31 मई को लगातार दूसरा आईपीएल खिताब जीता। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में टीम ने गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराया। फाइनल मुकाबले में कोहली ने अपने आईपीएल करियर की सबसे तेज अर्धशतकीय पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

### लगातार चौथे सीजन में 600 से अधिक रन

कोहली का शानदार प्रदर्शन आरसीबी की सफलता की बड़ी वजह रहा। उन्होंने लगातार चौथे सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाए और इस सीजन में टीम के लिए सर्वाधिक 675 रन जुटाए।

### प्रेमानंद महाराज से सातवीं मुलाकात

विराट और अनुष्का जनवरी 2023 में पहली बार प्रेमानंद महाराज से मिले थे। पिछले तीन वर्षों में यह उनकी सातवीं और वर्ष 2026 की तीसरी मुलाकात रही। इससे पहले फरवरी और अप्रैल में भी दोनों आश्रम पहुंच चुके हैं।

# सुपर-12 बास्केटबॉल में भोपाल का विजयी आगाज

**भोपाल।** आगा क्लब बास्केटबॉल कोर्ट, पिपलानी में पांचवें सुपर-12 बास्केटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभहुआ। उद्घाटन मुकाबले में भोपाल डिस्ट्रिक्ट ने आगा क्लब-ए को 72-52 अंकों से हराकर विजयी शुरूआत की। बालिका वर्ग में सेंट थॉमस, आरसीसी और हाई फ्लायर ने मुकाबले जीत लिए। टूनार्मेंट का उद्घाटन भेल के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) टी.यू. सिंह ने विश्वामित्र अवॉर्डी कोच मुख्तयार सिंह, शमेन्द्र वर्मा वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष वीना वर्मा की उपस्थिति में किया। प्रतियोगिता का आयोजन आगा क्लब के 1996 बैच के खिलाडियों द्वारा किया जा रहा है। बालक वर्ग में गत विजेता विदिशा-ए ने आगा क्लब-बी को 41-12 से और कार्मल रतनपुर ने विदिशा-बी को 50-20 से पराजित किया।













जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।